आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* दधीचि जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 247 | उज्जैन, शनिवार 19 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## कहीं दीप जले, कहीं दिल : भाजपा में अपनों की ही उपेक्षा?

# मोहन सरकार में वरिष्ठ भाजपाइयों की नाराजगी की चर्चाएं, अब उज्जैन महापौर प्रकरण ने बढ़ाई हलचल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्यप्रदेश की सत्ता में भाजपा की सरकार है, संगठन भी भाजपा का है और प्रदेश से लेकर दिल्ली तक पार्टी का मजबूत ढांचा मौजूद है। इसके बावजूद पिछले कुछ समय में पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों से जुड़े ऐसे घटनाक्रम सामने आए हैं, जिन्होंने भाजपा के भीतर सम्मान, संवाद और समन्वय को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

अब उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के रोड शो के दौरान रथ से उतारे जाने का मामला इसी कड़ी में चर्चा का नया विषय बन गया है। टटवाल का नाम रथ पर सवार होने वाली सूची में था, लेकिन कार्यक्रम के दौरान उन्हें नीचे उतार दिया गया। इसके बाद स्थानीय भाजपा में सुगबुगाहट तेज हो गई। महापौर ने इस घटना से आहत होकर 20 सितंबर को फ्रीगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के नीचे बैठने की घोषणा की है। उनके समर्थकों की बैठक भी हुई है। इसे महापौर ने केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि अपने संवैधानिक पद के सम्मान से जुड़ा विषय बताया है।

**सवाल एक घटना का नहीं, सिलसिले का-** उज्जैन की इस घटना ने भाजपा के भीतर पिछले कुछ समय से चल रही उन चर्चाओं को फिर सामने ला दिया है, जिनमें पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा सम्मान को लेकर सवाल उठते रहे हैं। सबसे चर्चित मामलों में से एक इसी वर्ष जुलाई में सामने आया, जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नाम से मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखा एक कथित पत्र सामने आया। मीडिया रिपोर्टों में उस पत्र के हवाले से विजयवर्गीय द्वारा लंबे समय से असहयोग और उपेक्षा मिलने की बात कही गई। हालांकि पत्र की प्रामाणिकता और पूरे संदर्भ को लेकर अलग-अलग राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आईं, इसलिए इसे सरकार के भीतर मतभेद का निर्विवाद प्रमाण मानना उचित नहीं होगा।



### नरोत्तम मिश्रा का टिकट प्रकरण भी चर्चा में





दूसरा मामला पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से जुड़ा है। 2026 के दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को प्रत्याशी बनाया। इसके बाद उनके समर्थकों के विरोध की खबरें सामने आईं। कैलाश विजयवर्गीय ने उस समय नरोत्तम मिश्रा को वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा था कि पार्टी के निर्णय का सम्मान किया जाएगा और नाराजगी को दूर करने की कोशिश होगी। बाद में मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री और नरोत्तम मिश्रा के बीच बैठक भी हुई। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से यह संदेश दिया गया कि पार्टी नरोत्तम मिश्रा के मार्गदर्शन में चुनाव लड़ेगी। यानी विवाद के बीच संगठन की ओर से डैमेज कंट्रोल का प्रयास भी हुआ।

### अब उज्जैन पर सबकी निगाह



मुकेश टटवाल प्रकरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वे उज्जैन के निर्वाचित महापौर हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में रथ से उतारे जाने की घटना के बाद अब उन्होंने 20 सितंबर को आंबेडकर प्रतिमा के नीचे बैठने की घोषणा की है। अब देखना यह है कि भाजपा संगठन इस मामले को किस तरह संभालता है। क्या महापौर और संगठन के बीच संवाद होगा? क्या घटना को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी? क्या मामला यहीं शांत हो जाएगा या फिर उज्जैन भाजपा की अंदरूनी राजनीति में इसका असर आगे तक दिखाई देगा? राजनीति में विरोधी से ज्यादा सवाल तब उठते हैं, जब सवाल अपने ही घर से उठने लगें। उज्जैन का महापौर प्रकरण अब इसी बड़े सवाल के बीच खड़ा है–क्या भाजपा में सरकार, संगठन और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और सम्मान की व्यवस्था उतनी ही मजबूत है, जितनी बाहर से दिखाई देती है? 20 सितंबर को महापौर का अगला कदम इस सवाल को और राजनीतिक बना सकता है। फिलहाल निगाहें उज्जैन पर हैं और इंतजार इस बात का है कि ऊंट किस करवट बैठता है।

### चिंतामणि मालवीय का मामला अलग रंग में



उज्जैन के पूर्व सांसद और आलोट से विधायक चिंतामणि मालवीय भी हाल के दिनों में अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। 11 सितंबर को खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे मालवीय ने प्रतिमा नहीं हटाने और जनभावनाओं के सम्मान की बात कही। यह सीधे तौर पर मोहन सरकार के खिलाफ बयान या व्यक्तिगत उपेक्षा का प्रमाण नहीं है, लेकिन उज्जैन में धार्मिक और विकास संबंधी मुद्दों पर भाजपा नेताओं के अलग-अलग रुख जरूर सामने आ रहे हैं। यही अंतर महत्वपूर्ण है। हर असहमति को अपमान कहना राजनीतिक रूप से आसान हो सकता है, लेकिन वास्तविक तस्वीर समझने के लिए प्रत्येक घटना के संदर्भ को अलग-अलग देखना जरूरी है।

### अपनों की आवाज भी सरकार तक नहीं पहुंच रही?





सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर भाजपा के ही जनप्रतिनिधि कई मुद्दों पर सरकार के सामने अपनी आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने लैंड पूलिंग और चौड़ीकरण को लेकर सवाल उठाए, वहीं सांसद अनिल फिरोजिया ने सिंहस्थ से जुड़े निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लगातार आवाज उठाई है। फिरोजिया ने उज्जैन-गरोठ और देवास-बदनावर फोरलेन के निर्माण में सामने आई गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उनकी शिकायत के बाद जांच दल उज्जैन पहुंचा और निर्माण की गुणवत्ता, फाउंडेशन, बैकफिलिंग व ड्रेनेज जैसी तकनीकी चीजों की जांच शुरू हुई।

### महापौर के कथित अपमान पर बैरवा समाज आक्रोशित

**राष्ट्रपति, पीएम और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच की मांग**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के रोड शो के दौरान महापौर मुकेश टटवाल को रथ से नीचे उतारे जाने का मामला अब राजनीतिक विवाद के साथ सामाजिक मुद्दा भी बनता जा रहा है। घटना को लेकर बैरवा समाज में आक्रोश है। बैरवा समाज एकता संगठन ने शुक्रवार को कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे घटनाक्रम की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

### मूंग खरीदी पर भी सामने आया था विरोधाभास



मूंग खरीदी के मुद्दे पर भी केंद्र और प्रदेश में भाजपा की ही सरकारों के बीच मतभेद सार्वजनिक हुए। किसान आंदोलन के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश में मूंग की खरीदी तेजी से कराने की मांग की। शिवराज ने खरीदी की धीमी गति पर सवाल उठाते हुए बताया कि केंद्र ने मध्यप्रदेश के लिए 4.54 लाख मीट्रिक टन का कोटा मंजूर किया है, जबकि 29 जुलाई तक करीब 60 हजार मीट्रिक टन ही खरीदी हो सकी थी। यानी मामला विपक्ष का नहीं, भाजपा की ही सरकारों और नेताओं के बीच समन्वय का सवाल बन गया था। किसानों के आंदोलन के बीच प्रदेश सरकार को खरीदी का दायरा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना पड़ा, हालांकि किसान संगठनों ने इसे पर्याप्त नहीं माना था।

## देश विदेश

### इंडिगो ने बढ़ाए चार्जेस, नवजात बच्चों पर भी महंगाई की मार

**नई दिल्ली।** अगर आप भी अक्सर हवाई सफर करते हैं, और खासतौर पर बजट एयरलाइंस इंडिगो से यात्रा करते हैं, तो यह खबर सीधे आपकी जेब पर असर डालने वाली है। इंडिगो एयरलाइंस ने घरेलू उड़ानों के लिए कई जरूरी और अतिरिक्त सेवाओं के शुल्कों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। एयरलाइंस द्वारा जारी किए गए नए नियमों के मुताबिक, अब नवजात बच्चों के टिकट से लेकर एक्स्ट्रा सामान ले जाने और बच्चों के अकेले सफर करने पर पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। नए नियमों के तहत, अब माता-पिता या किसी वयस्क के साथ सफर करने वाले नवजात बच्चों (3 दिन से लेकर 2 साल तक के बच्चे) के लिए डोमेस्टिक फ्लाइट्स में 3 हजार रुपये का शुल्क देना होगा।

### निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिद्वार।** निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली ने शुक्रवार को हरिद्वार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब 19 साल जेल में रहने के बाद नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट से आखिरी मामले में बरी होकर वह बाहर आया था। वह हरिद्वार के उत्तरी क्षेत्र भूपतवाला में मंदिर के सामने चाय की दुकान में फंदे से लटका मिला। प्रारंभिक जांच में सुसाइड की वजह पारिवारिक क्लेश बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि तीन दिन पहले उसने चाय की दुकान खोली थी। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दुकान से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि साल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने निठारी कांड के दोषी सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया था।

### राहुल गांधी को अपनी पार्टी के बारे नहीं पता, वो कुछ पढ़ते-लिखते नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी का सिंबल फ्रीज क्या किया, राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर एक्स पोस्ट किया और बीजेपी के साथ-साथ चुनाव आयोग पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता के इस कमेंट पर केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी कहा कि राहुल गांधी को न समाज के बारे में कुछ पता है, न ही देश की संस्कृति के बारे में कुछ पता है और न ही धर्म के बारे में कुछ पता है। हालांकि, आज उन्होंने अजीब ट्वीट किया है। उन्होंने जिन पार्टियों का नाम लिया है वो पार्टियां कौन हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने आज एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा- पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस।

### जगद्गुरु सतीशाचार्य महाराज से आमिर खान मिले



**दोनों की मुलाकात के बाद महाभारत प्रोजेक्ट चर्चा में आया**

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान हाल ही में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य महाराज से मिले। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच काफी देर बातचीत हुई। आमिर ने आध्यात्मिक गुरु के प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया। जगद्गुरु महाराज की सोशल मीडिया टीम ने आमिर के साथ मुलाकात का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'जब आध्यात्म और सिनेमा जगत की दो प्रमुख हस्तियां एक साथ आईं।' टीम के अनुसार, आमिर ने जगद्गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया और उनसे बातचीत की। वीडियो में आमिर हल्के नीले और सफेद रंग का कुर्ता और काला पजामा पहने नजर आए। वह जगद्गुरु महाराज के पास जाते, उनसे हाथ मिलाते और गर्मजोशी से गले मिलते दिखे। आध्यात्मिक गुरु की बातें सुनते हुए आमिर काफी प्रभावित नजर आए। मुलाकात के बाद पैपराजी में भी यह उत्सुकता दिखी कि क्या दोनों मिलकर कुछ करने की योजना बना रहे हैं। एक पैपराजी ने जगद्गुरु महाराज से पूछा, 'क्या होने वाला है? कोई कार्यक्रम है?' इस पर जगद्गुरु महाराज ने कहा कि उन्हें वहां जाना होगा जहां 'धर्म' उन्हें बुलाएगा, क्योंकि अभी गणेश महोत्सव का जश्न चल रहा है। यह पहली बार नहीं है जब आमिर खान जगद्गुरु सतीशाचार्य महाराज से मिले हैं।

### नैनो न्यूज

- **पंजाब :** पूर्व केंद्रीय मंत्री के काफिले पर हमला, कार के शीशे तोड़े, अंडे-टमाटर फेंके, बिट्टू का आप समर्थकों पर आरोप, बीजेपी की नशामुक्त यात्रा में जा रहे थे।
- **नई दिल्ली :** टाटा संस में टाटा परिवार की ही नहीं चली, नोएल का वीटो खारिज, चंद्रशेखरन अपने ही वोट से फिर चेयरमैन बने।
- **कोलकाता :** ममता बनर्जी की पार्टी अब ममता टीएमसी, सिंबल फुटबॉल प्लेयर होगा, बागी गुट डेमोक्रेटिक टीएमसी कहलाएगा।
- **भोपाल :** 16 अक्टूबर से प्रदेश में बदलेगी व्यवस्था पेट्रोल पंपों पर 2 हजार से ज्यादा का यूपीआई पेमेंट नहीं होगा मंजूर।
- **तेहरान :** अमेरिका से जंग के बावजूद न्यूयॉर्क जाएंगे ईरानी राष्ट्रपति, यूएस वीजा मिला, संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगे, उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हो सकती।
- **अमेरिका :** सिख ट्रक ड्राइवर को 17 बार चाकू मारा: हमले से कुछ दिन पहले ट्रम्प के मंत्रालय ने मिस्टर सिंह वाला पोस्ट किया था।
- **नई दिल्ली:** एअर इंडिया एक्सप्रेस के 8 क्रू सस्पेंड, इनमें 4 पायलट, तय समय में एल्कोहल टेस्ट नहीं कराया

**सेवाज्ञ संस्थानम की छठवी युवा धर्म संसद में शामिल हुए देश के 25 राज्यों से आए 1600 से अधिक युवा**

# हमारे संस्कारों में धर्म इतना गहरा कि कर्त्तव्य हमें धर्म की और ले जाता है- मोहन भागवत

**संघ सुप्रीमो ने युवाओं से संवाद की भाषा में शास्त्रोक्त उदृत श्लोकों, कथानकों एवं महाभारत सहित अन्य दृष्टांत से समझाया**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



छठवी युवा धर्म संसद का आयोजन शुक्रवार को यहां गीता भवन में किया गया। निर्धारित समय से करीब 2 घंटे विलंब से शुरू हुए सम्मेलन का आयोजन सेवाज्ञ संस्थानम के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन राव भागवत ने कहा कि भारत के संस्कारों में धर्म इतना गहरा है कि हम चाहे कुछ भी कहें, हमारा कर्तव्य हमें धर्म की ओर ले जाता है। इसलिए भारत के युवाओं को शक्तिशाली, विद्यावान और धनवान बनना चाहिए, लेकिन शक्ति का उपयोग दूसरों को दबाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और विश्व के कल्याण के लिए होना चाहिए।

उन्होंने युवाओं को अपने संबोधन में शास्त्रोक्त उदृत श्लोकों, कथानकों एवं महाभारत सहित अन्य दृष्टांत बीच-बीच में देकर समझाते हुए कहा कि यदि धर्म बुद्धि है तो शक्ति का उपयोग ज्ञान और कल्याण के लिए होगा। यदि अधर्म बुद्धि है तो विद्या विवाद के लिए, धन अहंकार के लिए और शक्ति दुर्बलों को दबाने के लिए इस्तेमाल होगी।

उन्होंने कहा कि धर्म मनुष्य में शील पैदा करता है। भारत के युवाओं का जीवन भारत के जीवन को बनाने वाला धर्म बने। भारत के युवा भौतिक और आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में उन्नति करें। वे पूरे विश्व में यशस्वी बनें, लेकिन केवल यशस्वी नहीं–सार्थक भी बनें। धर्म का व्यवहारिक रूप,धर्म केवल बड़े-बड़े सिद्धांतों की बात नहीं है। हम कुछ खाते हैं और वहां कचरा नहीं करते–यह भी धर्म है। हम यातायात के नियमों का पालन करते हैं–यह भी धर्म है। हमने अपनी प्रकृति और परंपरा के अनुसार जो उपासना चुनी है, उसमें निष्ठावान रहते हैं और दूसरों की उपासना का भी सम्मान करते हैं–यह भी धर्म है।

**(संघ प्रमुख का युवा संवाद पेज नं.11 पर शब्दशः पढ़ें)**

### राहुल गांधी आज दोपहर 1.30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के भारत जोड़ो मैदान में होने वाले राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजकों ने युवाओं और छात्रों की एंट्री से लेकर सुरक्षा तक के लिए कई नियम जारी किए हैं। ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के अनुसार, कार्यक्रम में शामिल होने वालों को फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा और एंट्री गेट पर अपना रजिस्ट्रेशन लिंक दिखाना होगा। छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए डोम लगाया जा चुका है और मंच पूरी तरह तैयार है। मैदान में पोस्टर लगाए गए हैं। 250 कांग्रेस नेताओं के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की गई है। मंच पर साउंड की टेस्टिंग भी हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन के लिए बाहर काउंटर बनाया गया है, जबकि एंट्री गेट बनाने का काम जारी है। राहुल गांधी दोपहर 1.30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे होटल रेडिसन पहुंचेंगे। शाम 6 बजे होटल से रवाना होंगे और शाम 6.45 बजे रीजनल पार्क स्थित सभा स्थल पहुंचेंगे। रात 8 बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना होने का संभावित कार्यक्रम है। मंच के मुख्य पोस्टर पर घोटालों का घेरा है, तभी भविष्य अंधेरा है लिखा गया है। इसके अलावा मंच के दोनों ओर छात्रों की समस्याओं से जुड़े बैनर लगाए गए हैं।

### बंगाल में नंदीग्राम उपचुनाव से हटीं ममता बनर्जी की प्रत्याशी

**एजेंसी ▶▶ नंदीग्राम**

पश्चिम बंगाल उपचुनाव से 18 दिन पहले ममता गुट की कैंडिडेट संचिता प्रधान डे ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इसके बाद ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे अब नंदीग्राम सीट से कांग्रेस कैंडिडेट को समर्थन देंगी। संचिता ने इससे पहले बंगाल सीएम शुभेंदु से मुलाकात की थी। ममता ने संचिता को नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाया था। हालांकि रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी मैदान में बने रहेंगे। ममता ने 13 सितंबर को दोनों कैंडीडेट के नामों की घोषणा की थी। नंदीग्राम सीट मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने खाली की थी।

### 7 सीनियर पुलिस अफसरों को मिला 2016 आईपीएस कैडर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एमपी राज्य पुलिस सेवा के 1998 बैच के 7 वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति का वर्ष (कैडर वर्ष) तय कर दिया है। 27 वर्षों के लंबे सेवाकाल के बाद इन सभी अधिकारियों को आईपीएस 2016 बैच आवंटित किया गया है। आईपीएस सीनियारिटी रूल्स 1988 के तहत 27 साल से अधिक की सेवा पर अधिकतम 9 वर्ष का वेटेज दिया जाता है। इसी नियमावली के तहत गणना वर्ष (2025) में से 9 साल घटाकर इन अफसरों को 2016 का बैच मिला है। गृह मंत्रालय के आदेशानुसार, यह सभी अफसर 2016 बैच के प्रमोटेड आईपीएस राजेंद्र कुमार वर्मा के ठीक नीचे और 2017 बैच के सीनियर आईपीएस अंकित जायसवाल के ठीक ऊपर रहेंगे।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में 16 की मौत

**आतंकी विस्फोटक से भरी गाड़ी लेकर टकराया, इस साल हमलों में 1 हजार से ज्यादा मौतें**

**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार की नमाज के दौरान मस्जिद के पास धमाका हुआ। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में 5 पुलिसकर्मी और 11 आम नागरिक शामिल हैं।

धमाका इतना भीषण था कि मस्जिद के बाहर का हिस्सा पूरी तरह टूट गया। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में सामने आया है कि पुराने पुलिस लाइंस के गेट पर विस्फोटक से भरी एक गाड़ी टकराई थी। पाकिस्तान में जनवरी से अब तक 990 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इनमें 1,129 लोगों की मौत हो चुकी है।

घटना के बाद पुलिस और हमलावरों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार, धमाके के बाद 7 आतंकियों ने पुलिस लाइंस परिसर में घुसने की कोशिश की थी। 6 आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें एक आत्मघाती हमलावर भी शामिल है। हमले की जिम्मेदारी इत्तेहाद-उल-मुजाहिदीन पाकिस्तान नाम के आतंकी गठबंधन ने ली है। यह संगठन पिछले साल बना था और इसमें पाकिस्तान के कई उग्रवादी गुट शामिल हैं।



### पाक में इस साल आतंकी घटनाओं में आई तेजी

पाकिस्तान में इस साल आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज के मुताबिक, जनवरी से अगस्त 2026 तक पूरे पाकिस्तान में 990 मिलिटेंट हमले दर्ज किए गए। इनमें 1126 लोगों की जान चली गई। अगस्त में सबसे ज्यादा 199, जबकि जुलाई में 144 हमले दर्ज किए गए थे। यानी एक महीने में 38% बढ़ोतरी। इनमें अगस्त में 158 लोगों की मौत हुई, जबकि जुलाई में हमलों से जुड़ी 268 मौतें दर्ज की गई थीं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### बीजेपी अध्यक्ष नवीन और सीएम यादव का कायस्थ समाज ने किया अभिनंदन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रथम बार बाबा महाकाल की नगरी पहुंचे विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का कायस्थ समाज द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। सदावल स्थित हवाई पट्टी पर चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्याय ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने समाज की ओर से नितिन नवीन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मोतियों की माला और केसरिया दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान कायस्थ समाज द्वारा नितिन नवीन को भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर भेंट की गई। मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने उन्हें भगवान चित्रगुप्त मंदिर के दर्शन करने का मौखिक आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्लान श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव और पीसी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

- नयापुरा में कल गूंजेंगे आदिनाथ प्रभु के जयकारे, चांदी की पालकी में निकलेगी भव्य रथयात्रा, आदेश्वर-चंद्रप्रभु चारथुई श्रीसंघ का आयोजन, चंद्रप्रभु मंदिर से सुबह 8 बजे निकलेगी यात्रा, होगा तपस्वियों का बहुमान
- कबीर साहेब पर टिप्पणी करने वाले मनु भैया का कड़ा विरोध, माफी न मांगने पर होगी कानूनी कार्रवाई, अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की बैठक में उठी मांग, हिमाचल प्रदेश राज्य समिति का भी हुआ गठन
- महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंदजी गिरी महाराज ने 120 किलोवाट चार्जिंग मशीन का किया शुभारंभ, जुना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अवधेशानंदजी गिरी महाराज दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उज्जैन पहुंचे।
- महाकाल की नगरी में पधारे भारत माता मंदिर के प्रमुख एवं जुना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी डॉ अवधेशानंदजी गिरी महाराज का उज्जैन आगमन पर बोहरा समाज के हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी, खोजेमा प्रेस वाला एवं मोइजदीन लड्डावाला ने पुष्प गुच्छ तथा शाल पहनाकर इस्तकबाल किया।
- मातृशक्ति को समाज से जोड़ने पांचाल समाज में युवा महिला मंच गठित, तुलसी पांचाल अध्यक्ष नियुक्त, विश्वकर्मा पूजन समारोह में महिला मंडल ने की घोषणा, साफा और दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत, वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों के सुझाव पर यह निर्णय लिया गया।
- तिलक मंदिर में गणेशोत्सव की धूम, भस्म रमैया भक्त मंडल ने दी निशुल्क प्रस्तुति, गुरुवार को महाआरती, आज सजेगी अंताक्षरी की महफिल, क्षीरसागर स्थित महाराष्ट्र समाज तिलक स्मृति मंदिर में गणेश उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिप्रा तट रामघाट पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से सदावल स्थित नवनिर्मित हेलीपैड पर उतरे।
- कर्ज में डूबी सरकार ने लुटाया खजाना, दीपोत्सव बना हादसों का कारण, रवि राय का तीखा प्रहारः एक कर्मचारी की मौत और बटुक के झुलसने के लिए आयोजन को ठहराया जिम्मेदार
- वक्तृत्व क्षेत्र में 24 राज्यों के विद्यार्थियों के बीच उज्जैन के एकमात्र छात्र ने लहराया परचम, जयपुर में आयोजित भारतीय युवा संसद में माधव साइंस कॉलेज के छात्र राज भोगे ने वक्तृत्व के क्षेत्र में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।
- लोकतंत्र संवाद परिचर्चा का आयोजन आज, ऑक्सफोर्ड परिवार उज्जैन द्वारा 19 सितंबर 2026 को विद्यालय परिसर में लोकतंत्र संवाद-जनप्रतिनिधियों के साथ विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है।
- पीएम मोदी के जन्मदिन पर रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर, पुष्पा मिशन हॉस्पिटल में 30 से अधिक लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

## ट्रेंडिंग




# गणपति उत्सव की धूम, कई गणेश पंडालों पर रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## बच्चों की पसंद अनुसार चाइनीस आइटम मोमोज मंचूरियन, नूडल्स, पिज्जा, पास्ता व पावभाजी का भी भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में धूमधाम से गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। कई स्थानों पर गणेश जी की छोटी-बड़ी झांकिया लगाई जा रही है। कई गणेश पंडालों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और पूरे शहर में गणपति उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

**कंगालपुरा में विराजे भगवान गणेश जी के ऊपरी भाग में तिरुपति बालाजी भी विराजमान-** मालीपुरा क्षेत्र के कंगालपुरा में श्री कृष्णा युवा ग्रुप द्वारा 14 फीट ऊंची आकर्षक व सुंदर दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि उन्होंने गणेश प्रतिमा महाराष्ट्र के भुसावल से मंगवाकर विराजित की है जिसकी कीमत 71 हजार रुपए हैं तथा यहां विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमा के ऊपरी भाग में तिरुपति बालाजी भी विराजमान है और रोज सुबह शाम आरती कर भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया जा रहा है तथा आयोजकों ने आगे बताया कि आखिरी के चार-पांच दिनों में भगवान गणेश जी को अलग-अलग व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा साथ ही भगवान गणेश जी को जिस दिन जिस व्यंजन का भोग लगेगा उसकी माला बनाकर गणेश जी को वह माला भी पहनाई जाएगी तथा भोग लगाकर इन व्यंजनों को प्रसाद के रूप में सभी लोगों को वितरित किया जाएगा।

- **गजानंद ग्रुप के युवराज -** सांवेर रोड देशमुख हॉस्पिटल के समीप गजानंद ग्रुप मित्र मंडली द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेश उत्सव पर भगवान गणेश की विशाल व सुंदर प्रतिमा विराजित की गई है। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र में इस बार भी गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है इस बार भी पांडाल सजाकर 33 हजार रुपए कीमत की साढ़े आठ फीट की आकर्षक गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है गणेश जी के समीप ही रिद्धि सिद्धि भी विराजमान है आयोजकों ने आगे बताया कि 23 सितंबर को गणेश पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।
- **संतराम सिंधी कॉलोनी गली नंबर 5 में गणेश जी लालबाग के राजा के स्वरूप में-** संतराम सिंधी कॉलोनी गली नंबर 5 में पवार मित्र मंडली द्वारा राजस्थानी कलाकारों द्वारा बनाई गई गणेश जी की सुंदर व आकर्षक प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने 40 हजार रुपए कीमत की आकर्षक व सुंदर प्रतिमा विराजित की है और प्रतिदिन आरती के पश्चात गणेश पंडाल में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं आयोजकों ने आगे बताया कि यहां विराजित मूर्ति लाल बाग के राजा के स्वरूप में है तथा आने वाले दिनों में गणेश जी के पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।
- **संतराम सिंधी कॉलोनी में विराजे बाल गणेश बने आकर्षण का केंद्र -** श्री उमापुत्र मित्र मंडल द्वारा संतराम सिंधी कॉलोनी में डेढ़ लाख रुपए कीमत की गणेश जी की विशाल व सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित भगवान गणेश बाल गणेश के स्वरूप में है और इस प्रतिमा की खास बात यह है कि भगवान गणेश एक पैर पर अपना संतुलन बनाकर खड़े हुए हैं। इसके साथ ही गणेश पंडाल को भी आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा पंडाल को जंगल का लुक दिया गया है और पंडाल की विशेष साज सज्जा कर लाइटिंग की गई है। यहां विराजित गणेश प्रतिमा व पंडाल की सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में सुबह शाम यहां गणेश पंडाल में बाल गणेश रूप में विराजे भगवान गणेश के दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 13 वर्षों से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं।



संतराम सिंधी कॉलोनी में पंवार मित्र मंडल



सांवेर रोड, गांधी नगर में मां वैष्णव गणेश मंडल



श्री उमा पुत्र मित्र मंडल के बाल गणेश



गढ़कालिका मंदिर के समीप गढ़ के युवराज की आकर्षक प्रतिमा



बहादुरगंज, खेड़ापति सरकार परिवार



सांवेर रोड पर गंजानंद ग्रुप के युवराज



भाट गली में जिद्दी ग्रुप के गणेश जी



नृसिंह घाट के समीप नरसिंह युवा मण्डल द्वारा स्थापित गणेश जी की प्रतिमा

### शास्त्री नगर में विराजे शास्त्री नगर के सम्राट

शास्त्री नगर में 1 लाख 25 हजार रुपए कीमत की 15 फीट ऊंची आकर्षक व सुंदर दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है यहां विराजमान गणेश जी शास्त्री नगर के सम्राट के नाम से जाने जाते हैं आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 17 वर्ष से शास्त्री नगर क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं इस बार भी उन्होंने बुरहानपुर से भगवान गणेश जी की सुंदर व आकर्षक चार हाथ वाली गणेश जी की प्रतिमा मंगवाकर विराजित की है आयोजकों ने आगे बताया कि 19 सितंबर को महा आरती तथा 23 सितंबर को 56 भोग और 24 सितंबर को महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



- **बहादुरगंज चौराहे पर विराजे खेड़ापति सरकार परिवार के गणेश जी-** बहादुरगंज चौराहे पर खेड़ापति सरकार परिवार द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपए कीमत की 16 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बनाया गया है आयोजकों ने बताया कि यहां विराजित गणेश प्रतिमा उन्होंने बुरहानपुर के कलाकारों से बनवाई है तथा गणेश जी के 6 हाथ है आयोजकों ने आगे बताया कि आने वाले दिनों में गणेश पंडाल में कई तरह के धार्मिक आयोजन होंगे साथ ही इस बार नई जनरेशन की पसंद को देखते हुए भगवान गणेश को चाइनीस आइटम जैसे मोमोज, मंचूरियन का भोग लगाकर इन आइटम को प्रसाद के रूप में वितरित की जाएगी। इसके साथ ही आलू बड़े और खीर का भी भोग लगाकर इन्हें प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।
- **भाटगली में जिद्दी ग्रुप के गणेश जी राजसी स्वरूप में-** बहादुरगंज भाट गली चौराहे पर जिद्दी ग्रुप द्वारा 52 हजार रुपए कीमत की 12 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ क्षेत्र में मनाया जा रहा है। यहां गणेश जी के पंडाल की विशेष सजावट की गई है। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में भगवान गणेश जी को चाइनीस आइटम, मंचूराम, सहित पिज्जा पावभाजी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित की जाएगी। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने आगे बताया यहां विराजित गणेश जी राजसी स्वरूप में है और यह प्रतिमा उन्होंने बुरहानपुर से मंगवाई है जो कि लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में सांवरिया जी से सांवरिया सेठ की हूबहू प्रतिमा मंगवाकर गणेश पंडाल में झांकी सजाकर विराजित की जाएगी और सांवरिया जी व गणेश जी का मिलन करवाया जाएगा तथा जिसका श्रद्धालु भी दर्शन लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही गणेश जी के विसर्जन के लिए प्रसिद्ध गजनी खेड़ी के बैंड बुलवाए जाएंगे और अनन्त चतुर्दशी पर भव्य जुलूस निकालकर विसर्जन किया जाएगा।



कंगालपुरा में श्री कृष्णा युवा ग्रुप

# तेल बचाने की नसीहत, दीयों में तेल की बौछार!

## एक तरफ रसोई में बचत का संदेश, दूसरी तरफ लाखों दीपों में तेल और राजनीति का खेल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

एक तरफ आम आदमी को खाने के तेल में बचत करने की नसीहत दी जाती है। महंगाई के दौर में हर बूंद की कीमत समझाई जाती है। दूसरी तरफ धार्मिक आयोजन के नाम पर लाखों दीपक जलाकर उनमें बड़ी मात्रा में तेल खपाया जाता है। सवाल यह नहीं कि दीपक क्यों जलाए गए, सवाल यह है कि संदेश क्या दिया जा रहा है?

आस्था के दीप जलें, इस पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती, लेकिन जब दीपों की संख्या लाखों में पहुंच जाए और आयोजन के साथ राजनीतिक प्रदर्शन का रंग भी दिखाई देने लगे, तब सवाल उठना स्वाभाविक है। एक ओर तेल की बचत की अपील और दूसरी ओर हजारों-लाखों दीपों में तेल की खपत-यह विरोधाभास आम आदमी को जरूर चुभता है।



आस्था अपनी जगह है और राजनीति अपनी जगह, लेकिन दोनों के बीच जब संसाधनों का ऐसा प्रदर्शन दिखाई देता है तो आम आदमी सोचने को मजबूर होता है कि बचत की सीख सिर्फ रसोई के लिए है या व्यवस्था और आयोजनों पर भी लागू होती है?

दीपक रोशनी का प्रतीक है। जरूरत इस बात की है कि उसकी लौ केवल घाटों को ही नहीं, बल्कि सोच को भी रोशन करे। वरना एक तरफ बचत का संदेश और दूसरी तरफ तेल से जगमगाते लाखों दीप-यह कैसा संदेश और किसके लिए?

# दीपोत्सव के बाद महाकाल परिसर में सुबह से सफाई का दौर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दीपोत्सव के तहत बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए जाने के बाद सुबह होते ही श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सफाई का दौर शुरू हो गया। दीपों से निकली सामग्री, जले हुए दीपक, तेल से सने स्थान और अन्य अवशेषों को हटाने के लिए सफाईकर्मी जुटे रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच परिसर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने के लिए सुबह से ही कर्मचारी सफाई कार्य में लगे नजर आए। दीपोत्सव में आस्था और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में दीप जलाए गए, लेकिन आयोजन समाप्त होने के बाद इन्हें समेटने और परिसर को पूर्व स्थिति में लाने की जिम्मेदारी भी सामने आई। मंदिर परिसर में सुबह से सफाईकर्मियों की गतिविधियां जारी रहीं।



# खेत पर गाय चरा रहे अधेड़ पर तेंदुए का हमला, गंभीर घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देवास के नेवरी से लगे हुए हाटपिपल्या तहसील के ग्राम रोजड़ी में खेत पर गाय चरा रहे रहे 55 वर्षीय अजय पाल राजपूत पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में अजपल राजपूत गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनके अनुसार तेंदुआ उनकी छाती पर बैठ गया था। आसपास के ग्रामीणों के आने एवं हल्ला होने से तेंदुआ उन्हें छोडकर जंगल की और भाग गया। घटना के बाद परिजन उन्हें घायल अवस्था में देवास जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल ग्रामीण को महात्मागांधी जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार घायल के शरीर पर 7-8 घाव हैं जो सामान्य हैं कोई गंभीर नहीं है चिंता की कोई बात नहीं है। मरीज की हालत पूरी तरह से ठीक है। वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी भूपेन्द्र सोलंकी के अनुसार वे भोपाल मिटिंग में थे और उन्हें रोजडी में तेंदुआ के ग्रामीण पर हमले की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने स्टाफ को तत्काल ही सूचना की तस्दीक करने एवं घायल ग्रामीण को उपचार के साथ राहत राशि देने के लिए भेजा था। बकौल श्री सोलंकी घायल ग्रामीण का खेत नेवरी वन विभाग बीट से लगा हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पूर्व में भी यहां तेंदुआ आने पर ढोंडी पिटवाकर ग्रामीणों को सजग किया गया था। कुछ समय पूर्व पास से ही कुए में गिरे तेंदुआ को निकाला गया था।

# शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

## वृंदावन धाम कॉलोनी में कीचड़-गंदगी से रहवासी परेशान, नालियों से होकर शिप्रा में पहुंच रहा गंदा पानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वृंदावन धाम कॉलोनी में व्याप्त गंदगी और जल निकासी की समस्या को लेकर रहवासी लंबे समय से परेशान हैं। रहवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन से लेकर महापौर, कलेक्टर और वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद तक कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।





रहवासी ललित खत्री ने बताया कि कॉलोनी में खाली प्लॉटों और आसपास जमा गंदे पानी के कारण जगह-जगह कीचड़ और गंदगी फैल रही है। बारिश के बाद स्थिति और खराब हो जाती है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी नालियों के माध्यम से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि कॉलोनी के समीप ही शिप्रा नदी होने के कारण नालियों से बहकर निकलने वाला गंदा पानी नदी तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में एक ओर शहर में शिप्रा को स्वच्छ रखने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रहवासी क्षेत्र का गंदा पानी नदी में पहुंचने की स्थिति चिंता का विषय है।

रहवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से समस्या का स्थायी निराकरण नहीं किया गया। उनका सवाल है कि जब शिकायतें सीएम हेल्पलाइन से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच चुकी हैं, तो आखिर कार्रवाई कब होगी?

**शिकायतें कई, समाधान एक भी नहीं-** वृंदावन धाम कॉलोनी के रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, खाली प्लॉटों में जमा गंदगी और पानी की समस्या दूर कराई जाए तथा नालियों के गंदे पानी को शिप्रा नदी में जाने से रोका जाए।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 19 सितंबर, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर जिले में प्रज्वलित किये गये लगभग 8 लाख दीए

**इंदौर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर इंदौर जिले में लगभग 8 लाख दीप प्रज्वलित किये गये। इंदौर शहर में लगभग 3 तीन लाख दीए और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 5 लाख दीए प्रज्वलित किये गये। इस अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा क्षेत्र में ह्यआशीर्वाद का दीयाह्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए लगभग सवा लाख दीप प्रज्वलित किए। दीपों की रोशनी से जगमगाता राजवाड़ा क्षेत्र आकर्षण का केंद्र रहा।

### स्व. गीतादेवी नागर स्मृति भाषण प्रतियोगिता आज

**खिलचीपुर (राजगढ़)।** नगर की प्रथम महिला शिक्षिका स्व. गीतादेवी नागर की स्मृति में प्रतिवर्ष होने वाली भाषण स्पर्धा दिनांक 26 सित. 26 को . बालक (उत्कृष्ट) उ.मा.वि. / मॉडल स्कूल, सोमवारिया में मध्यांतर-अवकाश के बाद होगी। भाषण का विषय विकसित भारत : 2047 होगा। संयोजक चंद्रप्रकाश नागर ने बताया कि प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों के लिए होगी। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त श्रेष्ठ छात्र-वक्ताओं को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सी.एल. दांगी पुरस्कृत कर स्मृति चिन्ह तथा सभी प्रतिभागी वक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है, कि तीन वर्ष पूर्व स्व. गीतादेवी नागर के जन्म-शताब्दी वर्ष से प्रतिवर्ष नगर की विभिन्न शालाओं में निबंध, भाषण-स्पधाओं का आयोजन होता आ रहा है। गत वर्ष प्रसिद्ध जीवन प्रबन्धन गुरु पं. विजयशंकर मेहता का व्याख्यान आयोजित हुआ था।

### कोर्ट ने रद्द किया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**इंदौर।** अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत मालवीय की कोर्ट ने एक पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए विचारण न्यायालय द्वारा धारा 175(3) (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के तहत पुलिस को प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के दिए गए आदेश को निरस्त कर दिया है। यह मामला अयोध्या गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित की ग्राम छोटा बांगड़दा (इंदौर) स्थित भूमि पर मल्टी-स्टोरी फ्लैट निर्माण में कथित धोखाधड़ी और कूटरचित (फर्जी) हस्ताक्षर के आरोपों से जुड़ा है। संस्था की सदस्या शांता झंवर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए विचारण न्यायालय ने गत 31 अगस्त 2026 को थाना एरोड्रम को मामला दर्ज कर जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के विरुद्ध संस्था के उपाध्यक्ष कैलाशचंद जाखेटिया ने सत्र न्यायालय में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत विविध गतिविधियां




**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश के साथ इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों में भी सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ व्यापक जनभागीदारी के साथ हुआ। अभियान के अंतर्गत रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांगजन सहायता, महिला सशक्तिकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने सहित विभिन्न जनसेवा गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। झाबुआ जिले में अभियान के शुभारंभ अवसर पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 7 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा 4 लाख 62 हजार हितग्राही परिवारों के घरों में एक साथ दीप जलाए गए। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड में न्यूनतम 500 दीप प्रज्वलित किए गए, जबकि लगभग 900 सार्वजनिक स्थलों पर भी आयोजन हुआ। 100 प्रमुख स्थानों पर विशेष लाइटिंग तथा 50 चिन्हित स्थलों पर विशेष दीप प्रज्वलन किया गया। जिले के 11 आइकॉनिक स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ, जहां एक साथ 10 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। झाबुआ में नमो युवा शक्ति कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 300 महिलाओं तथा युवतियों ने सहभागिता की। महिलाओं ने आजीविका एवं आत्मनिर्भरता के अनुभव साझा किए। कबड्डी, खो-खो एवं चेयर रेस सहित खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## नैनो न्यूज

- **देवास – सतवास हत्याकांड का खुलासा-** सतवास में हुई हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा किया। दो नाबालिगों ने चेन लूटने के इरादे से वारदात की थी।
- **शाजापुर – सोने के भाव में बदलाव-** शाजापुर में 18 सितंबर को सोने के ताजा भाव जारी हुए। सराफा बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव पर कारोबारियों की नजर बनी हुई है।
- **सुसनेर – दूध विक्रेताओं की हड़ताल-** सुसनेर में दूध विक्रेताओं ने खरीद दर 60 से बढ़ाकर 100 रुपए लीटर करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की।
- **रतलाम – एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तारी-** जावरा पुलिस ने बेगमपुरा रोड पर कार्रवाई कर 6.7 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।
- **मंदसौर – संपत्ति विवाद में हत्या-** मंदसौर में करीब 30 लाख रुपए के मकान विवाद में 32 वर्षीय व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा।
- **आगर – पेट्रोल भाव स्थिर-** आगर-मालवा में 18 सितंबर को पेट्रोल 115.85 रुपए लीटर रहा। पिछले कई महीनों से कीमत में कोई बदलाव दर्ज नहीं हुआ।

### हर छोटी परेशानी के लिए आंदोलन क्यों? एक ही गली में चार घरों में पानी, आसपास के लोग परेशान

# 3 माह से नियमित जलप्रदाय नहीं, एक माह से बंद होने का आरोप

### कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या बताई गई और पीएचई में भी शिकायत की गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर में मूलभूत सुविधाओं को लेकर रहवासियों को बार-बार आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। कभी जलप्रदाय, कभी सफाई तो कभी सड़क और नालियों की समस्या को लेकर नागरिकों को अपनी आवाज उठानी पड़ती है। अब पांड्याखेड़ी क्षेत्र में जलप्रदाय की समस्या को लेकर भी आंदोलन की नौबत आ गई है।

पांड्याखेड़ी निवासी श्री विश्वकर्मा ने बताया कि क्षेत्र में करीब तीन महीने से नियमित जलप्रदाय नहीं हो रहा था। धीरे-धीरे स्थिति ऐसी हो गई कि पिछले करीब एक महीने से जलप्रदाय पूरी तरह बंद है। समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन शिकायत निराकृत होने के बजाय खारिज कर दी गई। रहवासी सवाल कर रहे हैं कि जब शिकायतों के बाद भी पानी नहीं मिल रहा तो आखिर वे करें तो क्या करें? श्री विश्वकर्मा के अनुसार पांड्याखेड़ी में स्थिति की विचित्रता यह है कि एक ही गली में चार घर ऐसे हैं, जहां बिना मोटर के भी जलप्रदाय हो रहा है। इन परिवारों को टैंकर बुलाने की जरूरत तक नहीं पड़ती, जबकि आसपास की चार-पांच गलियों में लोग पानी के लिए परेशान हैं। उनका कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या बताई गई और पीएचई में भी शिकायत की गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। रहवासियों का कहना है कि समस्या की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सर्वे होना चाहिए, लेकिन सर्वे के लिए कोई मौके पर पहुंचता ही नहीं। शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद यदि

#### छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए आंदोलन क्यों?

रहवासियों का सवाल है कि पेयजल, सफाई, नालियों और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी यदि नागरिकों को आंदोलन करना पड़े तो व्यवस्था की जवाबदेही किसकी है? शहर में एक के बाद एक समस्याओं को लेकर आंदोलन होना यह संकेत देता है कि शिकायतों के समाधान की व्यवस्था को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि उज्जैन को केवल नाम से सुविधायुक्त शहर बताने से काम नहीं चलेगा। नागरिकों को पानी, सफाई, सुरक्षित वातावरण और अन्य मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से मिलनी चाहिए। उनका कहना है कि व्यवस्था कब जागेगी और पांड्याखेड़ी के लोगों को नियमित जलप्रदाय कब मिलेगा, यह अब सबसे बड़ा सवाल है।

#### नालियां भरीं, कचरा भी समस्या

श्री विश्वकर्मा ने केवल जलप्रदाय ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि नालियां भरी पड़ी हैं और कचरा भी नियमित रूप से साफ नहीं होता। ऐसे में शहर को बेहतर सुविधाओं वाला और व्यवस्थित शहर बनाने के दावों पर भी सवाल खड़े होते हैं। उनका कहना है कि नागरिक शिकायतें करते हैं, विभागों में आवेदन देते हैं, पीएचई में शिकायत दर्ज कराते हैं और अपनी समस्या अधिकारियों तक पहुंचाते हैं, लेकिन जब कहीं से समाधान नहीं मिलता तो क्या नागरिकों के पास आंदोलन के अलावा कोई रास्ता बचता है?

### कूनो में चीता प्रोजेक्ट की बड़ी खुशखबरी

# भारत में जन्मी मादा चीता ने चार शावकों को दिया जन्म

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ श्योपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम 'प्रोजेक्ट चीता' ने सफलता के 4 साल पूरे कर लिए हैं। इस जश्न के बीच मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी और ऐतिहासिक खुशखबरी सामने आई है।

भारत की धरती पर जन्मी मादा चीता केजीपी 12 ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। इस नए जन्म के साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 56 हो गई है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि चीते अब भारतीय जलवायु और जंगलों में पूरी तरह से रच-बस गए हैं। शावकों के जन्म की आधिकारिक जानकारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए लिखा, 4 साल, 4 नई जिंदगियां - प्रोजेक्ट चीता के लिए यह उम्मीद और सफलता का प्रतीक है।

#### भारत में दूसरी पीढ़ी की शुरूआत

मादा चीता केजीपी 12 का खुले जंगल में मां बनना इस प्रोजेक्ट की एक बहुत बड़ी कामयाबी है। केजीपी 2 दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता 'गामिनी' की बेटी है। गामिनी भारत में शावकों को जन्म देने वाली पहली चीता थी। अब उसकी बेटी द्वारा शावकों को जन्म देना यह साबित करता है कि यह प्रोजेक्ट अब विदेशों से चीते 'लाने' के शुरूआती चरण से आगे बढ़कर भारत में उनके 'बसने और बढ़ने' के प्राकृतिक दौर में सफलतापूर्वक प्रवेश कर चुका है।

#### केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने साझा की जानकारी



शावकों के जन्म की जानकारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए लिखा, 4 साल, 4 नई जिंदगियां – प्रोजेक्ट चीता के लिए यह उम्मीद और सफलता का प्रतीक है। केजीपी-12 दक्षिण अफ्रीका से भारत लाई गई मादा चीता गामिनी की बेटी है। गामिनी भारत में शावकों को जन्म देने वाली पहली चीता थी। अब उसकी बेटी ने भी कूनो में शावकों को जन्म देकर इस परियोजना की अगली पीढ़ी की शुरूआत की है। इसे इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि प्रोजेक्ट चीता अब केवल दूसरे देशों से चीते लाकर भारत में बसाने तक सीमित नहीं है। कूनो में जन्मी चीता की अगली पीढ़ी का खुले जंगल में प्रजनन करना इस बात का संकेत है कि यहां चीता आबादी के प्राकृतिक विस्तार की प्रक्रिया सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है।

भारत में चीतों को फिर से बसाने की योजना के तहत 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से आठ चीतों की पहली खेप कूनो लाई गई थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से भी चीते भारत पहुंचे। चार साल बाद कूनो में चीता आबादी के साथ भारत में जन्मे चीतों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब 56 चीते हैं। इनमें 36 का जन्म भारत में हुआ है। वर्तमान में 53 चीते कूनो नेशनल पार्क में हैं, जबकि तीन चीते मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में रखे गए हैं।

#### चार साल में आयात से प्राकृतिक बढ़ोतरी तक

प्रोजेक्ट चीता की शुरूआत विदेशी चीतों को भारत लाकर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने से हुई थी। अब कूनो के जंगल में जन्मी दूसरी पीढ़ी का आगे प्रजनन करना इस परियोजना के अगले चरण की तस्वीर पेश कर रहा है। चार नए शावकों के जन्म के साथ कूनो में चीता संरक्षण की कहानी में एक और अहम अध्याय जुड़ गया है।

## शिप्रा में डूब रहे श्रद्धालु को तैराक दल ने बचाया

### सिद्धाश्रम घाट पर स्नान के दौरान हुआ हादसा, तीन तैराकों ने सुरक्षित बाहर निकाला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

माँ शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति द्वारा रामघाट एवं आसपास के घाटों पर निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दी जा रही हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान और देव दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी दौरान शुक्रवार को सिद्धाश्रम घाट पर स्नान कर रहे होशंगाबाद निवासी नीलेश करोसिया अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

श्रद्धालु को डूबता देख मौके पर मौजूद माँ शिप्रा तैराक दल के राकेश गोंड, भोला कहार और राज कहार ने तत्काल नदी में छलांग लगाई। तीनों तैराकों ने प्रयास कर नीलेश करोसिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते हुई मदद से उनकी जान बच गई। माँ शिप्रा तैराक दल के सचिव संतोष सोलकी ने बताया कि समिति के सदस्य घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगातार निःस्वार्थ सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि नदी में स्नान करते समय गहरे पानी की ओर न जाएं और सुरक्षा व्यवस्था के निर्देशों का पालन करें।

### कहीं दीप जले कहीं दिल...

# वीआईपी आवाजाही में फंसी आम जनता

### कार्तिक मेला ग्राउंड पर पुलिस और लोगों में जबरदस्त बहस, घंटों जाम में फंसे रहे वाहन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

वीआईपी लोगों की आवाजाही के दौरान आम जनता को रोकने की व्यवस्था गुरुवार रात लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। कार्तिक मेला ग्राउंड क्षेत्र में वीआईपी मूवमेंट के चलते पुलिस ने यातायात को रोक दिया, जिसके कारण देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी देर तक जाम में फंसे लोगों का सब्र जवाब दे गया और पुलिसकर्मियों से उनकी जबरदस्त बहस होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीआईपी वाहनों के आने-जाने के दौरान आम लोगों को रास्ते पर रोक दिया गया। काफी समय तक रास्ता नहीं खुलने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कतार लगती चली गई। लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परेशान होते रहे। जाम में फंसे लोगों का कहना था कि वीआईपी आवाजाही के लिए आम जनता को घंटों परेशान करना उचित नहीं है।

स्थिति यह रही कि कुछ लोग पुलिसकर्मियों से यह कहते नजर आए कि यदि वीआईपी के लिए रास्ता रोकना जरूरी है तो यातायात को व्यवस्थित तरीके से डायवर्ट किया जाए, ताकि आम लोगों को घंटों जाम में न फंसना पड़े। बहस के चलते मौके पर काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

#### वीआईपी के लिए रास्ता साफ, आम जनता के हिस्से में जाम



शहर में लगातार बढ़ रहे आयोजनों और वीआईपी आवाजाही के बीच यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वीआईपी मूवमेंट के दौरान कुछ समय के लिए यातायात रोकना सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा हो सकता है, लेकिन आम जनता को लंबे समय तक जाम में फंसे रहने से बचाने के लिए वैकल्पिक मार्ग और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन की जरूरत साफ नजर आई।

## थानों की रैंकिंग में चंदन नगर का डंका, सराफा सबसे नीचे

### लसूड़िया-खजराना ने भी मारी बाजी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर में पुलिसिंग के कामकाज की अगस्त माह की रैंकिंग सामने आ गई है। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के 32 थानों के प्रदर्शन का अलग-अलग मापदंडों पर मूल्यांकन किया गया, जिसमें चंदन नगर ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि लसूड़िया थाना दूसरे पायदान पर रहा। खजराना थाना तीसरे स्थान पर रहा। वहीं सराफा थाना सबसे निचले स्थान पर रहा।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू की गई इस मूल्यांकन व्यवस्था में थानों के कार्य निष्पादन, जनसंतुष्टि, अपराध नियंत्रण, आमजन के हित में किए जा रहे नवाचार और अन्य निर्धारित मापदंडों को आधार बनाया गया। अगस्त में बेहतर प्रदर्शन के मामले में जोन-4 का चंदन नगर थाना नंबर-1, जोन-2 का लसूड़िया नंबर-2 और जोन-2 का खजराना नंबर-3 रहा। रैंकिंग में लसूड़िया का दूसरे नंबर पर आना खास रहा। पुलिसिंग के अलग-अलग पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन के चलते थाना लसूड़िया ने टॉप-2 में जगह बनाई। दूसरी ओर, सराफा थाना निर्धारित मापदंडों पर औसत प्रदर्शन के चलते 32 थानों की सूची में सबसे अंतिम स्थान पर रहा।

### कुटिलता छोड़ो, सरल बनो - पट्टाचार्य विशुद्धसागर जी मसा

# जीवन में जो जितना सहता है, वही ऊँचा उठता है

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

पर्वाधिराज दशलक्षण पर्व के अंतर्गत धर्मसभा में श्रंमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज ने हजारों श्रावकों को संबोधित करते हुए कहा जीवन में जो जितना सहन कर लेता है, वह उतना ही ऊँचाइयों को प्राप्त कर लेता है। धैर्य इंसान को भगवान बना देता है। संकटों में जो सहन कर लेता है, वही शक्तिशाली बन जाता है।

गुरुदेव ने कहा कि पुण्यक्षीण व्यक्ति के विचार, खान-पान, रहन-सहन, भाषा और व्यवहार निम्न ही होते हैं। जिसका विनाश सुनिश्चित है, उसकी बुद्धि भी क्षीण हो जाती है। विचारों के अनुसार ही व्यक्ति का जीवन बनता है। विचारों की पवित्रता से व्यक्ति उच्चता प्राप्त करता है और निम्नता से निम्नता को। जो अपने विचारों को संभाल लेता है, उसका जीवन स्वयंमेव संभल जाता है।

महाराज जी ने कहा कि जिसके मन में संकल्प-विकल्प, कल्पना, कुपित परिणाम और पश्चाताप होते हैं, वह शांति से नहीं जी पाता। शल्य दुःखदायी है। जो बात अशांति उत्पन्न करे, चित्त भ्रांत करे, बुद्धि का ह्रास करे, चिंता और अपयश का कारण बने, उनसे प्रयत्नपूर्वक दूर रहना चाहिए।

#### संग्राम नहीं, समझौता करना सीखो


**उन्होंने पाँच सूत्र दिए –** अहं छोड़ो, नम्र बनो। चिंता छोड़ो, चिंतन करो। संग्राम नहीं, समझौता करना सीखो। हिंसा छोड़ो, अहिंसक बनो। प्रमाद छोड़ो, जागृति पूर्वक कार्य करो। गृहस्थी के जाल में फंसा व्यक्ति उसी जाल में मृत्यु को प्राप्त होता है। प्रभुता के बंधन से पार होना सरल है, पर गृहस्थी के जंजाल से निकलना अत्यंत कठिन है।

कारण से कार्य का बोध - गुरुदेव ने कहा कि लक्षण से लक्ष्य का बोध होता है, दूरी से घर का और घंटी से मंदिर का। व्यक्ति की भाषा, वेश और भोजन से उसके आंतरिक भावों और कुल का बोध होता है। जैसे भाव करोगे, वैसे ही फल मिलेंगे। भाव संभालो, भव सुधर जाएगा। उन्होंने कहा कि जो जगत के प्रपंचों में लिप्त है, वह क्षण मात्र भी चित्त शांति को प्राप्त नहीं हो सकता।

**ज्ञान ही प्रकाश है–** महाराज जी ने कहा कि ज्ञान ही प्रकाश है। ज्ञानाभ्यास से परिणाम विशुद्ध होते हैं। श्रावक के पास ज्ञान और धन दोनों होना चाहिए। धन के बिना श्रावक का जीवन कष्टपूर्ण है, वैसे ही ज्ञान के बिना संयमी का जीवन क्लेशपूर्ण है। संसार में ज्ञान के समान मित्र नहीं और अभिमान के समान शत्रु नहीं।

#### परिणामों को संभालो

अंत में उन्होंने कहा कि हिंसा के परिणामों से अशांति होती है। पल-भर का विशुद्ध परिणाम बहुत बड़ा पुण्य होता है। परिणाम संभल गए तो पर्याय संभल जाएगी। भाव बदलते ही जीवन बदल जाता है। वर्तमान के भाव ही भविष्य का जीवन बनते हैं। यदि जगत में आनंद से जीना है तो अनेकांत दृष्टि से देखो। एकांत में दुःख है, अनेकांत में आनंद है। दृष्टि बदलो, सृष्टि बदलेगी।



## सांसद फिरोजिया करेंगे राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा का शुभारंभ

### भिड़ेंगे टेबल टेनिस के 263 धुरंधर, 483 प्रविष्टियां प्राप्त

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबलों के लिए उज्जैन नगरी पूरी तरह खेलमय हो चुकी है। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 263 महिला-पुरुष खिलाड़ी तीन दिवसीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। स्पर्धा में रिकॉर्ड 483 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। स्पर्धा में उज्जैन से 34 महिला-पुरुष खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं।

उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के चेयरमैन ओम सोनी के मार्गदर्शन में स्पर्धा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे लोकमान्य तिलक स्कूल के राजाभाऊ महाकाल हॉल में खेलप्रेमी सांसद अनिल फिरोजिया ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के संरक्षक कुलदीप भार्गव ने की।

इस अवसर पर विक्रम अवॉर्डी एवं उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन जयेश आचार्य, महासचिव मध्यप्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिंकू आचार्य, कार्यपालन अधिकारी लोकमान्य तिलक न्यास गिरीश भालेराव, आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल अजीत कुमार शरण, लोकमान्य तिलक न्यास के सचिव अर्जुन कानडी, खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा तथा डॉक्टर हेडगेवार व्याख्यान माला न्यास समिति के अध्यक्ष उल्हास वेद विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने बताया कि स्पर्धा में नौ वर्ष की उम्र के नन्हे खिलाड़ी से लेकर 70 वर्ष तक के अनुभवी खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## न्यूज कालम



## गणेश उत्सव से पहले पुलिस की कार्रवाई, चार आदतन अपराधी जिला बदर

**बुरहानपुर।** गणेश उत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लालबाग थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर खंडवा जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार जिन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है, उन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। त्योहारों के दौरान शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए यह कदम उठाया गया है। जिन आरोपियों पर कार्रवाई हुई है उनमें मिलचाल निवासी देवेंद्र उर्फ अन्ना पिता गणेश हजारे, प्रमोद उर्फ पन्ना पिता नामदेव निकम और हरीश उर्फ भोला पिता सदाशिव हजारे शामिल हैं। एक अन्य आरोपी पर भी कार्रवाई की गई है। लालबाग थाना प्रभारी अमित सिंह जादौन ने बताया कि एसपी आशुतोष बागरी के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे व नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई है।

## हिंदी दिवस सप्ताह के तहत न्यायालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सनावद।** हिंदी दिवस सप्ताह के अंतर्गत न्यायालय परिसर सनावद में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देश पर आयोजित शिविर में हिंदी के महत्व के साथ लोगों को कानूनी जागरूकता का संदेश दिया गया। न्यायाधीश मो. असलम देहलवी, योगेश चालीसा एवं सुश्री आकांक्षा गर्ग ने कहा कि हिंदी देश में व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है और यह हमारी संस्कृति, एकता एवं राष्ट्रीय पहचान से जुड़ी है। उन्होंने युवाओं को हिंदी के प्रति जागरूक करने तथा राजभाषा के सम्मान और विकास में योगदान देने की बात कही। शिविर में सनावद थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव एवं न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविंद्र अम्बिया सहित अन्य उपस्थित रहे।


## बड़वानी एवं सेंधवा में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर आयोजित

**बड़वानी।** सेवा, समर्पण और संकल्प के संदेश के साथ बड़वानी जिले में बहुप्रतीक्षित ञ्सेवा संकल्प अभियानञ् का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला मुख्यालय बड़वानी तथा सेंधवा में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं और आम नागरिकों ने अत्यधिक उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिला मुख्यालय स्थित संजीवनी हॉस्पिटल तथा सिविल अस्पताल सेंधवा में आयोजित इन शिविरों में समाज के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मानवीय पहल में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवन्त सिंह पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल और नगरपालिका बड़वानी अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी चौहान ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर सहभागिता की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। वहीं, सेंधवा सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में नगर पालिका सेंधवा अध्यक्ष श्रीमती बसंती बाई यादव विशेष रूप से सम्मिलित हुईं। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा रक्तदान करने वाले नागरिकों एवं युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

## मंडी में गूंजा अन्नदाता का आक्रोश, सौ गांवों से पहुंचे किसान

**सनावद।** खेतों से निकली आवाज जब मंडी तक पहुंची तो हजारों किसानों की मौजूदगी ने उसे हुंकार में बदल दिया। भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के आह्वान पर सनावद कृषि उपज मंडी में करीब 100 गांवों से किसान जुटे। आमसभा में किसानों ने खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की और 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। किसानों की प्रमुख मांगों में खेती के लिए प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली, मंडी में कपास की पर्याप्त खरीदी, फसल बीमा का लाभ, सिंचाई के लिए पानी, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता, फसलों का उचित समर्थन मूल्य, आवारा पशुओं से निजात और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा सहित अन्य मुद्दे शामिल रहे।

## शहर पुलिस ने तीन तस्करों से जप्त की 67-58 ग्राम एमडी एवं रेनॉल्ट कार



**जावरा ।** शहर पुलिस ने गुरुवार को बेगमपुरा ईदगाह रोड के सामने से तीन आरोपियों से प्लास्टिक की थैली में रखी 67-58 ग्राम एमडी एवं रेनॉल्ट कार भी जब्त की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल सीएसपी युवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी लकी पिता दिलीप मंडलोई 23 निवासी गांधीनगर मनावर( धार ),अरबाज पिता आशिक 23 निवासी खड़क वाली कसरावद खरगोन एवं दानिश पिता रशीद गोरी निवासी कलाई नर निवासी अंबेडकर चौराहा मनावर धार से 67: 58 ग्राम एमडी जब्त की तथा आरोपियों से रेनाल्ड फाइनल कार एमपी 9 एएम 6202 भी जब्त की। थाना प्रभारी मंडलोई ,उप निरीक्षर राकेश मेहरा ,सहायक उप निरीक्षक सगीर खान ,प्रधान आरक्षक जाकिर खान, मृदान सातपुते ,जगदीश चंद्र दमानी ,दिनेश भार्गव ,ललित जगावत ,राजेश पवार ,चेन राम पाटीदार, राजेश्वर पटेल एवं साइबर सेल की सराहनी भूमिका रही।

# सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर 25 हजार दीपों से जगमगाया नेहरू स्टेडियम

### विकसित भारत 2047 बुरहानपुर थीम पर प्रज्जवलित हुए मिट्टी के दीये

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर बुधवार शाम नेहरू स्टेडियम में विकसित भारत 2047 बुरहानपुर थीम पर 25 हजार आशीर्वाद के दीये प्रज्ज्वलित किए गए। हजारों दीपों से जगमगाता स्टेडियम विकास, सेवा और जनभागीदारी का प्रतीक बना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और नागरिकों ने सहभागिता की। उपस्थित जनों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विधायक अर्चना चिटनिस, महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, सचिव उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला नोडल अधिकारी सेवा संकल्प अभियान प्रबल सिपाहा, कलेक्टर हर्ष सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं एडीएम सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिले के प्रमुख स्थलों राजा जयसिंह की छतरी, राजघाट, स्वामी नारायण मंदिर, रोकड़िया हनुमान मंदिर, इच्छादेवी मंदिर, बड़ी संगत गुरुद्वारा, दरगाह-ए-हकीमी, मोहना संगम, असीरगढ़ शिव मंदिर, लोखंडिया मोती माता मंदिर, राधावल्लभ मंदिर तथा आवास योजना के हितग्राहियों के घरों पर भी आशीर्वाद दीप प्रज्वलित किए गए। साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के प्रमुख चौराहों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## पर्यूषण पर्व का दूसरा दिन उत्तम मार्दव याने मृदुता का भाव

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

दिगंबर जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व पर्यूषण के द्वितीय दिन जो कि उत्तम मार्दव का है पर प्रातः दिगंबर जैन मंदिर में सभी पुरुष,महिला वर्ग मंदिर पहुंचा जहां पुरुष वर्ग ने भगवान के अभिषेक,शांतिधारा परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति जी माताजी ससंघ के सानिध्य और मुखारविंद से सम्पन्न की और सभी ने सामूहिक रूप से आरती की ,तत्पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से नित्य नियम की पूजन ,तीर्थंकर भगवान की पूजन, सोलह कारण जी की पूजन, दस लक्षण धर्म के विधान की पूजन अनन्य भक्ति ,उत्साह,उल्लास और नृत्य पूर्वक कर मंडल जी पर श्रीफल चढ़ाए गए ,पश्चात उत्तम मार्दव धर्म पर आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी ने बताया कि अपने जीवन में अहंकार का त्याग करो और विनम्रता का भाव लाओ ,माता जी ने कहा कि देव,शास्त्र और गुरु और जीनायतन किसी के नहीं होते है सभी के होते है आओ और उनका लाभ लो आपको मनुष्य पर्याय मिली है ये बहुत ही दुर्लभ पर्याय है कई योनियों में भटकने के बाद ये भव मिला है अतः मृदुता का भाव रखना और अपना अगला भव सुधार लेना ,ये दुनिया आपके मुंह पर आपकी है आपकी पीठ पीछे आपकी बुराई करेगी ।

## 77 दीपों से हुई नगर गौरव आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज की मंगल आरती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



नगर गौरव, राष्ट्र गौरव वात्सल्य वारिधि तपोनिधि आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज का 77वां वर्षवर्धन दिवस शुक्रवार को पर्युषण पर्व के तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। बड़ा जैन मंदिर एवं संत निलय में पंचामृत अभिषेक, पूजन और शांतिधारा के आयोजन हुए।

दोपहर में संत निलय में धर्मसभा आयोजित हुई। आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद विभिन्न परिवारों ने संगीतमय पूजन कर अर्घ्य समर्पित किए। ब्रह्मचारी संजय भैया इटारसी ने विनयांजलि देते हुए कहा कि आचार्य श्री तप, वात्सल्य और ज्ञान के धनी हैं। उनके सानिध्य में बड़ी संख्या में संत धर्म प्रभावना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनावद के लिए यह गौरव की बात है कि ऐसी महान संत परंपरा का संबंध इस नगर से है।

इस अवसर पर गवाक्षी जैन, संगीता पाटोदी, डॉ. राहुल स्वस्तिक एवं निकिता सराफ ने भी विनयांजलि अर्पित की। संचालन प्रशांत चौधरी ने किया। कुसुम कुमार, हेमंत कुमार एवं सन्मति जैन काका परिवार की ओर से प्रभावना वितरित की गई।

शाम को श्रीजी एवं आचार्य श्री की 77 दीपों से मंगल आरती की गई। प्रदीप पंचोलिया, प्रशांत चौधरी, प्रांशुल पंचोलिया, संगीता पाटोदी एवं महिमा जैन ने भक्ति एवं आरती कराई। वहीं आचार्य वर्धमान सागर बहु मंडल द्वारा नैवेद्य सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का जन्म 18 सितंबर 1950 को सनावद में पिता कमलचंद जी एवं माता मनोरमा देवी के परिवार में हुआ था। वर्ष 1967 में मुक्तागिरी सिद्ध क्षेत्र में आर्यिका श्री ज्ञानमति माताजी से आजीवन शुद्ध जल त्याग एवं पांच वर्ष का ब्रह्मचर्य व्रत लिया।

## सनावद में सेवा कार्यों के साथ मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को सनावद में भाजपा कार्यकताओं ने सेवा गतिविधियों के माध्यम से दिन मनाया। रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और मरीजों को फल वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक सचिन बिरला सहित जन प्रतिनिधियों ने नथ्थूलाल मोरी मेमोरियल हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, राकेश मालवीय, केतन गेहलोत, राकेश गेहलोत सहित कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। विधायक सचिन बिरला ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम किसान सम्मान निधि, सौर ऊर्जा और उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया। भाजपा नगर मंडल की ओर से शासकीय चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकताओं ने अस्पताल परिसर की सफाई में सहभागिता की। इसके बाद भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. राजेंद्र मिमरोट, डॉ. सुभाष मोरी, अस्पताल प्रभारी डॉ. एस. चौहान, सीएमओ राजेंद्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग ने की अवैध मदिरा की रोकथाम हेतु कार्यवाही

**बड़वानी ।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री, संग्रहण, चोर्यनयन निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल एवं उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग, इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अभिलाषा सिंगोरिया वर्मा एवं पलसुद थाना प्रभारी विजय रावत के नेतृत्व में गत दिवस 17 सितम्बर 2026 को देवधर, देवडिया, गौरीखेड़ा एवं टाकली में संयुक्त दबिश देकर 2350 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर मौके पर फैलाया जाकर नष्ट किया।



## मां नर्मदा के घाटों पर 11 हजार दीपों से जगमगाया मंडलेश्वर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आशीर्वाद का दिया अभियान के तहत मंडलेश्वर में मां नर्मदा के पावन घाटों पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान घाटों पर करीब 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे पूरा नर्मदा तट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम में विभिन्न आकृतियों की सुंदर रंगोलियां बनाई गईं और उन पर दीप जलाकर आकर्षक सजावट की गई।

मां नर्मदा के घाटों पर दीपों की कतारों ने मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव एवं उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता और अधिकारियों ने मां नर्मदा पूजन कर विधि-विधान से मां नर्मदा की भव्य आरती की। आरती के दौरान मां नर्मदा से देश में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद का दियाज अभियान के तहत यह दीपोत्सव आयोजित किया गया। मां नर्मदा के पावन तट पर जलाए गए हजारों दीपों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस पर दीप प्रज्जवलन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय और छात्रावास में खंडवा में गुरुवार शाम को आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय भवन के मुख्य द्वार पर शाम में झिलमिलाती दीप रश्मियों से दृश्य मनमोहक हो गया7 कार्यक्रम की संयोजक डॉ सीमा मंडलोई ने बताया कि राज्य शासन और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर ,प्राचार्य डॉ विनय जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पच्चीस वर्षों से एक सफल, सरल और कुशल नेतृत्व करते हुए अपने अपने दायित्वों का भली भांति निर्वहन किया है। श्री मोदी स्वयं के बारे में न सोचकर सदैव देश हित में कार्य करते रहे है। उनके जन्मदिवस पर हम उनके दीघार्यु होने की कामना करते है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विनय जैन ने कहा कि विश्व में भारत विकासशील देशों की श्रेणी में आता है। मोदीजी का प्रयास है देश विकसित देशों की श्रेणी में अग्रणी बनकर उभरे भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ संयोजक डॉ मीना जैन ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बालिकाओं और महिलाओं सहित अन्य वर्गों के लिए लागू की गई शासकीय योजनाओं की चर्चा करते हुए इन्हें देश के सभी वर्गों के लिए लाभकारी बताया गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सीमा कदम ने प्रधानमंत्री को प्रेरक व्यक्तित्व बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। महाविद्यालय के श्रीमती विमला अग्रवाल कन्या छात्रावास में भी छात्राओं और छात्रावास समिति ने दीपाकृति में दीप प्रज्वलन किया।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: SnT-RTM-26-Tele-17, दिनांक: 17.09.2026. कार्य का नाम**: निम्नलिखित कार्यों के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य: (i) शंभूपुरा – दो नई फ्रेट एग्जामिनेशन लाइनों तथा मौजूदा एग्जामिनेशन लाइन के उन्नयन के संबंध में। (ii) रतलाम -RTM डाउन यार्ड - फ्रेट एग्जामिनेशन सुविधा के उन्नयन के संबंध में पाथवे, एग्जामिनेशन एवं पाथवे वेल्डिंग सुविधा, कंप्रेसर एवं स्टोर रूम की व्यवस्था । लाइट, (iii) रतलाम - HHP इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के अनुरक्षण हेतु आवश्यक आधारभूत संरचना सुविधाओं के संबंध में। (iv) दाहोद - स्टोर्स डिपो, दाहोद के आधुनिकीकरण के संबंध में। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 37,76,008.83. **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य। **जमानत राशि**: रु. 75,500/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: नौ (09) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय**: दिनांक 09.10.2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय**: दिनांक 09.10.2026 समय 15:30 बजे तक। **वैधता**: निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। केवल पंजीकृत निविदाकार ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।

**SPAN/6/1/258**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में हिन्दी माह के अंतर्गत विभिन्न प्रस्तुतियॉ एवं गतिविधियॉ आयोजित

**बड़वानी ।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी मे हिन्दी माह के अंतर्गत प्रतिदिन प्रार्थना सभा मे विभिन्न प्रस्तुतियाँ व गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आज प्रातः सभा की प्रस्तुति के रूप में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री कुन्दन राठौर के मार्गदर्शन मे कक्षा तीसरी के विद्यार्थियो द्वारा महर्षि धौम्य और उनके आज्ञाकारी शिष्य आरुणि की प्रेरणादायक कथा का नाटक के रूप मे मंचन किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियो को गुरु भक्ति, आज्ञापालन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा जैसे जीवन-मूल्यो से परिचित करना रहा।

**In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (M.P.)**

**Presiding Officer : श्री संजीव कुमार गुप्ता**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS HM/230/2026)**

श्रीमती पूजा राठौर -आवेदक

**विरुद्ध**

किशोर सिंह राठौर -अनावेदक

Process Id/2026

पेशी दिनांक 28.10.2026

**प्रेषिती** - किशोर सिंह राठौर पिता खुमानसिंह राठौर, निवासी - 96, छोटी खजराना, एम.आई.जी. कॉलोनी, इन्दौर (म.प्र.) एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, होम गार्ड, रेवती रेंज, इन्दौर (म.प्र.)

यह कि प्राथीर्या श्रीमती पूजा राठौर पति किशोर सिंह राठौर निवासी- 96, छोटी खजराना, एम.आई.जी. कॉलोनी, इन्दौर (म.प्र.) एवं हालमुकाम 87, शहीद नगर, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का किशोर पिता खुमानसिंह राठौर लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिय्क्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 17.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(संजीव कुमार गुप्ता)**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)**

## सेवा संकल्प अभियान में हुआ रक्तदान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश आत्मनिर्भर हुआ है, सम्पूर्ण विश्व में आज देश का सम्मान बढ़ा है भारत देश आज महाशक्ति के रूप में हर क्षेत्र में आगे बढ़ता जा रहा है । विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रारम्भ हुएसेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस आयोजन में एसडीएम के.एस. बघेल,ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ एस. एल. खराड़ी,भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, राजेश शर्मा,मांगीलाल पांचाल,डॉ राजेन्द्र सिंह देवड़ा,दिनेश पाटीदार, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रमोद रावल,पार्षद रजत सोनी मंचासीन थे।

विधायक डॉ पांडेय ने कहा कि देश के राष्ट्र उत्थान के कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेजी से देश में हो रहे हैं आर्थिक समृद्धि, सांस्कृतिक कार्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य, रक्षा, उद्योग,रोजगार, आधुनिक रेलवे , बंदरगाह एवं हवाई अड्डे,किसानों, महिलाओं युवाओं के लिए जनहितैषी कार्यक्रम ओर योजनाएं संचालित की जा रही है। जनसेवा को सशक्त माध्यम बनाते हुए आयुष्मान भारत योजना में ५ लाख रुपयों तक का ईलाज निशुल्क किया जा रहा है ,आज गरीबों को आवास, खाद्यान्न गैस कनेक्शन, बैंक खाता निशुल्क दिया जा रहा है। लाडली बहना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है।

सीबीएमओ डॉ शंकरलाल खराड़ी ने रक्तदान शिविर का महत्व बताते हुए लोगों से रक्तदान करने का अनुरोध किया। रक्तदान के माध्यम से हम लोगों का जीवन बचा सकते है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए कहा है कि आज मोदी की कुशल नीतियों की वजह से पूरे विश्व में भारत देश का डंका बज रहा है। कार्यक्रम में तहसीलदार पंकज पवैया, सीएमओ चन्द्रशेखर सोनिस ,एल्डरमैन संतोष शर्मा, नंदकिशोर पहलवान, वरिष्ठ कार्यकर्तागण मनीष ऊंटवाल, घनश्याम सोलंकी, बालाराम पाटीदार, महेंद्र सिंह सोलंकी,अभय कोठारी, शिवेंद्र माथुर उपस्थित थे।

## विकास के कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

**सनावद।** करीब पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन आयोजित हुआ। बैठक में शहर के विकास, अधोसंरचना और महापुरुषों के सम्मान से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद स्वीकृति दी गई। बैठक में वार्ड क्रमांक 1 स्थित इंदौर-खंडवा रोड पर सुतमील की जमीन के सामने मार्केट निर्माण और नाला निर्माण से जुड़े मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा वार्ड 18 पुनासा रोड स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रिक्त भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, जैन मुक्ति धाम पहुंच मार्ग पर सीसी रोड व रिटेनिंग वॉल तथा वार्ड 13-14 में नाला निर्माण के प्रस्तावों को मंजूरी मिली। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा शहर के प्रमुख चौराहे पर स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजने की स्वीकृति दी गई।

## न्यूज -कॉलम

### रिमांड पर हजारों की शराब के साथ पकड़ाया युवक



**उज्जैन।** राघवी पुलिस की टीम ने घौंसला स्थित पंचायत की निर्माणाधीन दुकान के पास से गुरूवार रात घेराबंदी कर शंभु पिता भगवानसिंह निवासी पिपलोन खुर्द जिला आगर मालवा को गिरफ्तार किया। उसके दो साथी मौके से भाग निकले थे। गिरफ्त में आये आरोपी के पास से प्लास्टिक के पांच बोरों में भरे देशी-विदेशी शराब के 630 क्वार्टर बरामद किये गये। थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई थी। बरामद शराब 63 हजार 200 रूपये है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। उसने मौके से भागे अपने 2 साथियों मोहन और भंवर के नाम बताये है, जो पिपलोन खुर्द आगर मालवा के रहने वाले है। उनकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है। आरोपी शंभूसिंह ने अब तक की पूछताछ में बताया कि वह रतलाम से बस में शराब लेकर आये थे और घौंसला से पिपलोन जाने की फिराक में खड़े थे।

### इंदौर के वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने दफनाया शव

**उज्जैन।** इंदौर के रूस्तम का बगीचा में रहने वाला 57 वर्षीय गोविंद पिता छोटेलाल सोनी 8 सितंबर को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुआ था। वह बीमार था, उसके पास डायरी में एक नम्बर लिखा मिला था। मेडिकल स्टॉफ ने नम्बर पर संपर्क किया। इंदौर से रामेश्वर विश्वकर्मा और उसकी पत्नी इंदौर से उज्जैन पहुंचे। उन्होने बताया कि गोविंद सोनी अकेले रहते थे। 3 साल सालों से पहचानते है। उनकी एक बेटी है, जो 15 साल पहले छोड़कर चली गई थी। मजदूरी कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। उज्जैन कब आये पता नहीं। 10 दिन बाद शुक्रवार को वृद्ध गोविंद की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस मेडिकल कालेज पहुंची। इंदौर के दंपति से संपर्क किया गया, उन्होने बताया कि 10 दिन से सेवा कर रहे थे, लेकिन वह अंतिम संस्कार कराने में असमर्थ है। एएसआई शिवशंकर सकवार ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया और शव का दफनाया गया है। मृतक की बेटी का पता लगाकर सूचना देने का प्रयास किया जायेगा।

### चामुंडा माता चौराहा पर मृत मिले व्यक्ति की पहचान

**उज्जैन।** चामुंडा माता चौराहा से गुरूवार को मृत मिले व्यक्ति की पहचान रोशन पिता राजाराम परिहार के रूप में कर ली गई। देवासगेट पुलिस ने बताया कि मृतक का पुत्र सावन शुक्रवार सुबह अस्पताल पहुंचा था, उसने बताया कि सिंधी कालोनी के रहने वाले है। पिता ड्रायवर थे लेकिन लकवा होने के बाद से कुछ दिनों तक घर रहे उसके बाद घुमक्कड़ हो गये थे, वह धार्मिक स्थलों के आसपास रहते थे और मांगकर जीवन व्यतीत करने लगे थे। पुलिस के अनुसार संभवत: बीमारी के चलते मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव पुत्र को सौंपा गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली नाबालिग की मौत

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम जलवा में रहने वाली पायल पिता गणेश 17 साल ने गुरूवार को घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन घट्टिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने उज्जैन ले जाने की बात कहीं। परिजन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर आये। लेकिन वहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने को कहा। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां रात में पायल की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों को कहना था कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। पायल कक्षा 11 वीं में प? रही थी। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है।

### आंगन में बैठा वृद्ध लापता अपहरण का केस दर्ज

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 अयोध्या बस्ती पुवाडलिया में रहने वाला भगवान पिता भुवान डाबी 60 साल गुरूवार शाम घर के बाहर बैठा था। परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। कुछ देर बाद परिवार घर में चला गया, पुत्र कमल बाहर आया तो पिता दिखाई नहीं दिये। उसने तलाश शुरू की लेकिन पूरे गांव में नहीं मिले। पिता के अचानक लापता होने पर पुत्र थाने पहुंचा और अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण की आशंका जताई। पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 700-7 | 238-3 |
| मेन बाजार | 789-4 | 168-5 |
| कल्याण नाइट | 599-3 | 357-5 |
| मिलन डे | 289-9 | 480-2 |
| मिलन नाइट | 470-1 | 140-5 |
| मधुर डे | 137-1 | 369-8 |
| मधुर नाइट | 239-4 | 788-3 |
| शुभांक | 8 2 | 5 |

## पिता-पुत्र लेपटॉप पर लगवा रहे थे दांव.........

# दयानंद कालोनी में चल रहा था ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



भारत-अफगानिस्तान के बीच गुरूवार रात चल रहे क्रिकेट मैच पर पिता-पुत्र लेपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे का दांव लगवा रहे थे। खबर मिलने पर नागदा पुलिस ने दयानंद कालोनी में दबिश मारी। पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है।

नागदा की दयानंद कालोनी में जैन परिवार के मकान में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलने की खबर पुलिस को मिली थी। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी एसआई विरेन्द्रसिंह चौहान, एएसआई अरविंद गणावा और प्रधान आरक्षक-आरक्षक की टीम बनाकर मकान पर दबिश मारी। छत पर बने कमरे में अनिल पिता माणकलाल जैन और उसका पुत्र अमन जैन लेपटॉप पर दांव लगवाते मिल गये। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से 1 लाख 98 हजार रूपये नगद 2 लेपटॉप, 7 मोबाइल, लेपटॉप में लगा कीबोर्ड, चार्जर जप्त किया गया। नगदी और जप्त उपकरणों की कीमत 3.50 लाख रूपये है। पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। दोनों के खिलाफ ध्रुत अधिनियम की धारा 4 (क) प्रकरण दर्ज किया गया। शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से अनिल जैन को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उसके खिलाफ पूर्व में 6 से 7 प्रकरण दर्ज है। पुत्र को जमानत पर रिहा किया गया है।

### चौके-छक्के और विकेट पर था दांव

बताया जा रहा है कि पुलिस की विवेचना में सामने आया कि पिता-पुत्र मिलकर मोबाइल के माध्यम से भारत-अफगानिस्तान के बीच चल रहे तीसरे टी-20 मैच के रौचक मुकाबले में चौके-छक्के और विकेट पर दांव लगा रहे थे। हर ओवर कितने रन बनेगें, इस पर भी भाव तय किया जा रहा था। पुलिस को यह भी पता चला कि अनिल जैन लम्बे समय से क्रिकेट का सट्टा ऑनलाइन कर रहा है। वह देश-विदेश में चलने वाले टूर्नामेंट में खाईवाली का काम करता है। पुलिस पिता-पुत्र से जप्त किये गये मोबाइल की डिटेल भी खंगाल रही है।

### 2024 में पकडाया था 14 करोड़ का सट्टा

वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा ऑनलाइल सट्टा उज्जैन में पकड़ा गया था। क्राइम ब्रांच और पुलिस ने मुसद्दीपुरा के साथ ड्रीम्स कालोनी में एक साथ दबिश देकर 14 करोड़ 58 लाख रूपये नगद, 15 लेपटॉप औरे कई मोबाइल के साथ 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सट्टे का सरगना पियुष चौपड़ा बताया गया था। जिसने अलग राज्यों से खाईवाली के लिये युवको को बुलाया था। मामले में ईडी भी जांच के लिये उज्जैन आई थी।

## 14 माह बाद आत्महत्या मामले में फरार दंपत्ति गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

माकडोन में 14 माह पहले ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद उसके रिश्तेदारों को आरोपी बनाया था। दंपति लगतार फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी उज्जैन से की गई है।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि 10 जुलाई 2025 को ग्राम नांदेड में रहने वाले रामचंद्र पिता भैरूलाल मंडोत 28 साल ने घर के पास पे? से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने डायल 100 पर कॉल किया था, पुलिस पहुंचती उससे पहले वह फंदे पर लटका चुका था। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। इस दौरान सामने आया कि मृतक के भाई जीवन की पत्नी कुछ साल पहले मौसी के लड़के भारत के साथ भाग गई थी। जिसके बाद से भारत और उसका भाई देव रामचंद्र को धमकाते थे और दादागिरी दिखाते थे। जांच में आये तथ्यों के आधार पर भारत और उसकी पत्नी अनिता के खिलाफ धारा 108, 115(2), 296, 351(3), 3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया था। लेकिन भारत परिवार के साथ फरार हो गया था। उसकी तलाश लगातार की जा रही थी। सफलता नहीं मिलने पर साइबर टीम की मदद ली गई और लोकेशन ट्रेस की गई। शुक्रवार को नानाखेड़ा क्षेत्र से फरार भारत पिता नंदाराम और मृतक के भाई की पत्नी अनिता पति जीवन जो भारत के साथ भागी थी, को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को माकडोन थाने लाया गया है। जहां पूछताछ की जा रही है। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा। दोनों को गिरफ्तार करने में क्राइम और साइबर टीम का सहयोग रहा है।



## वाहनों को रौंदती दुकान में घुसी नगर निगम की गाड़ी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अंकपात मार्ग पर शुक्रवार तड़के नगर निगम की गाड़ी बेकाबू हो गई। दोपहिया वाहनों को रौंदती हुई गाड़ी एक दुकान में जा घुसी, गनीमत रही कि सुबह का समय होने पर ब?ी जनहानि नहीं हुई।

जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि अंकपात मार्ग पर सुबह 5 बजे तेजगति से दौड़ती नगर निगम की गाड़ी ने सड़क किनारे खडी एक्टिवा और बाइक को रौंदते हुये हाथ ठेले को टक्कर मारी और एक दुकान में जा घुसी। आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले। गाड़ी में 2 व्यक्ति सवार थे, जो एक घायल हुआ था उसे अस्पताल भेजा गया लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद वह चला गया। सूचना मिलने पर पुलिस अंकपात मार्ग पहुंची। कपड़ो की दुकान कमल पोरवाल द्वारा संचालित की जाना सामने आया। गाड़ी के दुकान में घुसने पर शटर टूट गया था और दीवारी भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। हाथ ठेला अजय राठौर का था वहीं दोपहिया वाहन पोरवाल के परिवार के बताये गये। पुलिस के अनुसार अलसुबह का समय होने के चलते मार्ग पर आवागमन कम था, जिसके चलते बड़ी जनहानि नहीं हुई है।

दुकानदार कमल पोरवाल ने बताया कि रात में वह दुकान में सोते है, अचानक आवाज सुनकर नींद खुली तो शटर टूटा हुआ था, और गाड़ी अंदर घुसी हुई थी। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि मामले में गाड़ी क्रमांक एमपी 13 झेड झेड 6705 के चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। चालक और उसके साथी का पता लगाया जा रहा है। इतनी सुबह दोनों निगम का वाहन लेकर कहां जा रहे थे, इसका पता दोनों की गिरफ्तारी के बाद पता चल पायेगा। अलसुबह हुये घटनार्क्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## रामघाट पर डॉक्टर-डीएसपी के बीच हुआ विवाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर क्षिप्रा नदी के घाटों पर सेवा संकल्प अभियान में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 31 हजार दीप जलाये गये थे। इस दौरान रामघाट पर डॉक्टर और डीएसपी के बीच विवाद हो गया।

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान रामघाट और दत्तअखाड़ा घाट पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कई वीआईपी पहुंचे थे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की और डॉक्टरों के साथ स्टॉफ की ड्युटी लगाई थी, पुलिस प्रशासन सुरक्षा में तैनात था। रामघाट पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नरवर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डॉ. अश्विनी पोरवाल की ड्युटी थी। वह किसी व्यक्ति के गिरने पर तहसीलदार की सूचना पर उसे देखने पहुंचने थे। वापस लौटते समय भीड़ के बीच से निकलने के दौरान उनका डीएसपी रामसिंह भाबोर से विवाद हो गया। डीएसपी द्वारा डॉ. पोरवाल दूसरी जगह से जाने की बात कहीं। उन्होने ड्युटी पर होने की बात कहीं तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान धक्का-मुक्की में डॉ. पोरवाल गिर गये और उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हे चरक अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर भर्ती किया, स्वास्थ्य में सुधार आने पर उन्हे डिस्चार्ज कर दिया गया। मामले में उन्होने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। लेकिन डॉक्टर के साथ हुई धक्का-मुक्की और विवाद की खबर शुक्रवार को चरक अस्पताल में चर्चा का विषय बनी रही।

### गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते कैमरे में दिखा युवक

**उज्जैन।** गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य की घटना सीसीटीवी में दिखाई देने पर हिन्दूवादी संगठन का आक्रोश फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या में संगठन से जुड़े सदस्य नीलगंगा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुये ज्ञापन सौंपा।

बताया जा रहा है कि हिन्दूवादी संगठन को सीसीटीवी कैमरे का फुटेज मिला था, जिसमें एक अज्ञात युवक द्वारा गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया जा रहा था। उक्त फुटेज अंबर कालोनी क्षेत्र का होना सामने आने पर हिन्दूवादी संगठन में आक्रोश फैल गया। म.प्र. युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के अध्यक्ष मनीषसिंह चौहान, हिन्दूवादी नेता रूपेश ठाकुर सहित अन्य हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता नीलगंगा थाने पहुंचे और फुटेज में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के सदस्यों ने मांग रखी कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसका मकान तोड़ा जाये। उनका कहना था कि हिन्दू संप्रदाय में गाय माता है, जिसकी पूजा की जाती है। घटना से उनकी आस्था को ठेस पहुंची है। गौमाता में देवी-देवताओं का वास होता है। पुलिस ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कहीं है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी श्रीमती गीता अग्रवाल पति श्री गोविन्द अग्रवाल निवासी 206 सेठी नगर उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक 222 का भाग पश्चिम तरफ का वर्तमान म्यु. क्रमांक 222 सेठी नगर कालोनी उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 69.64 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तु:सीमा निम्नानुसार है। पूर्व दिशा में भवन क्रमांक 222 का भाग अन्य का पश्चिम दिशा में भवन क्रमांक 223 उत्तर दिशा में खुली भुमि एव नाला दक्षिण दिशा में कालोनी की सडक है, एव भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री कराना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 18-09-2026

स्थान उज्जैन

**राहुल सोलंकी, एडव्होकेट**
**पता 41/2 तात्याटोपे मार्ग पाटीदार ब्रिज जैन कचौरी के पास फ्रीगंज उज्जैन**
**मो. 82693207333**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे कि, मेरे पक्षकारगण 1-विष्णु आंजना पिता रामेश्वर आंजना निवासी ग्राम कुलाला तेहसील देपालपुर जिला इन्दौर (म.प्र.) व 2-पवन आंजना पिता भगवान आंजना निवासी ग्राम कमेड़ जिला उज्जैन (म.प्र.) 3-आमीर खान पिता शब्बीर खान निवासी-54, गणेश नगर, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा 1-ईशा परमार पिता कन्हैयालाल निवासी-136, गौतम मार्ग, चौराहा जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व की भूमि सर्वे नं-304 /2/4 कुल रकबा 0.2090 हे. कुल किता 01 रकबा 0.2090 हे. स्थित ग्राम खिलचीपुर तेह. व जिला उज्जैन से 2 अतिकुर रहमान पिता अजिजुर रहमान, निवासी-15, कमरी मार्ग, ढ़ाबा रोड, गोपाल मंदिर, उज्जैन (म.प्र. ) से उनके स्वामित्त्व एवं आधिपत्य की सर्वे क्रं नं-304/1 का भाग रकबा 0.4069 हे. स्थित ग्राम खिलचीपुर तेह. व जिला उज्जैन भूमि को क्रय करने का सोदा कर बयाना राशि को अदा कर किया है, उक्त भूमि अतिकुर रहमान ने पूर्व भूमि स्वामी 1 अमीषा 2 आयुषी तथा 3- तनूजा पुत्रीगण जीवन निवासी खिलचीपुर से दिनांक 08.07.2024 को क्रय की थी उक्त दोनों सम्पत्ति मेरे पक्षकारगण ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित करवाया लिया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि का कोई हित, स्वतव या अधिकार उक्त भूमि में है। वह सूचना प्रकाशन से 15 दिवस में मय दस्तावेज के आपत्ति करता है तो विक्रय पूर्व आपत्ति का निराकरण किया जायेगा। यदि आपत्ति नहीं आने पर विक्रय-पत्र सम्पादित करा लिया जायेगा, बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर लागुव बन्धन कारक नहीं होगी। इति दिनांक 9/1026

**लवसिंह सोंलकी, एड्व्होकेट**
**कार्यालय-31/1, मालीपुरा, उज्जैन**
**मो. 8989819553**

### खंडन जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 16/09/2026 को मनोहरसिंह राणावत पता -सी-10, भरतपुरी काम्प्लेक्स, उज्जैन मोबा-9826887794 के द्वारा दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में एक जाहिर सूचना का प्रकाशन अपने पक्षकार की ओर से करवाया गया है। उक्त जाहिर सूचना का खंडन मुझ अभिभाषक के द्वारा अपने पक्षकारगण 1. शंकरलाल पिता देवीसिंह, जाति-गुर्जर, 2. होशियारसिंह पिता शंकरलाल, निवासीगाण-ग्रामा सुलियाखेड़ी कृषक ग्राम बरखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. को ओर से किया जा रहा है। मेरे पक्षकारगण के स्वामित्त्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 40/2 रकबा 0.61 है. व भूमि सर्वे नंबर 40/1/2 रकबा 0.60 है. कुल किता 2 कुल रकबा 1.21 हे. भूमि स्थित ग्राम बरखेड़ीखालसा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन की एक असत्या जाहिर सूचना मेरे पक्षकारगण की भूमि मौखिक सौदे के आधार पर विक्रय करने हेतु प्रकाशित की गई है। मेरे पक्षकारगण के द्वारा अपने स्वामित्व व आधिपत्य को कृषि भूमि का कोई विक्रय सौदा किसी से नहीं किया गया है। मेरे पक्षकारण अपनी उपरोक्त कृषि भूमि किसी को विक्रय नहीं करना चाहते है तथा उक्त आसत्य जाहिर सूचना के प्रकाशित कर मेरे पक्षकारगण की मान प्रतिष्ठा व आर्थिक हानि कारित करना चाहते है। मेरे पक्षकारगणा के उक्त खंडन जाहिर सूचना प्रकाशन के पश्चात उपरोक्त कृषि भूमि को क्रय-विक्रय, अंतरण संबंधी कोई कार्यवाही किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा पेड़ी किसी भी प्रकार का संव्यवहार आदि नहीं करें। मेरे पक्षकारगण द्वारा असत्य जाहिर सूचना प्रकाश के पश्चात संबंधित के विरूद्ध पुलिस कार्यावाही की जा रही है। खंडन जाहिर प्रकाशन के पश्चात भी उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई क्रय-विक्रय, अंतरण संबंधी कोई कार्यवाही की जाती है तो वह मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं शून्यवत व अवैध मानी जावेगी। सो सूचित है। दिनांक-18/09/2026

**चंदन सिंह पंवार, एडवोकेट**
**कार्यालय-एफ-1/13, कम्यूनिटी हॉल के सामने एल.आई.जी. ऋषिनगर, उज्जैन**
**मो. 9755568100**

### पश्चिम रेलवे

**एमएसडीएसी का प्रावधान**

वरिष्ठ डीएसटीई/एस/एमएमसीटी निविदा सूचना संख्याः SG_217_2_317_WA_R दिनांक 15.09.2026 के द्वारा निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** चर्चगेट-विरारः मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में ऑन-ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा ऑटो हट्स और ओसी में एमाएसडीएसी के केंद्रीकृत रीसेटिंग का **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹2,92,08,48,484.79 **ईएमडीः** ₹5,84,200/- **प्रस्तुत करने की तिाी तिथि और समयः** दिनांक 07.10.2026 को 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 07.10.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0610

Follow us on: X.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे द्वारा डॉ. अंबेडकर नगर ⇌ रीवा के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन | सेवा की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 01709 | डॉ. अंबेडकर नगर - रीवा | 11.10.2026 से 15.11.2026 | 21:20 बजे (रविवार) | 14:30 बजे (अगले दिन) |
| 01710 | रीवा - डॉ. अंबेडकर नगर | 10.10.2026 से 14.11.2026 | 22:50 बजे (शनिवार) | 15:05 बजे (अगले दिन) |

ठहरावः दोनों दिशाओं में इंदौर, देवास, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना स्टेशन।

संरचनाः एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर इकोनॉमी, स्लीपर क्लास, जनरल सेकंड क्लास

- ट्रेन संख्या 04736 लक्ष्मीबाई नगर – श्रीगंगानगर को 16.10.2026 से 27.11.2026 तक बढ़ा दिया गया है
- ट्रेन संख्या 04735 श्रीगंगानगर – लक्ष्मीबाई नगर को 15.10.2026 से 26.11.2026 तक बढ़ा दिया गया है

समय, ठहराव और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं

ट्रेन संख्या 01709 की बुकिंग 20.09.2026 से और ट्रेन संख्या 04736 के विस्तारित ट्रिप की बुकिंग 19.09.2026 से सभी पीआरएस काउंटर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रमाण साथ रखें

# संपूर्ण संतोष मिलेगा



आपको विशाल साम्राज्य का आधिपत्य मिल जाए, तब भी मन में एक अतृप्ति रहेगी, क्या आपने इसे महसूस किया है? चाहे कुछ भी मिले, और थोड़ा... और कुछ... की हवस आग की तरह अंदर धधकती रहेगी, आपने इस पर गौर किया है? ऐसा क्यों होता है? माप में आने वाली कोई भी वस्तु आपको दी जाए, संतोष मिलने वाला नहीं। असल में, आपकी तड़प, मिलने वाली सभी वस्तुओं पर कब्जा करने की नहीं है। तो फिर? अनंत सृष्टि का हिस्सा होकर भी आप अपनी चाहत को नाहक एक छोटे दायरे में सीमित करने में लगे थे, यह इसी का परिणाम है। विकसित होते-होते असीम के साथ मिल जाने की तड़प के कारण ही आपकी इच्छा संपूर्ण संतोष पाए बिना कुछ कमी महसूस करती रहती है। इस बुनियादी सत्य को अच्छे से समझ लें, तो दुख की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

यह विश्व और आप एक ही हैं। इस तथ्य का प्रत्यक्ष अनुभव होते ही इच्छा फौरन अपनी तड़प छोड़ देगी। उसके बाद, इच्छा बाहर से आकर जोर डालने वाली चीज न होकर आंतरिक कामना बनकर रहेगी। तब इच्छा आपको संचालित नहीं करेगी, आप इच्छा का संचालन करेंगे। कैसे? आप जो भी काम करेंगे, उसमें इस तरह तल्लीन हो जाएंगे, मानो वही कार्य आपका संपूर्ण जीवन हो। जब काम का खेल समाप्त हो जाएगा, तो उसके प्रति इच्छा को समेटकर रख भी देंगे। आनंद की अभिव्यक्ति के रूप में इच्छा को पालकर गौर कीजिए। दुख की कहीं गुंजाइश नहीं रहेगी। आपकी प्रसन्नता, परिणाम में मिलने वाली सफलता या हार पर निर्भर नहीं रहेगी। संपूर्ण जागरूकता के साथ जीना शुरू करेंगे, तो किसी भी वस्तु के स्वामित्व का अभिमान छोड़कर यही अनुभव करेंगे, सब कुछ मैं ही तो हूं। इच्छा का यूं विकास होते-होते पूरे विश्व को अपने अंदर समा लेने का क्षण आ जाएगा, तब आप परमानंद का स्वाद लेंगे। तथागत बुद्ध को जो ज्ञान मिला, वह यहां रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए साध्य है। मुझसे कुछ लोग यही पूछते हैं, क्या आप ईश्वर द्वारा चुने गए हैं? किस तरह आपका चयन हुआ? पूर्व जन्म के पुण्य से या केवल भाग्य से? सुनकर मुझे हंसी आ जाती है। मैंने कभी यह सोचा ही नहीं कि मैं ईश्वर द्वारा चुना गया हूं। जो लोग यह दावा करते हैं कि वे ईश्वर द्वारा चुने गए हैं, वे अहंकार के शिखर पर रहते हैं। वास्तव में, जो लोग ईश्वर से दूर रहते हैं, वे दुखी रहते हैं। यदि आपको सिखाया गया है कि ज्ञान पाना केवल चंद लोगों के लिए संभव है, तो इससे बड़ा झूठ और कोई हो ही नहीं सकता। मानव जन्म पाए प्रत्येक व्यक्ति को इस महान सत्य का अनुभव करने का अवसर दिया गया है। अगर मेरे लिए संभव है, तो आपके लिए भी संभव है।



सम्पादकीय

## भारत से अन्याय

अमेरिका ने अगर भारत सहित पांच देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया, तो इससे तनाव का बढ़ना तय है। अमेरिकी संसद ने इस टैरिफ को मंजूर कर लिया है और अब यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में है कि वह कब इसे लागू करते हैं। वैसे, इस टैरिफ का भारत पर सीधे बड़ा असर नहीं पड़ेगा, पर छोटे असर से इनकार नहीं किया जा सकता। कुछ अमेरिकी नेताओं की सीधी धमकी के बावजूद भारत की दृढ़ता प्रशंसनीय है। भारत ने दोटूक कहा है कि वह अपने व्यापार व आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। भारत अपनी 1.4 अरब आबादी की ऊर्जा सुरक्षा के लिए दृढ़ है। कहना ही चाहिए कि पश्चिम एशिया में अमेरिका ने जब से संकट बढ़ाया है, तभी से भारत तेल आयात के लिए रूस पर ज्यादा निर्भर हो गया है। बीती जुलाई में भारत के कच्चे तेल के कुल आयात का 51.1 प्रतिशत रूस से आया। इतना तेल हमें यूएई, सऊदी अरब, वेनेजुएला, ब्राजील, ओमान और अमेरिका मिलकर भी नहीं देते हैं। ऐसे में, भारत से यह कहना सरासर नाइंसाफी है कि वह रूस के अलावा कहीं और से तेल खरीदे।

अमेरिका ने भारत के साथ ही चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान को भी निशाना बनाया है। इन देशों पर सौ प्रतिशत का विशेष शुल्क लगाने के लिए जो ह्यसैंक्शनिंग रशिया ऐंड ईरान ऐक्ट 2026ह्न पारित किया गया है, उसकी सिर्फ निंदा हो सकती है। भारत की तरह ही चीन ने भी ताजा अमेरिकी कदम को गलत बताया है। चीन ने रूस से तेल व गैस की खरीद पर शुल्क लगाने को अमेरिकी अधिकार क्षेत्र से बाहर का कदम बताते हुए कहा है कि किसी तीसरे देश द्वारा हस्तक्षेप या दबाव नहीं डाला जाना चाहिए। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी बगैर किसी भी ऐसी कार्रवाई का उचित ही विरोध कर रहा है, पर अफसोस, वह टैरिफ संबंधी अमेरिकी मनमानी को रोक नहीं पाया। वैसे ध्यान रहे, चीन प्रतिबंध के बावजूद ईरान से भी तेल खरीदता रहा है। उसके लिए रूस से तेल खरीदना बहुत आसान है। दोनों देशों की सीमाएं मिलती हैं और पाइपलाइन से आपूर्ति होती है। यह सोचने की बात है कि अमेरिका ने चीन के खिलाफ भी कानून पारित किया है,पर वह भारत के खिलाफ ज्यादा तल्ख है। यही समय है, जब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था के बचाव में संकल्पित रहना होगा। अमेरिका टैरिफ की धमकी का इस्तेमाल भारत पर दबाव डालने के लिए कर सकता है। इसके जरिये वह चाहेगा कि भारत अब रूस से तेल का आयात न करे और साथ ही, एक असंतुलित व्यापार समझौते लिए तैयार हो जाए। यह सर्वविदित तथ्य है, भारत का अमेरिका के लिए निर्यात तुलनात्मक रूप से ज्यादा है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत जान-बूझकर ऐसे महंगे और गैर-जरूरी आयात को बढ़ाए, जिससे बुनियादी रूप से देश, देशी उत्पादकों व किसानों को चौतरफा नुकसान हो।

### संदिग्ध लेनदेन पर हो पैनी नजर

# मनी लॉन्ड्रिंग: अपराध की काली कमाई को सफेद करने का खेल



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है; उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है, जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए। यही कारण है कि आधुनिक वित्तीय व्यवस्था में धनशोधन की चुनौती लगातार जटिल होती जा रही है।

मनी लॉन्ड्रिंग की प्रक्रिया को सामान्यतः तीन प्रमुख चरणों में समझा जाता है–प्लेसमेंट, लेयरिंग और इंटीग्रेशन। पहले चरण में अपराध से प्राप्त धन को वित्तीय व्यवस्था में प्रवेश कराया जाता है। इसे प्लेसमेंट कहा जाता है। उदाहरण के लिए, बड़ी मात्रा में प्राप्त अवैध नकदी को अलग-अलग बैंक खातों में जमा करना, छोटी-छोटी रकम में विभाजित करके लेन-देन करना या नकदी आधारित व्यवसायों के माध्यम से उसे वित्तीय प्रणाली में शामिल करना इसके तरीके हो सकते हैं। अपराधी इस चरण में विशेष रूप से इसलिए सावधानी बरतते हैं क्योंकि यहीं अवैध धन और वित्तीय व्यवस्था के बीच पहला संपर्क स्थापित होता है।

दूसरे चरण को लेयरिंग कहा जाता है। इसका उद्देश्य धन के वास्तविक स्रोत को छिपाना और जांच एजेंसियों के लिए उसके रास्ते को जटिल बनाना होता है। इसके लिए अनेक बैंक खातों, कंपनियों, मध्यस्थ संस्थाओं और वित्तीय लेन-देन का इस्तेमाल किया जा सकता है। धन को एक खाते से दूसरे खाते, एक कंपनी से दूसरी कंपनी अथवा एक देश से दूसरे देश में स्थानांतरित किया जा सकता है। कई बार कागजों पर मौजूद कंपनियों या जटिल व्यावसायिक लेन-देन के माध्यम से धन की ऐसी परतें बनाई जाती हैं कि उसके मूल स्रोत तक पहुंचना कठिन हो जाए। डिजिटल वित्तीय व्यवस्था ने जहां लेन-देन को आसान बनाया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धन के तेज आवागमन ने अपराधियों के लिए नई चुनौतियों और नए अवसरों दोनों को जन्म दिया है। तीसरा चरण इंटीग्रेशन अर्थात एकीकरण है। इस चरण में धन को इस प्रकार अर्थव्यवस्था में वापस लाया जाता है कि वह वैध आय या निवेश जैसा दिखाई देने लगे। अपराध से अर्जित धन का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने, व्यापार में निवेश करने, कंपनियों में पूंजी लगाने या अन्य वैध आर्थिक गतिविधियों में किया जा सकता है। एक बार धन वैध आर्थिक गतिविधियों का हिस्सा बन जाता है तो उसके आपराधिक स्रोत की पहचान करना और भी मुश्किल हो सकता है। इस प्रकार अपराध से अर्जित धन धीरे-धीरे वैध अर्थव्यवस्था में घुलने लगता है।

मनी लॉन्ड्रिंग की सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह अपराध और अर्थव्यवस्था के बीच एक खतरनाक पुल का काम करता है। यदि अपराध से प्राप्त धन को आसानी से वैध बनाया जा सके तो अपराधियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। भ्रष्टाचार से अर्जित धन, मादक पदार्थों की तस्करी से प्राप्त आय, अवैध खनन, धोखाधड़ी, तस्करी और संगठित अपराध से जुड़ी कमाई को धनशोधन के माध्यम से छिपाया जा सकता है। इसके कारण अपराध की आर्थिक नींव मजबूत होती है और कानून का शासन कमजोर पड़ता है।

धनशोधन वित्तीय संस्थाओं की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं यदि अवैध धन के प्रवाह को पहचानने और रोकने में असफल रहती हैं तो पूरी वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े होते हैं। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर अवैध धन का प्रवाह बाजार में प्रतिस्पर्धा को विकृत कर सकता है। ईमानदारी से कारोबार करने वाले व्यक्ति और संस्थाएं उन लोगों से पिछड़ सकते हैं, जिनके पास अपराध से अर्जित पूंजी उपलब्ध है। इस तरह धनशोधन केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि आर्थिक न्याय और वित्तीय स्थिरता का भी प्रश्न है।

भारत ने धनशोधन से निपटने के लिए एक व्यापक कानूनी और संस्थागत ढांचा विकसित किया है। धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 इसका प्रमुख कानूनी आधार है। इस कानून का उद्देश्य अपराध से अर्जित आय की पहचान, जांच, कुर्की और परिस्थितियों के अनुसार जब्ती की प्रक्रिया को सक्षम बनाना है। यह कानून उन गतिविधियों पर कार्रवाई का आधार प्रदान करता है, जिनके माध्यम से अपराध से प्राप्त संपत्ति को छिपाने, रखने, उपयोग करने या उसे वैध दिखाने का प्रयास किया जाता है।

इस कानून के क्रियान्वयन में प्रवर्तन निदेशालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रवर्तन निदेशालय धनशोधन से जुड़े मामलों की जांच करता है तथा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाने और उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाता है। दूसरी ओर, वित्तीय खुफिया इकाई भारत संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से संबंधित सूचनाओं का विश्लेषण करती है। वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त सूचनाओं के विश्लेषण के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करना धनशोधन विरोधी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वित्तीय संस्थाओं के लिए अपने ग्राहक को जानो अर्थात केवाईसी व्यवस्था भी इस लड़ाई का महत्वपूर्ण उपकरण है। ग्राहक की पहचान और वित्तीय गतिविधियों की निगरानी से संदिग्ध खातों तथा असामान्य लेन-देन की पहचान में मदद मिलती है। संदिग्ध लेन-देन की रिपोर्टिंग संबंधी दायित्व भी वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाते हैं। हालांकि केवल नियम बना देना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि इन नियमों का पालन प्रभावी, समान और तकनीकी रूप से सक्षम तरीके से हो।

धनशोधन की प्रकृति सीमा-पार होने के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। अपराधी एक देश में धन अर्जित करके दूसरे देश में उसे स्थानांतरित कर सकते हैं और तीसरे देश में निवेश कर सकते हैं। इसलिए भारत को अन्य देशों, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं और संबंधित जांच एजेंसियों के साथ सूचना साझा करने, संदिग्ध लेन-देन का पता लगाने और अवैध संपत्तियों की पहचान करने में सहयोग बढ़ाना होगा। वैश्विक स्तर पर धनशोधन के विरुद्ध सहयोग जितना मजबूत होगा, अपराधियों के लिए वित्तीय व्यवस्था का दुरुपयोग करना उतना ही कठिन होगा।

## पीतल की कैंची

कस्बे के पुराने महिला कल्याण केंद्र के मुख्य बरामदे की दीवार पर लकड़ी के एक चौकोर खांचे में पीतल की एक भारी और पुरानी कैंची पिछले बीस सालों से टँगी हुई थी जिसकी धार पर वक्त की गर्द जम चुकी थी। उस दीवार के ठीक नीचे सीमेंट की एक पुरानी और टूटी हुई बेंच पर हर सुबह आठ बजते ही पार्वती अम्मा अपनी पुरानी लाठी टेककर आकर बैठ जाती थीं। सफेद सूती साड़ी पहने और अपने कांपते हाथों में मखमल का एक पुराना खाली टुकड़ा थामे पार्वती अम्मा दिन भर उस पीतल की कैंची को एकटक निहारती रहती थीं। केंद्र में सुबह से ही आधुनिक महिला संगठनों की गाड़ियाँ आ रही थीं, शहर की पढ़ी-लिखी और रसूखदार महिला नेत्री मंच पर बराबरी और अधिकारों के पर्चे बाँट रही थीं और कैमरों की रोशनी चमक रही थी। उन नए समाजसेवियों और स्वागत गीत गाती छात्राओं को उस कोने में टँगी धूल भरी पुरानी कैंची से कोई सरोकार नहीं था। केंद्र का पुराना चपरासी मंगरू जब भी चाय की केतली लेकर उधर से निकलता तो अम्मा की उस निश्चल मूरत को देखकर सहम जाता था। अम्मा बहुत ही धीमे और कांपते स्वर में उससे पूछती थीं ₹क्यों रे मंगरू आज इस महिला समानता दिवस पर इस पुरानी कैंची से कोई नया फीता काटने का हुक्म हुआ क्या या आज भी सिर्फ मंच से बराबरी के खोखले वादे ही बाँटे जा रहे हैं?₹ मंगरू बस अपनी नजरें नीची कर लेता और एक ठंडी गहरी साँस भरकर चुपचाप आगे बढ़ जाता था।

कल्याण केंद्र में हाल ही में शहर के बड़े मंत्रालय से स्थानांतरित होकर आईं नई जिला महिला कल्याण अधिकारी अनुराधा शर्मा बहुत ही कड़क, आधुनिक सोच की धनी और प्रशासनिक अनुशासन की पक्की अफसर मानी जाती थीं। अनुराधा मैडम जब भी अपनी फाइलों के साथ समारोह स्थल का मुआयना करने निकलतीं तो उनकी नजर सबसे पहले उसी बेंच पर बैठी पार्वती अम्मा पर जाकर टिक जाती थी जिनकी नजरें हमेशा उस दीवार पर टँगी पीतल की कैंची पर जमी रहती थीं। अनुराधा मैडम को महिला समानता दिवस के इतने बड़े सरकारी आयोजन के बीच किसी वृद्ध महिला का इस तरह रोज आकर एक जंग लगी कैंची के आगे हाथ जोड़ना अंधविश्वास और केंद्र के माहौल को बिगाड़ने जैसा लगता था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 सितंबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - अष्टमी 14:02 उपरांत नवमी
नक्षत्र - मूल 01:33 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - आयुष्मान 15:39 उपरांत सौभाग्य
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु मे
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 07तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में नए अधिकार मिल सकते हैं। अधिकारियों से सराहना मिलेगी।

**वृषभ-** कारोबारी हैं तो व्यापार में नए सौदे फाइनल होने के योग हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**मिथुन-** अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। अपने स्वास्थ्य को लेकर ऊजार्वान महसूस करेंगे।

**कर्क-** नौकरी में स्थान परिवर्तन या नई जिम्मेदारी के संकेत हैं। कारोबारी हैं तो मंद पड़े कारोबार में गति आएगी।

**सिंह-** जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग और प्यार मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

**कन्या-** संचित धन में वृद्धि होगी। मौसमी बीमारियों को लेकर सतर्क रहें। बजट बिगड़ने के आसार हैं।

**तुला-** कार्यक्षेत्र में टीम वर्क से बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफलता मिलेगी। जोड़ों का दर्द परेशान कर सकता है।

**वृश्चिक-** कारोबार में क्लाइंट्स के साथ महत्वपूर्ण बातचीत सफल रहेगी। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।

**धनु-** शादी की बात आगे बढ़ सकती है। रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर-** कार्यस्थल पर किसी से बेवजह न उलझें, अपने काम पर ध्यान दें। थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**कुंभ-** कारोबार में नए काम की शुरूआत के लिए थोड़ा इंतजार करना बेहतर रहेगा। बजट बिगड़ने के आसार हैं।

**मीन-** लव पार्टनर आपकी भावनाओं को समझेगा। फिजूलखर्ची पर रोक लगाएं।

समसामयिक

## गणपति राखो मेरी लाज

सुदी चौथ भादव को प्रगटे, श्री गजानन जी महाराज,
वरद विनायक मंगलकारी, गणपति राखो मेरी लाज ।
चरण कमल में शीश नवाऊं, प्रथम देव तुमको मनाऊं,
नित्य प्रेम से कीर्तन गाऊं, भाव सुमन तुम्हें नित चढ़ाऊं,
रिद्धि-सिद्धि के हो तुम स्वामी, सफल करो सब मेरे काज,
वरद विनायक मंगलकारी, गणपति राखो मेरी लाज ।
रक्त पुष्प सिंदूर चढाऊँ, चंदन केशरिया लगाऊँ,
कानों में कुण्डल पहनाऊँ, बूँदियाँ का भोग बनाऊँ,
भक्तों की सेवा स्वीकारों, कृपा करो अब हे गणराज !
वरद विनायक मंगलकारी, गणपति राखो मेरी लाज ।
भक्त मंडली सदन बुलाऊँ, उत्सव शुचिता से मनाऊँ,
स्तुति जप मंत्रोच्चार कराऊँ, सुबह-शाम आरती गाऊँ,
हर कर जीवन से विघ्नों को, ₹आनंद₹ भरो हे शिवराज !
वरद विनायक मंगलकारी, गणपति राखो मेरी लाज ।
भक्त प्रेम से अर्जी लाएं, मंगलमूर्ति तुम्हें बुलाएं,
शुद्ध भाव से तुमको रिझाएं, विपदाओं से मुक्ति पाएं,
प्रेम प्रार्थना भक्तजनों की, अब तो सुन लो हे गजराज !
वरद विनायक मंगलकारी, गणपति राखो मेरी लाज ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## तस्वीर नहीं, संस्कार लौटाओ

अस्सी के बस चित्र से, खुश होते हो आज।
सोचो उस तस्वीर में, कैसा बसा समाज॥
रिश्ते अपनापन लिए, दिल में था विश्वास।
भाईचारा हर जगह, घर में था उल्लास॥
सादा भोजन, श्रम अधिक, जीवन था खुशहाल।
माटी से जुड़ आदमी, मन से था धनवान॥
अब तो चारों ओर बस, मशीन का संसार।
पैसा बढ़ता जा रहा, घटता प्यार-दुलार॥
इक छत के नीचे रहें, फिर भी दूर विचार।
मोबाइल में सिमटता, अब पूरा संसार॥
संस्कारों की बात अब, लगती जैसे भार।
मयार्दा को भूलकर, कैसी यह रफ्तार॥
राजनीति के खेल में, गिरता रोज विचार।
स्वार्थों की इस दौड़ में, कहाँ है सरोकार॥
क्या लौटेंगे चित्र से, बीते दिन के रंग?
सूने मन के आँगना, कैसे आए उमंग॥
अस्सी जैसा चाहिए, तो बदलो व्यवहार।
तस्वीरें मत खोजिए, खोजो वह संस्कार॥
रिश्ते फिर से जोड़िए, फिर लौटे विश्वास।
प्रेम, श्रम और सादगी–यही समय की आस॥
चित्र नहीं, संस्कार दो, फिर आए वह काल।
रिश्ते जब जीवित रहें, जीवन हो खुशहाल॥ - डॉ. सत्यवान सौरभ

## प्रेम

कस्तूरी मृग नहीं देखे हमने
कस्तूरी गंध क्या होती है मालूम नहीं
मन बना मृग -तृष्णा कोई दिखा जाए कस्तूरी मृग
मन बावला न हो जाए।
छुई -मुई सी होती है पत्तियां कभी छू के देखी नहीं
डर था कहीं प्रेम की प्रीत बंद न हो जाए पत्तियों सी ।
घर -आँगन में बिखेरे दानों को चुगती है चिड़ियाएँ
चाहता हूँ आहट न हो जाए खनक चूड़ियों की
कर देती उनको फुर्र। - संजय वर्मा दृष्टि

# एड़ी के दर्द से पाना चाहते हैं छुटकारा तो आज से ही फोलो करें ये टिप्स

वैसे एड़ियों का दर्द किसी को भी हो सकता है, लेकिन महिलाओं को एड़ियों का दर्द बेहद परेशान करता है। यह दर्द सुबह-सुबह बिस्तर से जमीन पर पैर रखते समय और भी ज्यादा होता है। एड़ियों में दर्द का मुख्य कारण प्लानटर फैसिटिस होता है, इस परिस्थिति को हील स्पर सिंड्रोम भी कहते है। इसके अलावा एड़ियों में दर्द के कई और कारण भी हो सकते हैं जैसे- स्ट्रेस,फ्रैक्चर, टेंडोनाइटिस और अर्थराइटिस के कारण भी हो सकता है। एड़ियों का दर्द आपकी सारी दिनचर्या को प्रभावित कर सकता है।

आमतौर पर एड़ियों का दर्द कुछ समय में ही दूर हो जाता है, लेकिन कई मामलों में ऐसा देखा गया है कि टखनों, मांसपेशियों और जोड़ों में सूजन लंबे समय तक बना रहता है। जिसकी वजह से कुछ भी काम करने में दिक्कत होती है। ऐसे में आपके लिए जरूरी है कि आप कुछ घरेलू टिप्स आजमाएं, जिससे ये समस्या खत्म हो। तो चलिए जान लीजिए इस नुस्खे को।

### गर्म पानी में फिटकरी का करें यूज

फिटकरी या सेंधा नमक भी सूजन को कम करने में बहुत फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में पैर डालकर बैठ जाएं, इससे मांसपेशियों और टखनों की जकड़न दूर होगी और दर्द में राहत मिलेगी।



### गर्म तेल का करें यूज

मांसपेशियों में ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर बनाने के लिए आप गर्म तेल से मालिश कर सकते हैं। इससे बंद नसें खुलती है और टखनों को मजबूती मिलती है। एड़ियों में गर्म तेल या घी से मालिश करने पर कुछ समय में ही आपको दर्द से राहत मिल जाएगी।

### हल्दी का करें इस्तेमाल

हल्दी में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, इसमें एंटी-इन्फ्मेलमटरी गुण होते हैं, जो सूजन को कम करने में बहुत मददगार रहता है। इसके लिए आप तेल में हल्दी डालें और उसे एड़ियों पर लगा लें। अगर आप चाहें तो इसमें गुड़ भी मिला सकते हैं। एड़ियों पर इस पेस्ट को लगाने से दर्द में काफी आराम मिलेगा।

### हील्स की चप्पल पहनने से करें परहेज:

अगर आप वर्किंग हैं और हील्स की चप्पल और जूते पहनने की शौकीन हैं तो अपनी आदत को चैंज करें। लंबी हील्स से रक्त का प्रवाह असामान्य होता है।

### एड़ियों को रखें मॉइश्चराइज

अगर आपकी एड़ियां ज्यादा फटने लगती है या वह कठोर हो जाती है तो भी उनमें दर्द होने लगता है। इसलिए आप हमेशा एड़ियों को मॉइश्चराइज कर रखें, जिससे कि वे फटे नहीं। आप रात को सोने से पहले एड़ियों को मॉइश्चराइज करें।

राधा अष्टमी 19 सितंबर पर विशेष

# कृष्ण को पाने की नहीं, कृष्ण में खो जाने की साधना है राधा



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

राधाष्टमी केवल राधा जी के जन्म का उत्सव नहीं है, बल्कि यह प्रेम के उस स्वरूप को समझने का अवसर है, जिसमें पाने से अधिक महत्व समर्पण का है। संसार में हम जिसे प्रेम कहते हैं, उसमें अक्सर कोई न कोई अपेक्षा छिपी रहती है, साथ मिले, अपनापन मिले, बदले में प्रेम मिले। लेकिन राधा का प्रेम इन अपेक्षाओं से बहुत ऊपर है। वहां प्रेम किसी को अपना बनाने का प्रयास नहीं, बल्कि स्वयं को प्रियतम में पूरी तरह समर्पित कर देने की साधना है। इसीलिए राधा को केवल कृष्ण की प्रेयसी के रूप में देखना उनके आध्यात्मिक स्वरूप को सीमित कर देना होगा। राधा उस प्रेम की प्रतीक हैं, जिसमें प्रेमी का अपना अस्तित्व धीरे-धीरे मिटने लगता है और प्रिय ही उसके जीवन का केंद्र बन जाता है।

ईश्वर तक पहुंचने के अनेक मार्ग बताए गए हैं ज्ञान, कर्म, योग और भक्ति। लेकिन प्रेम का मार्ग सबसे सहज है। जब हृदय में सच्चा प्रेम जागता है तो अहंकार अपने आप कमजोर पड़ने लगता है। शिकायतों की जगह स्वीकार आता है, अपेक्षाओं की जगह समर्पण और दूरी की जगह आत्मीयता जन्म लेती है। इसी कारण प्रेम को हर पीड़ा का अंत और हर शुभ का आरंभ कहा गया है।राधा इसी प्रेम की सर्वोच्च अनुभूति हैं।

जो धरती के आकर्षण से नीचे की ओर बहे वो धारा और जो आकर्षण तोड़ कर ऊपर की ओर जाये वो राधा अर्थात धरती का आकर्षण किसी धारा को नीचे की ओर बहाता है। वह अपने उद्गम से निकलकर आगे बढ़ती है और अंततः सागर में मिलकर अपना अलग अस्तित्व खो देती है। लेकिन राधा की आध्यात्मिक यात्रा इसके विपरीत है। वे संसार के आकर्षण से ऊपर उठने की प्रेरणा देती हैं। बाहरी संसार से भीतर की ओर लौटना और अपने मूल स्रोत तक पहुंचना ही राधा तत्व का संकेत है।

मनुष्य का जीवन भी एक धारा जैसा ही है। जन्म से लेकर मृत्यु तक हम लगातार बाहर की ओर भागते रहते हैं, सुख, संपत्ति, प्रतिष्ठा, संबंध और इच्छाओं के पीछे। हमें लगता है कि अगली उपलब्धि हमें पूर्ण कर देगी, लेकिन एक इच्छा पूरी होते ही दूसरी सामने खड़ी हो जाती है। राधा हमें इस दौड़ से हटाकर भीतर देखने की प्रेरणा देती हैं।

राधा का प्रेम हमें सिखाता है कि ईश्वर को पाने के लिए संसार से भागना आवश्यक नहीं है। आवश्यकता केवल इतनी है कि मन के भीतर बैठे अहंकार को धीरे-धीरे विदा किया जाए। जब मैं कम होने लगता है, तब तुम का अनुभव गहरा होने लगता है और यही अनुभव आगे चलकर भक्ति में बदल जाता है।

इसी भाव को एक सुंदर आध्यात्मिक प्रतीक में समझा जा सकता है, हर छूटती सांस कृष्ण है और हर भीतर आती सांस राधा। एक सांस हमें जीवन से बाहर की ओर ले जाती है और दूसरी फिर जीवन से जोड़ देती है। जैसे प्रत्येक क्षण राधा और कृष्ण का एक मौन संवाद हमारे भीतर चलता रहता हो।

कृष्ण जीवन के सार हैं तो राधा उस सार को अनुभव करने का आधार। कृष्ण परम चेतना हैं तो राधा उस चेतना तक पहुंचने वाली प्रेममयी अनुभूति। कृष्ण को जानने का प्रयास ज्ञान हो सकता है, लेकिन कृष्ण को हृदय से महसूस करना प्रेम है। और प्रेम की उसी अनुभूति का नाम राधा है।

इसलिए राधाष्टमी का पर्व केवल पूजा और उत्सव तक सीमित न रहे। यह हमारे लिए आत्मचिंतन का अवसर बने। हम अपने संबंधों में देखें कि हमारा प्रेम कितना निस्वार्थ है, हमारी भक्ति में कितनी अपेक्षा है और हमारे समर्पण में कितना अहंकार बचा हुआ है।

क्योंकि राधा का संदेश यही है कि प्रेम में सबसे बड़ी उपलब्धि किसी को पा लेना नहीं, बल्कि अपने भीतर के मैं को खो देना है। जब अहंकार मिटता है तो प्रेम प्रकट होता है, और जहां प्रेम पूर्ण होता है, वहां भक्त और भगवान के बीच दूरी नहीं रह जाती। राधा उसी मिटती हुई दूरी का नाम हैं।

इस राधाष्टमी पर यदि हम राधा को सच में समझना चाहते हैं, तो केवल उनके चरणों में फूल चढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। अपने भीतर प्रेम, करुणा, समर्पण और अहंकार से मुक्ति के कुछ फूल भी खिलाने होंगे।

कृष्ण जीवन का सार हैं, राधा जीवन का आधार; कृष्ण परम सत्य हैं, तो उस सत्य तक पहुंचने वाली सबसे कोमल अनुभूति राधा हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्डे- 1,50,500 रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,36,000 पाट- 2,35,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## भगवान विश्वकर्मा जयंती पर निकला चल समारोह

**शाजापुर।** शहर में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाते हुए चल समारोह निकाला गया। विश्वकर्मा समाज द्वारा गुरुवार को सोमवारिया बाजार स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर से चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में शामिल समाजजन झूमते नाचते चल रहे थे। चल समारोह नाग नागिनी रोड, नई सड़क, छोटा चौक, बड़ा चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ।

## भारतीय मजदूर संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**शाजापुर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस मौके पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। साथ ही भारतीय संस्कृति और श्रम-परंपरा के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा को संपूर्ण श्रमिक जगत का आराध्य देव मानते हुए राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के अमूल्य योगदान को याद किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला मंत्री हरीश थोमरे, विशेष अतिथि के रूप में अशोक राठौर एवं वैष्णवी दीक्षित मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री राजेंद्र वर्मा ने की। संचालन राकेश सौराष्ट्रीय ने किया।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी गगन को 03 वर्ष का कारावास

**शाजापुर।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अदालत ने तीन वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जिला शाजापुर द्वारा आरोपी गगन सिंह ठाकुर पिता गजेंद्र सिंह उम्र 31 साल निवासी हनुमान मोहल्ला अकोदिया जिला शाजापुर को पॉक्सो अधिनियम की धारा 7/8 में 03 वर्ष का कठोर कारावास और 2000 अर्थदण्ड, भादवि की धारा 78(1) (आई) में 03 वर्ष का कठोर कारावास और 2000 अर्थदण्ड, भादवि की धारा 79 में 03 वर्ष का कठोर कारावास और 2000 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी को दण्डित किया।

### 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से खुला विद्युत तार चोरी का राज

# चार आरोपी गिरफ्तार, 8 बंडल तार, लोडिंग वाहन व कटर सहित 5 लाख रुपए की सामग्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



विद्युत तार चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फु टेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एपीईबी के चोरी किए गए 8 बंडल एल्युमिनियम विद्युत तार, वारदात में इस्तेमाल लोडिंग वाहन और तार काटने का लोहे का कटर बरामद किया है। जब्त सामग्री की कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों से एक अन्य विद्युत तार चोरी की वारदात का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार अवंतीपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र में एपीईबी के 12 बंडल विद्युत तार अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गए थे। एपीईबी अधिकारियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया था।

मामले की जांच के लिए थाना प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने वारदात स्थल के आसपास के क्षेत्र से लेकर प्रमुख मार्गों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। फु टेज से मिले सुरागों के साथ मुखबिरों से मिली जानकारी को जोड़ा गया। इसके बाद पुलिस ने पगरावद पीपलरावा रोड पर घेराबंदी कर चार आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अजहरुद्दीन पिता अली मोहम्मद, फिरोज पिता हसन अली, शाहरुख पिता शेर खां और मोहसिन खां पिता इमरान खां शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं लोडिंग वाहन से चोरी के 8 बंडल एल्युमिनियम विद्युत तार बरामद किए। इसके अलावा तार काटने में इस्तेमाल लोहे का कटर भी जब्त किया गया। जब्त सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए है।

### एक और चोरी में संलिप्तता कबूली

पूछताछ में आरोपियों ने ग्राम पंवाडिया में हुई विद्युत तार चोरी की वारदात में भी शामिल होना स्वीकार किया। इस मामले में अवंतीपुर बड़ोदिया थाने में प्रकरण दर्ज है। पुलिस के अनुसार आरोपी अजहरुद्दीन के खिलाफ सिद्दीकगंज और आष्टा थानों में विद्युत तार चोरी के चार पूर्व प्रकरण भी दर्ज हैं।

### नागरिकों के सीसीटवी ने भी निभाई अहम भूमिका

पुलिस के मुताबिक वारदात के खुलासे में स्थानीय नागरिकों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फु टेज पुलिस को उपलब्ध कराई। पुलिस ने सहयोग करने वाले नागरिकों का आभार जताते हुए उन्हें सम्मानित करने की बात कही है। कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक बृजेश मिश्रा, आरक्षक श्रवण सिन्हा, प्रधान आरक्षक रसूल रावत, आरक्षक कमलेश आवले, सुमित पटेल, बल्लू वर्मा, ललित वर्मा, मेहरबान, रवि राठौर, आरक्षक चालक हेमंत, सैनिक ओमप्रकाश तथा साइबर सेल शाजापुर के सैनिक घनश्याम राजपूत की भूमिका रही।

## सीवरेज के गड्ढों में जलाए दीपक 4 महीने से अधूरे काम और कीचड़ के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

### पीएम के जन्मदिन पर जागे अफसर, काम फिर शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के वार्ड क्रमांक 40 के जोशीपुरा इलाके में अधूरे सीवरेज काम से परेशान रहवासियों ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लोगों ने अपने घरों के सामने खुदे गड्ढों और जमा कीचड़ में दीपक जलाए। रहवासियों ने साफ कहा कि उनका विरोध जन्मदिन का नहीं, बल्कि करीब चार महीने से अधूरे पड़े सीवरेज काम के कारण हो रही परेशानी का है।

रहवासी उमेश चावड़ा और अन्य लोगों ने बताया कि सीवरेज का काम अधूरा होने के कारण घरों के सामने गड्ढे और कीचड़ जमा है। इससे इलाके के करीब 50 परिवार परेशान हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। लोगों को घर से निकलने में परेशानी होती है और कई बार फिसलने से लोग गिर भी जाते हैं।


रहवासियों के मुताबिक, वे कई बार अधिकारियों को समस्या बता चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि ठेकेदार ने कुछ जगहों पर काम जारी रखा, लेकिन उनके इलाके में करीब एक महीने से काम बंद था। सड़क निर्माण मंजूर होने के बावजूद सीवरेज का काम पूरा नहीं होने के कारण सड़क भी नहीं बन पा रही है।

सीवरेज काम में देरी के विरोध में रहवासियों ने गड्ढों और कीचड़ के बीच दीपक जलाकर अपनी परेशानी जताई। प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को ठेकेदार और मजदूर मौके पर पहुंचे और दोबारा सीवरेज का काम शुरू कर दिया। स्थानीय पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस ने बताया कि सीवरेज का काम लगातार चल रहा था, लेकिन बारिश के कारण काम रुक गया था। उन्होंने कहा कि दो दिन में सीवरेज का काम पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

## तेज बारिश से फसलों को मिली राहत, कुंडालिया बांध के गेट बंद

### जिले में अब तक 38.5 इंच औसत बारिश

अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा



शुक्रवार सुबह से ही बादल छाए हुए थे। दोपहर में करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे शहर और ग्रामीण इलाके पानी से भर गए। बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया और उमस से राहत मिली। इस बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को भी काफी फायदा हुआ है। लगातार हो रही बारिश से जलाशयों और कुओं में पानी का स्तर बढ़ गया है। इससे किसानों को आने वाली फसलों की सिंचाई के लिए पानी की चिंता कम हुई है।

### जिले में हुई बारिश के आंकड़े

जिले में 1 जून से 18 सितंबर तक औसतन 38.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। सुबह 8 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, आगर तहसील में 40.6 इंच, बड़ौद में 27.7 इंच, नलखेड़ा में 43.9 इंच, सोयतकलां में 44.3 इंच और सुसनेर में 36.1 इंच बारिश हुई है।

पिछले 24 घंटों में, यानी सुबह 8 बजे तक, जिले में 0.04 इंच बारिश दर्ज हुई। इसमें नलखेड़ा में 0.04 इंच बारिश हुई, जबकि बाकी तहसीलों में कोई बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई।

### ज्यादा बारिश पर खेलेंगे गेट

अधिकारी अर्पित सक्सेना ने बताया कि पानी की आवक बढ़ने पर जरूरत पड़ने पर बांध के गेट खोले जा सकते हैं। लगातार बारिश के कारण कुंडालिया बांध अपने तय जलस्तर तक पहुंच गया है। फिलहाल बांध के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं।



## संभाग स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाजापुर।** स्कूलीय गेम्स शालेय खेल प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 अंतर्गत स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान पर रग्बी खेल संभाग स्तरीय 14, 17, 19 आयु वर्ग में बालक, बालिकाओं की प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, सोनू मालवीय क्रीड़ा अधिकारी शा. महाविद्यालय शाजापुर एवं शिक्षिका रेखा पुरोहित के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला क्रीड़ा अधिकारी बी.एल. गोयल द्वारा अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग के उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, आगर देवास, शाजापुर जिले से आए लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर अपना करियर खेल के क्षेत्र में बनाने हेतु प्रेरित किया और जीवन में खेलों से होने वाले फायदे भी बच्चों को बताए। क्रीड़ा अधिकारी गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी उज्जैन संभाग के दल के साथ आगामी माह अक्टूबर इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। उन्होने बताया कि बालिका 14,17,19 वर्ग में शाजापुर जिला विजेता रहा। वहीं बालक वर्ग 14,17 वर्ष में शाजापुर व 19 वर्ष में देवास विजेता शाजापुर उपविजेता रहा। ओवर आल प्रतियोगिता में शाजापुर प्रथम स्थान पर रहा। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में निर्णायक और प्रशिक्षकों के रूप में अर्जुन पाटीदार, जितेन्द्र बरेलिया, रविंद्र पाटीदार, विरेंद्र भंवरसे, अजय हनोतीया, गिरीराज सोलंकी, अदिति कसेरा, रानी केवट, स्वदेश कदम, कीर्ति पाटीदार, अंकुर राजोरिया की सराहनीय भूमिका रही।

### छात्रों की गूंज के समर्थन में कांग्रेस की न्याय यात्रा

## देवास से आज इन्दौर10 हजार से ज्यादा छात्रों के पहुंचने का दावा




**देवास।** देवास में गुरुवार को कांग्रेस ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम के समर्थन में न्याय यात्रा निकाली। यह कार्यक्रम 19 सितंबर को इंदौर में होगा। जिला शहर कांग्रेस कमेटी का दावा है कि देवास जिले से 10 हजार से ज्यादा छात्र इसमें शामिल होंगे। यात्रा शाम 5 बजे जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई। यह सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा, अलंकार चौराहा, लोहा बाजार और तीन बत्ती से होते हुए वापस जवाहर चौक पहुंची। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छात्रों से बात की और उन्हें इंदौर के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने बताया कि इंदौर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर देवास के छात्रों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में युवा व छात्र इंदौर पहुंचेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मुताबिक, वे लगातार छात्रों से संपर्क कर रहे हैं और उनकी भागीदारी के लिए काम कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि आज 19 सितंबर को देवास से बड़ी संख्या में छात्र इंदौर जाएंगे।

## मेदा मिल के पास दो बाइक में टक्कर, दो घायल

**शुजालपुर।** आष्टा-शुजालपुर रोड पर मेदा मिल के पास तेज रफ्तार अज्ञात बाइक चालक ने सामने से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार जामनेर निवासी दीपक मालवीय और अमन खां घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी पहुंचाया गया। दुर्घटना लगभग 10 दिवस पूर्व की है और घायलों को हालत में सुधार आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार दीपक ने बताया कि वह अपनी पेशन प्रो बाइक से अरनिया से जामनेर जा रहा था। रास्ते में गांव का अमन भी उसके साथ बाइक पर सवार हो गया। शाम करीब 7.30 बजे मेदा मिल के पास शुजालपुर की ओर से आए अज्ञात बाइक चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 राजेन्द्रसिंह पिता कालुसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम बालोदाहसन, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, 02 जितेन्द्र सारोलिया पिता सीतारामजी सारोलिया जाति बलाई, निवासी ब्रजराजखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 640 रकबा 0.94 हे० तथा राजेन्द्रसिंह पिता कालुसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम बालोदाहसन, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की सर्वे नं. 641/2 रकबा 0.40 हे. स्थित ग्राम पीरझलार, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है व भूमि स्वामी द्वारा एक विक्रय सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 18/09/2026

**सूर्यकुमार परमार, एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबा. 9977060138**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**

## लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस०ओ० 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s MKC Infrastructure Ltd. Authorized Person, AnoopTiwari, Akyanajik Stone(Gitti) STP Quarry, Mining of Minerals, Capacity: 1,75,000 cum per annum, Area: 2.1200 Hect. Khasra No. 17 Village-Akyanajik, Tehsil Unhel District-Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) ग्राम पंचायत आक्यानाजिक, तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 22.10.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम आक्यानाजिक तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

## न्यायालय नायब तहसीलदार श्यामपुर मोडी तहसील सुसनेर जिला आगर-मालवा

**प्रकरण कमांक/0837/अ-6/2026-27** **दिनांक 17/09/2026**

सर्वसाधारण जनता ग्राम देहरिया सुसनेर को सुचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णपाल पिता जगदीश, त्रिभूवनसिह, दशरथ, लोकेन्द्रसिह पुत्रगण बनेसिह जाति राजपुत निवासीग ग्राम देहरिया सुसनेर के भूमि सर्वे नं0 100 रकबा 0.32 हे0, 103 रकबा 0.14 हे0, 229 रकबा 0.98 हे0, 739 रकबा 0.67 हे0, 958 रकबा 0.91 हे0, 959 रकबा 0.100 हे0, 963 रकबा 0.180 हे0, 964 रकबा 0.370 हे0 कुलकिता 8 कुल रकबा 3.670 हे० तथा दुसरे खाते के भूमि सर्वे नं0 151 रकबा 0.160 हे0, 152 रकबा 0.54 हे0, 158 रकबा 1.68 हे०, 159 रकबा 1.32 हे0, 160 रकबा 1.15 हे0 कुलकिता 5 कुल रकबा 4.850 हे० भूमि पर वसीयतकर्ता उदयसिह पिता रामसिह जाति राजपुत निवासी ग्राम लिंगोडा तहसील आगर के मृत्यु उपरान्त रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर नामान्तरण हेतु इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वसीयत नामान्तरण के संबंध इस्तहार का प्रकाशन किया गया है। उपरोक्त नामान्तरण के संबध मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से 15 दिवस मे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में स्वयं या स्वयं के द्वारा नियुक्त विधिक व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद गुजर जाने पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से विज्ञप्ति जारी की गई।

**नायब तहसीलदार,**
**तहसील-सुसनेर**

## जाहिर सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01- प्रभाकुवंर पति शंकरसिंह 02- अजयसिंह पिता शंकरसिंह 03- गोपालसिंह पिता शंकरसिंह निवासीगण-ग्राम बच्चुखेडा पानबिहार तहसील घटिटया द्वारा अपने हक हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 3002/3 रकबा 0.02 हैक्टर 3003/7 रकबा 0.09 हैक्टर कुल किता 02 कुल विक्रीत रकबा 0.11 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम बच्चुखेडा पानबिहार पटवारी हल्का नम्बर 00014 तहसील घटिटया जिला उज्जैन में होकर उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा कर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि, उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी। सुचित हो- इति, दिनांक 18-09-2026

**शुभम वर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन**
**मोबा. 97527-98030**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी बाबूलाल पिता गोवर्धनलाल व्यवसाय कृषि निवासी कृषक ग्राम टुकराल तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 188/2 रकबा 0.25 हैक्टर सर्वे क्रमांक 189 रकबा 0.50 हैक्टर, सर्वे 190/2 रकबा 0.25 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 185/1/2 रकबा 0.16 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 196/1/1 रकबा 0.16 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 196/1/2 रकबा 0.11 हैक्टर सर्वे क्रमांक 199/2/2 रकबा 0.16 हैक्टर सर्वे क्रमांक 188/2 रकबा 0.25 हैक्टर भूमि स्वामी मनीषा यादव पिता बाबूलाल जी निवासी ग्राम टुकराल तहसील माकडोन जिला उज्जैन के नाम से भूमि सर्वे क्रमांक 186/2, 138/1 रकबा 0.45,0.30 हैक्टर कुल विक्रीत रकबा 2.34 हैक्टर स्थित ग्राम टुकराल तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र में स्थित होकर से सौदा चिट्ठी संपादित कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है एवं समय अवधि में अनुबंध पत्र व पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा।

यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयीन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो- इति दिनांक-18-09-2026

**विष्णु राईया सर्विस प्रोवाइडर**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.नं.-75664-70288**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 2/1 का पश्चिम दिशा वाला भाग स्थित महादजी मार्ग, गली न. 04 उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 69.25 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- विक्रेता की शेष भूमि (निजी मंदिर मुरली मनोहर), पश्चिम मे- बंद गली पश्चात सत्यनारायण मंदिर, उत्तर मे- चंद्रशेखर आजाद मार्ग, दक्षिण मे- अशोक सोनगरा का मकान स्थित है। उक्त संपत्ति प्रवीण पांचाल, पंकज पांचाल, श्रीमती अल्पना, श्रीमती अमिता पांचाल, पिता स्व. श्री गजानंद पांचाल एवं शशिबाला पांचाल पति स्व. श्री प्रकाश पांचाल, रश्मि मोहिने, श्रृष्टि पांचाल पुत्रीगण स्व.प्रकाश पांचाल को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है। तथा प्रवीण पाचांल आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं पंकज पांचाल पिता श्री मनोहर पांचाल एवं श्रीमती वर्षा पांचाल पति श्री पंकज पांचाल से किया है तथा पंकज पांचाल एवं वर्षा पांचाल ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 2/1 स्थित महादजी मार्ग, गली न. 04 उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 152.41 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- महादजी मार्ग गली न. 04, पश्चिम मे- उक्त भूखण्ड की शेष भुमि, उत्तर में- चंद्रशेखर आजाद मार्ग, दक्षिण मे- क्रेतागण की भूमि स्थित है। उक्त संपत्ति प्रवीण पांचाल, पंकज पांचाल, श्रीमती अल्पना, श्रीमती अमिता पांचाल, पिता स्व. श्री गजानंद पांचाल एवं शशिबाला पांचाल पति स्व. श्री प्रकाश पांचाल, रश्मि मोहिने, श्रृष्टि पांचाल पुत्रीगण स्व.प्रकाश पांचाल को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है। तथा प्रवीण पाचांल आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं अनिल कुमार भावसार पिता बद्रीलाल भावसार एवं श्रीमति टीना भावसार पति श्री अनिल कुमार भावसार से किया है तथा अनिल कुमार भावसार एवं टीना भावसार ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

**केन्द्रीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन**
**पंजीयन क्रमांक ए.आर./यू.जे.एन./122 दिनांक 29.11.1986**
**कार्यालय : मुख्य डाकघर परिसर देवासगेट उज्जैन - 456001**

**दिनांक 17.09.2026**

## साधारण सभा की सूचना

**माननीय समस्त सदस्यगण,**
**केन्द्रीय कर्मचारी गृह निर्माण सह.सं. मर्या. उज्जैन,**

आपको सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 20.09.2026 वार रविवार को दोपहर 12 बजे स्थान केन्द्रीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मुख्य डाकघर परिसर देवासगेट, उज्जैन में आयोजित की गई है। सूचना पत्र डाक द्वारा भेजे जा चुके है यदि किसी कारण वश सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो तो इस सूचना को ही आधार मानकर सभा में आप अवश्य पधारे। आप सादर आमंत्रित हैं ।

**प्रबंधक**
**केन्द्रीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन**

## युवाओं ने सीएमओ ऑफिस में रखा गाय का शव

**भिंड।** भिंड के गोहद नगर में बाबा कपूर की गली में तीन दिन से घायल पड़ी गाय ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। गाय की मौत की खबर मिलते ही युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। युवाओं ने टमटम में गाय का शव रखा और नगर के प्रमुख मार्गों से शवयात्रा निकालते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसके बाद युवाओं ने गाय का शव नगर पालिका कार्यालय में सीएमओ के चेंबर में रख दिया, जिससे कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। युवाओं का कहना था कि गाय घायल हालत में तीन दिन से सड़क किनारे पड़ी थी। उसके उपचार के लिए एसडीएम और सीएमओ को कई बार फोन किया गया, लेकिन कथित तौर पर अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका। उनका आरोप है कि समय रहते गाय को उपचार मिल जाता तो उसकी जान बच सकती थी।

## एग्रीमेंट का स्टे हटाने के बदले मांगी रकम

**कोटा।** अंता के स्हरू हवाई सिंह यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि प्लानिंग की जमीन पर लगी आपत्ति हटाने और एग्रीमेंट पर लगे स्टे को हटाने के बदले 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। एसीबी के सत्यापन में एक मामले में 50 हजार रुपए रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। ट्रैप की भनक लगने के कारण रिश्वत की राशि का लेन-देन नहीं हो सका। शिकायत के आधार पर ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू की है। एसीबी कोटा इकाई के एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि शिकायत में एक अन्य प्लानिंग की भूमि के एग्रीमेंट पर लगे स्टे को हटाने के लिए 50 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया गया। शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया। इसमें स्टे हटाने के बदले 50 हजार रुपए मांगना पाया गया। परिवादी के राशि कम करने के विनती पर 45 हजार रुपए लेने पर सहमत हुए और राशि कथित दलाल को देने के लिए कहा।

## कार-बाइक की भिड़ंत में पति-पत्नी और बेटे की मौत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर कार छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने बताया- टक्कर के बाद धमाके जैसी आवाज आई। लोगों ने क्षतिग्रस्त बाइक को कार की पीछे वाली सीट पर रख दिया। हादसा भीलवाड़ा-कोटा नेशनल हाईवे-758 पर बीगोद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे हुआ। थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया- सदर थाना इलाके के रूपाहेली गांव के रहने वाले भगवान (67) पुत्र रोड़ा बागरिया, पत्नी देऊ बागरिया (53) और बेटे रतन बागरिया (24) के साथ मांडलगढ़ की तरफ जा रहे थे। इस दौरान नयागांव के पास दिल्ली नंबर की वरना कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार तीनों लोग उछलकर कार के शीशे पर गिरे। सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बीगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखवाया।

## भारत में पैदा हुए मादा चीता ने 4 शावक जन्मे

**श्योपुर।** प्रोजेक्ट चीता के 4 साल पूरे होने के एक दिन बाद 18 सितंबर को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी मादा चीता 12 ने 4 शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए एक खास और महत्वपूर्ण पल बताया। मंत्री ने कहा कि यह चीता संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसे चार साल, चार नए जीवन बताते हुए कहा कि यह भारत में चीता संरक्षण की बढ़ती सफलता और दृढ़ संकल्प का अच्छा प्रतीक है। नए शावकों के जन्म के बाद अब कूनो में अब चीतों की संख्या बढ़कर 53 हो गई हैं। जिनमें 37 भारत में जन्मे हैं। भारत में जन्म लेना और अब उसके शावकों को जन्म देना प्रोजेक्ट चीता के लिए खास महत्व रखता है।

### सिविल अस्पताल आरोन में लगा विशाल रक्तदान शिविर

**आरोन।** सिविल अस्पताल आरोन में गुरुवार 18 सितंबर 2026 को मानव सेवा और जन जागरूकता का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर सुबह से ही रक्तदाताओं के उत्साह से भरा रहा। शिविर में समाज के हर वर्ग की सहभागिता देखने को मिली। क्षेत्र के आम नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियनों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. अविनाश रघुवंशी और नायब तहसीलदार आरोन अमित जैन ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया।

## बढ़ता अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक से परेशान लोग

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

जिले में लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं को लेकर आमजन में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और नगरपालिका की कथित अनदेखी का असर अब सार्वजनिक तौर पर सामने आने लगा है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दौरे के दौरान भी लोगों ने शहर की बदहाल सड़कों की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए और अपनी नाराजगी जाहिर की।

दरअसल शहर की कई सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं और जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इसके अलावा कचरे के ढेर, नालियों में जमा गंदगी, बढ़ता अतिक्रमण और बिगड़ती यातायात व्यवस्था जैसी समस्याएं भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। विकास कार्यों के नाम पर शहर में चल रही अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर भी नागरिकों में असंतोष है।

आमजन का कहना है कि यदि प्रशासन और जिम्मेदार विभाग समय रहते इन समस्याओं को लेकर गंभीरता दिखाते और नियमित निगरानी करते, तो कई समस्याओं का समाधान पहले ही हो सकता था। वर्षों से खराब पड़ी सड़कों को लेकर भी लोगों का सवाल है कि आखिर जिम्मेदारी तय होने के बावजूद सुधार कार्य समय पर क्यों नहीं हो पाए।

**गुलाबगंजवासियों का मुद्दा चर्चा का विषय-** शुक्रवार दूसरे दिन दौरे पर कुछ ऐसा ही नजारा सामने आया जब क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुलाबगंज होकर बरखेड़ा जा रहे थे। इस दौरान गुना में सड़क बदहाली पर स्थानीयों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि साहब निवेदन है इस बार समय से पहले यह रोड डल जाए नहीं तो फिर वोट के समय आयेंगे तो हम वोट बिल्कुल कोई नहीं डालेंगे। ऐसा सुनते ही नाराज हुए सिंधिया, बोले- 'यह भाषा मेरे साथ उपयोग मत करना' आप निवेदन करें हम काम करेंगे। शहर में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी लोगों की चिंताएं सामने आती रही हैं। नागरिकों का कहना है कि जब स्थानीय स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता तो वे अपनी बात अपने जनप्रतिनिधियों के सामने ही रखेंगे। जनता ने जिन प्रतिनिधियों को चुनकर संसद और अन्य जिम्मेदार पदों तक पहुंचाया है, उनसे सवाल करना भी उसका लोकतांत्रिक अधिकार है।

**आगामी चुनावों में स्थानीय मुद्दे बन सकते हैं अहम-** शहर की बदहाल व्यवस्थाओं और नगरपालिका के कामकाज को लेकर उठ रहे सवालों का असर आगामी चुनावी माहौल में भी देखने को मिल सकता है। बदहाल सड़कें, कचरा, अतिक्रमण, नालियों की सफाई, यातायात व्यवस्था और विकास कार्यों में पारदर्शिता जैसे स्थानीय मुद्दे जनता के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाला काम चाहिए। अब निगाहें इस बात पर हैं कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं।

## पैदल जा रहे ग्रामीण से टकराई थी बाइक

**शुजालपुर।** आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर ग्राम अमलाय पत्थर की के समीप गुरूवार शाम हुए सड़क हादसे में डॉक्टर विनोद सहगल के घायल होने के मामले में जानकारी सामने आई कि उनकी बाइक पैदल जा रहे एक ग्रामीण से टकराई थी। मिली जानकारी अनुसार दुर्घटना के समय डॉक्टर सहगल जिस बाइक पर सवार थे उस बाइक की टक्कर सड़क पर पैदल जा रहे पूनमचन्द्र गेहलोत से टकराई थी और टक्कर के बाद बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें डॉक्टर सहगल और उनके साथ सवार व्यक्ति घायल हुए थे। डॉक्टर सहगल का वर्तमान में भोपाल में उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में ग्राम अमलाय पत्थरकी निवासी गजेन्द्र गेहलोत ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गुरूवार शाम करीब 6.45 बजे उसका चचेरा भाई पूनमचन्द्र गेहलोत दूध लेकर पैदल गांव की ओर जा रहा था। वह भेरू महाराज मंदिर के सामने शुजालपुर-आष्टा रोड पर पहुंचा ही था तभी अरनिया की ओर से आ रही बाइक ने उसे सामने से टक्कर मार दी।

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा LIC Housing Finance Limited के समक्ष राजेश सुनेल पिता श्री रमेश सुनेल निवासी-101, एकता नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा रो-हाऊसेस जिसका भवन क्रमांक 233, जिसका कुल क्षेत्रफल 600.00 वर्गफीट स्थित ''देवास लाईफ स्टाईल'' कॉलोनी ग्राम नागुखेड़ी, तहसील व जिला देवास (म.प्र.) जिसके पूर्व में-कॉलोनी के भूखण्ड, पश्चिम-सड़क कॉलोनी की, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 234 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 232 है, को बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त संपश्रि को खदीजा शेख पिता जमीलउद्धीन शेख निवासी-84, रानीबाग कॉलोनी, देवास (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 108942017ए1538701 दिनांक 21.09.2017 के द्वारा क्रय किया गया था, तत्पश्चात् खदीजा शेख पिता जमीलउद्धीन शेख का मृत्यु दिनांक 15.05.2021 को हो गया है उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके वैध उत्तराधिकारी उनके पति मोहम्मद जिशान सिद्धिकी पिता फिरोज सिद्धिकी द्वारा स्वयं को एकमात्र वारिस एवं उश्रराधिकारी के आधार पर नगर निगम में नामांतरण करवा लिया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, को कोई आपश्रि हो या खदीजा शेख पिता जमीलउद्धीन शेख का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी हो अथवा शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को LIC Housing Finance Limited द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो । दिनांक:-18.09.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827228461**


### पश्चिम रेलवे द्वारा साप्ताहिक विशेष ट्रेनों की फेरों में विस्तार

| ट्रेन संख्या | से | तक | चलने का दिन | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|---|
| 02200 | बांद्रा टर्मिनस | वीरांगगमनरा लक्ष्यममीबाई झाँसी | शनिवार | 28.11.2026 |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मामीबाई झाँसी | वीदांगगरा टर्मिनस | गुरुवार | 26.11.2026 |
| 04140 | दादर | प्रागराज | रविवार | 29.11.2026 |
| 04139 | प्रयागराज | दादर | गुरुवार | 27.11.2026 |
| 04176 | दादर | सुबेदावराज | शुक्रवार | 24.11.2026 |
| 04175 | सुबेदावरढाज | दादर | मंगलवार | 22.11.2026 |
| 04178 | VALSAD | सुबेदारगंज | मंगलवार | 25.11.2026 |
| 04177 | सुबेदारगंज | VALSAD | बुधवार | 24.11.2026 |
| 04120 | वलसाड | सुबेदावरगंज | बुधवार | 25.11.2026 |
| 04119 | सुबेदावरढांज | वलसाड | बुधवार | 29.11.2026 |
| 04109 | उधना | परायवराज | शुक्रवार और सोमवार | 28.11.2026 |
| 04106 | परायावराज | उधना | शुरुवार और सेमवार | 30.11.2026 |
| 04105 | उधना | आगरा कैंट | गुरुवार और रविवार | 25.11.2026 |
| 01907 | आगरा कैंट | उधना | गुरुवार | 24.11.2026 |
| 04170 | इंदौर | सुबेदावरकाज | शनिवार और मंगलवार | 28.11.2026 |
| 04169 | सबेदावरकाज | इंदौर | शनिवार और मंगलवार | 27.11.2026 |

ठहराव, ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन संख्या 02200, 04140, 04176, 04178, 04120, 04106, 01908 और 04170 के लिए बुकिंग 19.09.2026 को सभी पीआरएस काउंटरों पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलती है। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें पसंद करें और हमें फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें


## माला पहनाते-पहनाते जिंदगी गुजर गई महाराज! आपके राज में आज खाद नहीं मिल रहा



**गुना।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना दौरे के दूसरे दिन सर्किट हाउस में उस वक्त सन्नाटा छा गया, जब खाद की किल्लत से बेहाल दर्जनों किसान अपनी फरियाद लेकर सीधे उनके सामने जा पहुंचे। खाद की कालाबाजारी और सर्वर की मनमानी से तंग आ चुके एक किसान ने जब भरी सभा में हाथ जोडकर दर्द बयां किया कि महाराज! जिंदगी हो गई माला पहनाते-पहनाते, लेकिन खेत के लिए दो बोरी खाद नहीं मिल पा रहा है, तो माहौल पूरी तरह गर्मा गया। किसान की बात सुनते ही सिंधिया का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले को आड़े हाथों लिया।

किसान की व्यथा सुनते ही केंद्रीय मंत्री ने पास खड़े गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए। जब कलेक्टर ने औपचारिकता निभाते हुए ठीक है कहा, तो सिंधिया ने उन्हें रोकते हुए सख्त लहजे में कहा— ठीक है नहीं, नोट करिए। पेन और पैड निकालिए और हर किसान का नाम-नंबर दर्ज कीजिए। मैं अपनी ड्यूटी पर हर चीज नोट करता हूं, तो आपको भी करनी होगी। मंत्री के कड़े रुख को देखते ही मौके पर हडकंप मच गया। आनन-फानन में पेन-पैड मंगवाया गया और कलेक्टर ने खुद किसानों के नाम और मोबाइल नंबर कागज पर दर्ज किए। ग्रामीण इलाकों और पगारा से आए किसानों ने आरोप लगाया कि सोसायटी और खाद वितरण केंद्रों पर भारी धांधली चल रही है। किसानों का कहना है कि जैसे ही वे खाद की ऑनलाइन बुकिंग के लिए साइट खोलते हैं, कुछ ही सेकंड में सारे टोकन खत्म दिखाई देने लगते हैं। अन्नदाताओं ने ऑनलाइन सिस्टम हैक होने और बिचौलियों की सांठगांठ से टोकन कालाबाजारी में बेचने की गंभीर आशंका जताई।

## जाट समाज ने निकाली वीर तेजाजी महाराज की निशान यात्रा

**शुजालपुर।** जाट समाज की ओर से शुक्रवार को लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज की निशान यात्रा निकाली गई। पचोर रोड स्थित किशनदीप गार्डन से शुरू हुए चल समारोह में समाजजन ध्वज और निशान लेकर शामिल हुए। इस दौरान कई बाइक के साथ ट्रैक्टर और चार पहिया वाहन भी यात्रा का हिस्सा रहे। डीजे की धुन पर श्रद्धालु तेजाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा में वीर तेजाजी महाराज की आकर्षक झांकी भी शामिल रही।

चल समारोह शुजालपुर सिटी से होते हुए मंडी के प्रमुख मागों से गुजरा और आष्टा रोड होकर जेठडा जोड से ग्राम मगरानिया पहुंचा। इस यात्रा में शुजालपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में समाजजन यात्रा में शामिल हुए। शहर में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। जाट समाज जिला अध्यक्ष अजय जाट ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज को एकजुट करने के साथ-साथ वीर तेजाजी महाराज के सत्य, त्याग, वीरता और लोककल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयोजन किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं, तेजा भक्तों एवं समाजबंधुओं के सामूहिक सहयोग और सहभागिता का परिणाम है। ग्राम मगरानिया स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर पहुंचने पर पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। इसके बाद महाप्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के माध्यम से तेजाजी महाराज के साहस, गौरक्षा और वचनपालन के आदर्शों को आगे बढ़ाने के साथ समाज की एकजुटता का संदेश दिया गया।

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

दैनिक अवंतिका समाचार पत्र मे अभिभाषक श्री अखिलेश बाफना एडवोकेट द्वारा दिनांक 01-04-2026 में पृष्ठ कमांक 5 पर भवन कमांक 2/1 महादजी मार्ग गली नंबर 4 उज्जैन का खण्डन महादजी मार्ग के व्यक्तियों ने हम खण्डनकर्ता बृजकिशोर पिता रामनारायणजी शर्मा निवासी महादजी मार्ग एवं प्रकाश पिता माणकलालजी सोनी निवासी ढाबा रोड उज्जैन को नियुक्त किया गया है तथा कार्तिक चौक महादजी मार्ग एवं ढाबा रोड के रहवासियों की ओर से उक्त जाहिर सूचना का प्रतिवाद निम्नानुसार है- जाहिर सूचना के अनुसार प्रवीण पिता गजानंदजी पांचाल एवं पंकज पिता गजानंदजी पांचाल निवासी ढाबा रोड उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व के भवन कमांक 1 महादजी मार्ग गली नंबर 4 उज्जैन पर स्थित भवन का क्षेत्रफल लगभग 6000 वर्गफीट एवं प्रवीण पांचाल के एकांकी स्यत्व का भवन क्रमांक 2/1 महादजी मार्ग गली नंबर 4 पर स्थित उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट को विक्रय करने बयाना राशि प्राप्त करने का व अनुबंध पत्र का करने के संबंध में सूचना का प्रकाशन करवाया गया है जिसका खण्डन इस प्रकार है कि भवन पुराना नंबर 4541 एवं 4540 भवन मे भगवान मुरली मनोहर मंदिर वर्षो पूर्व बना है जिसमे मुरली मनोहर श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापित है तथा मंदिर में दर्शनार्थी दर्शन करने के लिये जाते है। वर्षों से मंदिर में दिपावली के बाद अन्नकुट का आयोजन होता है जिसमे आसपास के रहवासी एवं खण्डनकर्तागण भी शामिल होते है। जाहिर सूचना मे भवन कमांक 1 व 2/1 को विक्रय करने की सूचना प्रकाशित करायी गई है उक्त भवन का पुराना नंबर 4540 व 4541 नया, नंबर 611 पुन: नया नंबर 3 महादजी मार्ग का पुन: नया नंबर 1 व 2/1 है। उक्त भवन मे मुरली मनोहर मंदिर स्थित है तथा संपूर्ण भवन देवस्थान मुरली मनोहर मंदिर भूमि स्वामी है। इसलिये मंदिर की भूमि को विक्रय नहीं किया जा सकता है। प्रवीण पांचाल पंकज पांचाल के पिता गजानंदजी पांचाल आदि ने एक साम्प, वाद जिला न्यायाधीश उज्जैन के न्यायालय में प्रस्तुत किया था जो प्रकरण क्रमांक 39 ए/1980 पर दर्ज किया गया था जिसमे तथाकथित विवादित फर्जी वसीयत प्रस्तुत की गई थी। पश्चातवर्ती न्यायालयीन प्रकरण कमांक आरसीएस ए 485/21 में जानबुझकर शासन को धोखा देने व वादग्रस्त मकान व मंदिर को हडपने की नीयत से म.प्र. शासन को पक्षकार नही बनाया गया तथा बाले बाले तथ्यों को छुपाते हुये राजीनामा प्रस्तुत कर डिकी प्राप्त की गई है जिसका कोई वैधानिक अधिकार उक्त प्रकरण के पक्षकारो को नहीं था। दिनांक 27-1-1998 को पारित निर्णय में भव भवन भाग के स्वामी मुरली मनोहर मंदिर देवस्थान को माना है तथा देवस्थान मुरली मनोहर मंदिर भवन स्वामी होने से विक्रेता प्रवीण पांचाल व पंकज पांचाल को उक्त भवन भूमि विक्रय करने का अधिकार नही है। अत: इस जाहिर सूचना खण्डन प्रतिवाद के द्वारा सूचित किया जाता है कि विक्रेतागण मंदिर की भूमि को विक्रय नही करे और कोई भी व्यक्ति संस्था निकाय मंदिर की भूमि को कय विक्रय नही करे अन्यथा खण्डनकर्तागण को सक्षम न्यायालय मे वाद प्रस्तुत करना पडेगा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जवाबदारी विक्रेता एवं संबंधित की होगी। इति दिनांक 19-9-2026

**विशाल शर्मा एडवोकेट**
**न्यू कोर्ट परिसर जिला न्यायालय उज्जैन**
**मो. 96179-88797**

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की 3 करोड़ की घोषणा

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार गुना में जनता की मांग पर बड़ी घोषणा की। गुना में क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क निर्माण की मांग रखे जाने पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मंच से ही गुलाबगंज-कैंट चौराहा सड़क के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से प्राप्त 15 करोड़ रुपये की विशेष निधि में से इस सड़क को पहली प्राथमिकता देते हुए 3 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विधायक पन्नालाल शाक्य और उन्होंने स्वयं भी इस सड़क की आवश्यकता को गंभीरता से लिया है। क्षेत्र की जनता की मांग को देखते हुए 15 करोड़ रुपये की विशेष निधि में से 3 करोड़ रुपये इस सड़क के लिए स्वीकृत किए जा रहे हैं। इस घोषणा के साथ सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती रश्मि जैन पति श्री जिनेश कुमार जैन निवासी 34, हरिओम विहार, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक बी-187, जो कि पार्श्वनाथ सिटी, नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन में स्थित हैं। भूखण्ड का क्षेत्रफल 138.18 वर्गमीटर अर्थात 1485 वर्गफीट जिसके पूर्व दिशा में सड़क कालोनी की, पश्चिम दिशा में -भूखण्ड क्रमांक बी-170 उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक बी-186, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक बी-188 हैं। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

दिनांक 18-09-2026

**सौरभ जैन, (चौरडिया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा 1. श्री विनोद पिता परमानन्द, 2. स्व. राजू बाई के उत्तराधिकारी 3. सविता बाई पति कांतिलाल जी 4. ब्रजेश पिता कांतिलाल, 5. गौरव विश्वकर्मा पिता जगदीशचन्द्र. 6. विवेक पिता जगदीश चन्द्र 7. चंदाबाई पति जगदीश चन्द्र 8. आनंदीबाई पति नंदकिशोर, 9 प्रेमाबाई पिता नंदकिशोर 10. गोपाल पिता बद्रीलाल, 11. मधुबाला पति सुभाष 12. हेमंतकुमार पिता सुभाष, 13. सावित्रीबाई पति बालकृष्ण, 14. संदीप पिता बालकृष्ण, 15. सचिना पिता: बालकृष्ण, 16. सपना पिता बालकृष्ण, जाती सुतार, कृषकगण ग्राम बरंडवा तहसील तराना, जिला उज्जैन म.प्र. के स्वत्वा स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 535/1 रकबा 1.4500 हेक्टेयर सर्वे क्रमांक 535/2 रकबा 1.4500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 535/3 रकबा 1.4500 हेक्टेयर कुल किता 3. कुल रकबा 4.3500 हेक्टेयर स्थित ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है, जिसका क्रय करने क अनुबंध पत्र सम्पादित किया जाना है। अत: सर्व साधारण को इस सबंध में सूचना दी जाती है की उपरोक्त कृषि भूमि के स्वत्व एवं स्वामित्व के सबंध में किसी प्रका का कोई विवाद हक बंधक, दान वसीयत एवं अन्य किसी व्यक्तिगत के पास गिरवी आ अन्य प्रकार से उपरोक्त, कृषि भूमि का कोई लेनदार और न्यायालय में जमानत दी हो किसी अन्य व्यक्ति ने उपरोक्त, कृषि भूमि का विक्रय अनुबंध किया हो या अन्य कोई आपा हो तो उस दशा में इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि जाहिर सूचना कि विज्ञप्ति के 7 दिवस में मुझे अथवा मेरे कार्यालय में इस सबंध में सम लेखी मय दस्तावेज लेकर के आपति प्रस्तुत करे जिसका निराकरण विधिवत किया जा अन्यथा मेरे पक्षकार संबधित विक्रयता से उपपंजियन कार्यालय में विक्रय पत्र का संपादित करवा लेंगे उस दशा में आपत्ति प्रस्तुत करने का एवं स्वामित्व संबंधित निराकरण करने अवसर समाप्त हो जायेगा एवं कोई भी आपति मेरे पक्षकार के प्रति मान्य नही की जाएगी

दिनांक- 19/09/2026

**राजेंद्र सिंह सिसोदिया (हायकोट एडवोकेट)**
**ऑफिस एड्रेस-13/6 महाकाल वाणिज्य केन्द्र**
**नानाखेड़ा उज्जैन 456001**
**मो. 75666-88839**

### जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कंचन वागरेचा पति स्व.श्री बाबूलाल वागरेचा स्वंय द्वारा मुख्यिारआम श्री सुनील वागरेचा पिता स्व.बाबूलाल पता:-21, सागरमल मार्ग गणेशदेवली खाचरोद तहसील खाचरोद जिला उज्जैन म.प्र. सें उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय भूखण्ड पुराना नम्बर 1/1106 नया क्रमांक 79, स्थित निजातपुरा, उज्जैन जों पोस्ट ऑफीस वालें मकान के नाम सें मशहूल है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1008 वर्गफीट अर्थाल 93.646 वर्गमीटर है, उक्त भूखण्ड दो मंजिला टीनशेड एवं कच्चे गाडें की छत से निर्मित है। जिसकें पूर्व में नजरअली अल्लाबक्श का मकान, पश्चिम में दीनदयाल का मकान, उत्तर में रास्ता आम निजातपुरा दक्षिण में गली है, वर्तमान में मौके पर पूर्ण मकान जीर्ण शीर्णे होकर भूखण्ड के रुप में है। उक्त भूखण्ड कों क्रय करनें का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है। उक्त भूखण्ड फ्रीहोल्ड है, तथा मुख्य मार्ग पर है। सौदे पेटे मेरे पक्षकार नें बयाना राशि भी प्रदान की है, एवं शेष राशि इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात् उभयपक्षों के बीच तय शर्तों अनुसार मेरा पक्षकार प्रदान कर विक्रय पत्र का निष्पादन अपनें स्वंय के हित में या अपनें द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में करवा लेगा। उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ दान विक्रय बक्शीश क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इसमें किसी भी पक्ष कों किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन कें 15 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकें, अथवा मेरे पक्षकार अपनें हित में उक्त सम्पत्ति कें विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगे व उक्त अवधि गुजर जानें के बाद किसी भी प्रकार का कोई क्लेम आपत्ति मान्य नही होगी, इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के बाद उक्त भूखण्ड के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूखण्ड का क्रय करनें का संव्यवहार नहीं करें।

दिनांक-18.09.2026

**शैलेन्द्र शर्मा एडव्होकेट**
**12 एक्सटेंशन महावीर बाग कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 8319792255, 9406879111**

# बंजली में शासकीय भूमि पर फर्जी मजार बनाकर अतिक्रमण करने के मामले में न्यायालय का बड़ा फैसला, स्टे आवेदन निरस्त

## कलेक्टर को तत्काल मजार हटाने लिए सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

ग्राम बंजली स्थित करोडों रुपये मूल्य की शासकीय चरनोई भूमि पर फर्जी मजार बनाकर किए गए अवैध अतिक्रमण के मामले में न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है। दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, रतलाम अरुण सिंह ठाकुर ने वादी फिरोज मस्तान बाबा द्वारा प्रस्तुत अंतरिम स्थगन (स्टे) आवेदन को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद, शिकायतकर्ता नरेन्द्र शर्मा (बंटी बजरंगी) ने कलेक्टर रतलाम को ज्ञापन सौंपकर शासकीय भूमि से अवैध निर्माण और अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बंजली स्थित शासकीय चरनोई भूमि (सर्वे क्रमांक 44, कुल रकबा 0.200 हेक्टेयर) में से लगभग 0.03 हेक्टेयर भूमि पर हजरत मस्तान शाह बाबा दरगाह के नाम पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया था। इस संबंध में ग्राम धामनोद निवासी नरेन्द्र शर्मा (बंटी बजरंगी ) द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है

शिकायत के आधार पर तहसीलदार रतलाम शहर द्वारा राजस्व प्रकरण दर्ज कर स्थल निरीक्षण, पटवारी रिपोर्ट एवं पंचनामा तैयार कराया गया। सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात 26 जून 2026 को तहसीलदार न्यायालय द्वारा उक्त भूमि को शासकीय चरनोई दर्ज पाते हुए अवैध कब्जा प्रमाणित माना गया। तहसीलदार ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत अतिक्रमणकर्ता को बेदखल करने और तीन हजार का अर्थदंड लगाने का आदेश पारित किया था।

तहसीलदार के बेदखली आदेश के विरुद्ध मुतवल्ली फिरोज मस्तान बाबा ने दशम व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) रतलाम के समक्ष 'व्यवहार वाद क्रमांक 184ए/2026' दायर कर तहसीलदार के नोटिस को शून्य घोषित करने और स्टे (अस्थायी निषेधाज्ञा - आदेश 39 नियम 1 व 2) देने की मांग की थी।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अरूण सिंह ठाकुर ने अपने 8 पृष्ठीय विस्तृत आदेश दो दिन पूर्व 16 सितंबर में स्पष्ट किया कि वादी ऐसा कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में पूर्णतः असफल रहा, जिससे यह सिद्ध हो सके कि मध्य प्रदेश शासन ने उक्त शासकीय चरनोई भूमि उसे या किसी ट्रस्ट/कमेटी को आवंटित की थी या वहां कोई निर्माण करने की अनुमति दी थी। प्रशासन द्वारा उर्स के आयोजन हेतु दी जाने वाली सीमित समय की अनुमतियां भूमि पर स्वामित्व या निर्माण का अधिकार प्रदान नहीं करतीं।

## न्यूज-कॉलम

### एनडीपीएस एक्ट में 7 वर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल तथा एसडीओपी जावद श्री हर्ष राठौर के मार्गदर्शन में 7 वर्ष से एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्थाई/फरारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिंगोली की टीम के द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना सिंगोली के प्रधान आरक्षक विशाल गंगवाल, आरक्षक अमित सिंह सख्खावत, आरक्षक महेंद्र कछावा एवं थाना प्रभारी भदेसर श्री विनोद मेनारिया, आरक्षक अरविंद, रतन सिंह, आनंद, राजेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

### तेज व अच्छी बारिश से मिली राहत

**मन्दसौर।** शुक्रवार को मंदसौर जिला मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से दोपहर तक मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे लंबे समय से जारी उमस से लोगों और किसानों को राहत मिली। इस मानसून सीजन में जिले में अब तक औसतन 28.64 इंच बारिश हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (33.13 इंच) से थोड़ी कम है। जिले में सर्वाधिक बारिश मल्हारगढ़ (860 मिमी) तथा सुवासरा (822 मिमी) में दर्ज की गई है। इसके साथ ही गांधीसागर बांध का जलस्तर बढ़कर 1301.74 फीट पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना जताई है।

### पर्वतारोहण क्षेत्र में मंदसौर के राघव जैन की चयन

**मन्दसौर।** दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र और मंदसौर निवासी राघव जैन का चयन दार्जिलिंग स्थित प्रतिष्ठित हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट के एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स के लिए हुआ है। 19 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में वे 19 हजार फीट की ऊंचाई पर रॉक क्लाइंबिंग, स्नो एवं आइस क्राफ्ट और रेस्क्यू जैसी कठिन तकनीकों का अभ्यास करेंगे। पूर्व में सिक्किम से बेसिक कोर्स में ए ग्रेड प्राप्त कर चुके राघव का अंतिम लक्ष्य माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराना है।

### मानसिक विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म

**रतलाम।** जिले के नामली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बेहद संवेदनशील और दर्दनाक मामला सामने आया है। ग्राम अमलेटा में एक 25 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म का मामला उजागर हुआ है। पीड़िता के 4 से 5 महीने की गर्भवती होने की पुष्टि के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्री सत्यवीर तेजाजी मेले का आज होगा भव्य शुभारंभ

**रतलाम ।** नगर निगम द्वारा 19 से 21 सितम्बर तक रामगढ़ स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय श्री सत्यवीर तेजाजी मेले का शुभारंभ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, सांसद रतलाम-झाबुआ श्रीमती अनिता-नागरसिंह चौहान, महापौर प्रहलाद पटेल, पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश के खनिज संसाधन प्रमुख सचिव ने निर्माणाधीन गोल्ड स्टार सीमेंट का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत प्रमुख सचिव, खनिज संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश शासन श्री विवेक कुमार पोरवाल ने शुक्रवार को नीमच तहसील के ग्राम सगराना में निमार्णाधीन गोल्ड स्टार सीमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। लगभग 115 हेक्टेयर क्षेत्र में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित हो रही इस परियोजना से 2 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने परियोजना की निर्माण प्रगति का अवलोकन किया तथा कंपनी प्रतिनिधियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति, उत्पादन क्षमता, अधोसंरचना और आगामी कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली।

कंपनी प्रतिनिधियों ने विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि यह एक पूर्णतः इंटीग्रेटेड सीमेंट प्लांट है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 10 हजार टन क्लिंकर तथा 11 हजार टन सीमेंट उत्पादन की क्षमता प्रस्तावित है। परियोजना का संचालन आगामी मई माह से प्रारंभ किए जाने की योजना है।

प्रेजेंटेशन में बताया गया कि परियोजना में उत्पादन इकाइयों के साथ श्रमिकों के लिए आवासीय कॉलोनी, स्कूल, मार्केट सहित आवश्यक सुविधाओं का भी समेकित रूप से विकास किया जा रहा है।

कंपनी का लक्षित बाजार मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान और गुजरात रहेगा। प्लांट में लाइमस्टोन क्रशर, रॉ मिल, बैगिंग सहित उत्पादन से संबंधित विभिन्न इकाइयों तथा विद्युत उत्पादन एवं उपयोग की व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी गई।

# श्री आनंदीलाल मूणत का देवलोक गमन, गणमान्य जनों ने दी अंतिम विदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रतलाम प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश मूणत तथा रेड क्रॉस के सदस्य सुशील मूणत के पिता श्री आनंदी लाल जी मूणत का 90 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा टाटानगर स्थित निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य जनों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।त्रिवेणी स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार हुआ जहां राजेश एवं सुशील ने मुखाग्नि दी। श्री आनंद लाल जी मूणत का जीवन परिश्रम ,कुशल व्यवहार ,ईमानदारी, अनुशासन का पर्याय रहा। उन्होंने अपनी मेहनत से छोटे कारोबार से शुरूआत कर आज व्यवसाय के क्षेत्र में परिवार को साथ लेकर बड़ा नाम स्थापित किया। बाल चिकित्सालय के निर्माण के लिए शहर वासियों से एक एक रुपया चंदा इकट्ठा कर निर्माण किया जाना था उस समय बनाई गई समिति के वे कोषाध्यक्ष रहे और एकत्रित राशि से बच्चों के लिए अस्पताल निर्माण मे बड़ी भूमिका निभाई । पूर्व मंत्री एवं विधायक हिम्मत कोठारी ने इसके लिए शहर वासियों से आह्वान किया था ।इसी प्रकार कालिका माता सत्संग मंडल के भी कोषाध्यक्ष रहे और मंदिर के समक्ष यज्ञ मंडप का निर्माण करवाया ।स्व श्री मूणत अत्यंत धार्मिक ,विनम्र, मिलनसार एवं अनुशासन प्रिय रहे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए। वे बाबूलाल मूणत के बड़े भाई तथा गौरव, मोहित के दादाजी थे ।उनका उठावना 19 सितंबर, शनिवार को जेएमडी पैलेस, सागौद रोड ,रतलाम पर प्रातः 10.30 बजे रखा गया है।

# पेंशनर्स महासंघ के प्रथम सम्मेलन में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ का प्रथम जिला सम्मेलन नगर पालिका मंदसौर के सभागृह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नंदकिशोर राठौर ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष पी.एन. तिवारी और प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र बादल के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष जामलिया एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर एस.एन. राजावत के विशेष आतिथ्य में आयोजित हुआ। अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश रघुवीर सिंह चुंडावत ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री श्री बादल ने छठे वेतनमान के 32 माह और सातवें वेतनमान के 27 माह के एरियर की मांग के साथ-साथ 80 वर्ष के बजाय 65 वर्ष में ही अतिरिक्त पेंशन का लाभ देने की मांग को प्रमुखता से उठाया। सम्मेलन के दौरान महासंघ की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें एस.एन. राजावत को संरक्षक, इंजी. बालुसिंह सिसोदिया को अध्यक्ष, ढालीराम बिसेन को कार्यकारी अध्यक्ष, लीलाशंकर भावसार व शक्ति कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, नंदकिशोर राठौर को सचिव और देवकीनंदन पालरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर राठौर ने किया व आभार शक्ति वर्मा ने माना।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान का आगाज, विद्यार्थियों ने ली शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा च्नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतज संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने उपस्थित विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि वे अपनी ऊर्जा शिक्षा, कौशल और रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे, तो विकसित भारत का संकल्प शीघ्र साकार होगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापिका डॉ. उमा गगरानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज को बर्बाद करने वाली एक गंभीर कुरीति है।

युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाते हुए अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान और नशामुक्त युवा विषय पर एक खुली परिचर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवक विशाल कुमार, प्रीति पाटीदार, विमला और हरिओम पाटीदार ने अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर नशामुक्ति की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस के जिला संगठक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया तथा आभार डॉ. ललिता लोधा ने व्यक्त किया।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद पिपलिया मंडी में स्वच्छता श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



स्वच्छता ही सेवा २०२६ अभियान के अंतर्गत नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता श्रमदान में सहभागिता करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने हाथों में झाडू थामकर स्वच्छता कार्य में भाग लिया तथा स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना तथा स्वच्छता कार्यों में जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष श्री भरत सिंह सोनगरा, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रवीण सेन, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य नागरिकों की सहभागिता रही। नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कचरा निर्धारित स्थान पर डालें तथा स्वच्छ पिपलिया मंडी के निर्माण में अपना योगदान दें।

# वर्षा काल में मच्छरों के बढ़ने के बाद डेंगू का संक्रमण बढ़ा

**नीमच।** जिले की मनासा तहसील के गांव ढाकनी में डेंगू के मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गांव पहुंचकर सर्वे एवं मरीजों की स्क्रीनिंग की तथा डेंगू की रोकथाम को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बता दें कि दशपुर एक्सप्रेस में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य अमले को गांव ढाकनी भेजा। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी अल्पेश बारिया एवं मलेरिया निरीक्षक राजेंद्रसिंह मंडोतिया स्वयं गांव ढाकनी पहुंचे। टीम ने ग्रामीणों की जांच के साथ डेंगू लार्वा की तलाश की तथा लार्वा नष्टीकरण की कार्रवाई की। साथ ही दवाई का छिड़काव करने के अलावा आवश्यक दवाइयां भी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई। गौरतलब है कि गांव ढाकनी में तीन डेंगू पॉजीटिव मरीज सामने आने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर ग्रामीणों में चिंता थी। इसी मामले को लेकर दशपुर एक्सप्रेस ने 16 सितंबर बुधवार के अंक में 'गांव ढाकनी में मिले तीन डेंगू पॉजीटिव मरीज' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग का दल गांव पहुंचा और जांच व सर्वे की कार्रवाई शुरू की।

## न्यूज कालम



### स्वच्छ एवं हरित विद्यालय अभियान के तहत दिया स्वच्छता का संदेश

**मंदसौर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शानुसार महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में च्स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2026-27 और सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेश रत्नावत ने छात्राओं को जल स्वच्छता और जीवन में वृक्षों के अत्यधिक महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षिका रेणुका आचार्य ने छात्राओं को सुरक्षित पेयजल, बाल अनुकूल शौचालय के उपयोग, हाथ धुलाई के लाभ और जल स्वच्छता के रखरखाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं, जया सोनी ने हरित विद्यालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कुंदन सांखला ने बताया कि सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने से मनुष्य के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आता है, जिससे एक स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। इस पूरे जागरूकता कार्यक्रम में रचना आर्य, सुरेश बोराणा, अलका रत्नावत, अर्चना अटवाल, रेखा बामनिया और आशा शर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं का उचित मार्गदर्शन किया।

### अनंत चतुर्दशी पर निकलेगा भव्य चल समारोह,तैयारियों को लेकर बैठक आज

**मंदसौर।** पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर आकर्षक और नयनाभिराम झांकियों का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। यह विशाल आयोजन 25 सितंबर, शुक्रवार को आयोजित होगा। चल समारोह को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने के उद्देश्य से तैयारियों को लेकर समिति की आज 19 सितंबर, शनिवार को प्रातः 11.45 बजे नरसिंहपुरा रामटेकरी रोड स्थित आनंद मंगल मांगलिक भवन परिसर में बैठक आयोजित की गई है। केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के संरक्षक पं.दिलीप शर्मा, परामर्शदाता पंडित राधेश्याम शर्मा, अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, संयोजक प्रदीप भाटी, सचिव गोपाल मंडोवरा ने बताया कि मंदसौर शहर में पिछले 61 वर्षों से भगवान गणपति विसर्जन का यह चल समारोह अनवरत निकाला जा रहा है। इस 62वें वर्ष में समारोह को और अधिक भव्यता प्रदान करने के लिए नगर के सभी झांकी निमार्ताओं और गणेश पंडाल समितियों के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

### राहुल गांधी के कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु छात्र-छात्राओं से की अपील

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने १९ सितंबर २६ शनिवार को इंदौर में होने जा रहे छात्रों की गूंज कार्यक्रम में देश के नेता प्रतिपक्ष,युवाओं की,मजलूम की, बेरोजगारों की,विधवाओं की,यतीमों की आवास आदरणीय राहुल गांधी जी के आगमन पर मध्य प्रदेश के समस्त छात्र-छात्राओं और कंपटीशन एग्जाम की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से अपील करी है कि अधिक से अधिक संख्या में इंदौर पहुंचाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



### न.प. पिपलिया मंडी में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हुए

**पिपलिया मंडी ।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत योजना के बीएलसी घटक के नवनिर्मित आवासों में लाभार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। लाभार्थी परिवारों ने अपने पक्के मकानों में श्रद्धा व उत्साह के साथ दीप प्रज्जवलित किए। इस अवसर पर आवास हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं और च्अपना घर, अपना सम्मान का सपना साकार करने के लिए उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। नगर परिषद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि 'सेवा संकल्प अभियान' का मुख्य उद्देश्य योजना के अंतिम हितग्राही तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाना और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को उत्सव के रूप में मनाना है। नवनिर्मित आवासों पर दीपों की रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठा, जिसने लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी और संतुष्टि की झलक स्पष्ट कर दी।


कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मधु यादव क्रेता- विशाल पिता स्व. विधाधर दुबे वार्ड 32 पता- 167 सी/54 अरण्य नगर इन्दौर पिन- 1000298568 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- दिग्विजयलाल व अन्य क्रेता- रौनक सेंगर पिता जितेन्द्रसिंह सेंगर वार्ड 29 पता- 303 रेजेन्सी पैलेस इन्दौर पिन- 1000968460 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- शारदा पति रंजीत होरा क्रेता- श्री मो. इमरान पिता मो. युसूफ नागौरी वार्ड 29 पता- 45-ए सेक्टर-ए आदर्श मैकेनिक नगर इन्दौर पिन- 1004282905 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-16

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- 1- श्री राहुल बंसल पिता श्री दामोदर बंसल 2- श्रीमती दीपा शिखा बंसल पति श्री राहुल बंसल आवेदन क्रं. 873 दिनांक 17.09.2026 पता- 132 हाईलिंक सिटी एक्सटेंशन ग्राम छोटा बांगड़दा इन्दौर पिन- 1003119972 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-16 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- दीपेशसिंग चौहान पिता उदयपालसिंग चौहान क्रेता- श्रीमती शैली सोमानी पति अश्विन सोमानी पता- रो-हाउस 110 (आर्यिड) प्रेम शांती रेसीडेंसी ग्राम कमेडी इन्दौर पिन- 1001296496 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- महेन्द्र चौहान क्रेता- कपील विश्वकर्मा पिता श्री उमाशंकर विश्वकर्मा पता- 359 सिलिकॉन सनसारा कनाड़िया रोड इन्दौर पिन- 2000147122 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- ले. कर्नल शिवकुमारसिंह क्रेता- जगमोहनलाल त्रिवेदी पिता देवी गुलाम त्रिवेदी पता- 408 ब्लाक-बी स्टरलिंग स्कायलाईन इन्दौर पिन- 1003133432 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# सेवा संकल्प अभियान के प्रचार के दौरान सड़क दुर्घटना में नप कर्मचारी की मौत

## आंगनवाड़ी सहायिका गंभीर घायल, उज्जैन रेफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



सेवा संकल्प अभियान के प्रचार-प्रसार के दौरान गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोटरसाइकिल से जा रहे नगर परिषद कर्मचारी और आंगनवाड़ी सहायिका को पीछे से आए तेज रफ्तार ट्राला ने टक्कर मार दी। हादसे में नगर परिषद कर्मचारी की मौके पर ही गंभीर चोटें आने से मौत हो गई, जबकि आंगनवाड़ी सहायिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद कर्मचारी बाबूलाल परमार (55 वर्ष) तथा आंगनवाड़ी सहायिका सोनम माली, निवासी वार्ड क्रमांक 12, मोटरसाइकिल से वार्ड क्रमांक 15 में कार्यक्रम के प्रचार एवं निमंत्रण के लिए जा रहे थे। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से संबंधित कार्य के दौरान दोनों निकले थे। इसी दौरान बैंक ऑफ इंडिया के समीप पीछे से आए ट्राले ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और ट्राला उन्हें रौंदता हुआ निकल गया।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों घायलों को डायल-112 की मदद से उन्हेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद नगर परिषद कर्मचारी बाबूलाल परमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं सोनम माली की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें उज्जैन रेफर किया गया। बताया गया कि एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण घायल को निजी वाहन से उज्जैन ले जाना पड़ा।

हादसे के बाद मौके पर एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना था कि सड़क दुर्घटना जैसे गंभीर मामलों में शुरूआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि दुर्घटना स्थल पर तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होगी तो गंभीर घायलों को समय पर उपचार कैसे मिलेगा।

लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व में उन्हेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस जैसी वाहन सेवाएं उपलब्ध रहती थीं, लेकिन अब इनके नियमित रूप से मौके पर उपलब्ध नहीं रहने से दुर्घटना अथवा आपात स्थिति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मृतक नगर परिषद कर्मचारी के परिजनों ने भी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा सुविधाओं को लेकर घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन आपात स्थिति में यदि समय पर एंबुलेंस जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो तो इन व्यवस्थाओं का लाभ जरूरतमंदों को कैसे मिलेगा।

वहीं एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजीव कुमारावत ने बताया कि पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस वाहन उपलब्ध रहते थे। अब जिले स्तर से वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जिसके कारण स्थानीय स्तर पर वाहन हमेशा उपलब्ध नहीं रहता। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से चर्चा कर उन्हेल में एंबुलेंस सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने हादसे की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### कार्यक्रम के निमंत्रण की ड्यूटी पर थे कर्मचारी

इस संबंध में परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित होना था। इसी कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद द्वारा कर्मचारियों की निमंत्रण देने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी।

### अस्पताल में परिजनों और कर्मचारियों की भीड़

हादसे की सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेल में नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका तथा स्थानीय लोग पहुंच गए। जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे। हादसे की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

## सिद्धितप आराधकों का हुआ सामूहिक पारणा, नगर में निकला वरघोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



नगर के जैन संघ में गुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी महाराजा साहेब एवं पुण्यसम्राट गुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा. की दिव्य कृपा से एवं गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेनसुरीश्वरजी म.सा. की आज्ञा से, आचार्य श्री जयरत्नसुरीश्वरजी की शुभकामना से चल रही सिद्धितप तपस्या का गुरुवार को सामूहिक पारणा संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः 9 बजे भव्य वरघोड़ा निकाला गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सिद्धितप आराधकों का बहुमान एवं अभिनंदन किया गया। वरघोड़े में बैंड-बाजे एवं ढोल के साथ प्रभुजी की वेदीजी भी शामिल थी, जिसके समक्ष समाजजन गहुली कर रहे थे। वरघोड़ा नगर भ्रमण करते हुए पारणा स्थल पहुंचा। यहां साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा. के प्रवचन हुए। साध्वीश्री ने तप, संयम एवं आराधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तपस्वियों की अनुमोदना की। प्रवचन धर्म सभा के पश्चात सभी सिद्धितप आराधकों का सामूहिक पारणा संपन्न हुआ।

पारणा मंडप एवं सभी तपस्वियों को प्रथम पारणा कराने का लाभ संयम चोपड़ा के सिद्धितप तपस्या निमित्त श्रीमती मानाबहन चोपड़ा एवं रजनीश-मोहित चोपड़ा परिवार द्वारा लिया गया। इस महापुण्यदायी सिद्धितप आराधना के तपस्वी रत्न रचित चोरड़िया, निधान पोखरना, प्रणव लूणावत, संयम चोपड़ा, सौरभ धाड़ीवाल, जितेश बोथरा एवं पीयूष सकलेचा तथा विधि रुणवाल, शैफाली लुक्कड़, मिनी मेहता, पलक बोथरा, वर्षा गादिया, माधुरी लुणावत, दीपा छजलानी, श्वेता लूणावत, सपना सोनी एवं निशा नाहर ने इस महापुण्यदायी सिद्धितप आराधना को पूर्ण किया। सभी तपस्वियों ने गर्म जल के आधार पर 36 उपवास एवं 8 बियासने की कठिन आराधना कर सिद्ध पद को प्राप्त कराने वाला पुण्यदायी सिद्धितप पूर्ण किया।

## सेवा संकल्प अभियान को लेकर संकुल स्तरीय बैठक आयोजित

### विद्यालय स्तर पर 19, संकुल स्तर पर 21 और विकासखंड स्तर पर 24 सितंबर को होंगी प्रतियोगिताएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

श्यामपुर सेवा संकल्प अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर में संकुल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है। बैठक में संकुल क्षेत्र के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने सहभागिता की। बैठक में संकुल प्राचार्य जितेंद्र शर्मा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के सफल संचालन को लेकर संस्था प्रधानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संकुल प्राचार्य शर्मा ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जय प्रकाश कुशवाह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। संकुल प्राचार्य ने बताया कि 19 सितंबर 2026 को विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों के बीच 21 सितंबर को संकुल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके बाद संकुल स्तर पर चयनित विद्यार्थी 24 सितंबर को विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्य रूप से भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के 6 विद्यार्थियों का वॉलीबॉल स्पर्धा में संभाग स्तर पर चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल, बड़नगर में जिला स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर पर अपना स्थान पक्का कर जिले में नगर व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उक्त प्रतियोगिता में जिले की 11 टीमें सम्मिलित हुई , जिसमे अण्डर -17 बालक वर्ग में विद्यालय के साजिद पटेल एवं राघव पोरवाल का चयन संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसी प्रकार अण्डर -17 बालिका वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए समृद्धि नागर, खुशी सोलंकी, अन्वी यादव तथा विधि शेखावत का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ है।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक मनोज संगतानी, निर्देशक विश्वास संगतानी एवं प्राचार्या इंदु पंजाबी सहित विद्यालय परिवार ने समस्त चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। जानकारी संतोष कुमार खटोड़ द्वारा दी।

### सेवा संकल्प अभियान में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बड़नगर।** शासकीय चिकित्सालय बडनगर में सेवा संकल्प अभियान के अतंर्गत निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक जितेन्द्र उदय सिंह पण्डया द्वारा मां भारती के चित्र का पुजन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया व शिविर में अधिक से अधिक आमजन से रक्तदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेन्द्र पाराशर, तहसीलदार रूपाली जैन, प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्वत , नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोग्या ,अंकित पाटोदी नगर पालिका सी.एम.ओ. मंशाराम निगवाल, फार्मासिस्ट कन्हैया लाल वर्फा , उपस्थित रहे। शिविर में नर्सिंग आफिसर अर्चना उईके , लेब टेक्निशीयन नीलम लोधी उज्जैन , रिनाक्षी गोयल , राधेश्याम राठौड, सचिन गुगली ने अपनी सेवाए दी।



## शासकीय महाविद्यालय बडौद में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

शासकीय महाविद्यालय बडौद में 17 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी एवं हिंदी विषय और भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वंदना शर्मा द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पा भामदरे द्वारा किया गया इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी विषय पर व्याख्यान डॉ मीनल मैहना द्वारा दिया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के मीनल मेहना,रीना पाटीदार,पुष्पा मैडम, रुचि सोनी सहित समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### तपस्वियों का सम्मान

**महिदपुर रोड।** गुरुवार को नगर जांगड़ा पंच पोरवाल समाज ने जैन समाज के चातुर्मास के दौरान नगर में विराजित साध्वी अमृत रसा श्री जी आदि ठाणा दो के सानिध्य में सिद्धि तप करने वाले तपस्वियों का शाल श्रीफल तथा मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल, शिवनारायण पोरवाल, नरेश सेठिया मौजूद रहे।

## दिगंबर जैन समाज में पर्यूषण पर्व पर मनाया गर्भ कल्याणक पर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



दिगंबर जैन समाज में इन दिनों पर्यूषण पर्व के साथ दशलक्षण महापर्व की धूम है। जैन मंदिर में भक्ति और धर्म आराधना का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में 17 सितंबर, भाद्रपद शुक्ल षष्ठी, गुरुवार को सातवें तीर्थंकर देवादिदेव श्री 1008 सुपार्श्वनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति-भाव से मनाया गया।

सुबह मंदिर परिसर में भगवान सुपार्श्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा का आयोजन किया गया। समाजजनों ने एकत्र होकर तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया। इस अवसर पर सुशीलकुमार अशोककुमार गोधा परिवार द्वारा मंदिर में एक चांदी की थाली एवं टोंग्या परिवार द्वारा स्व. सुरेशचन्द्र टोंग्या की स्मृति में चांदी की झारी कलश भेंट की गई। जिस पर समाज द्वारा उनके इस कार्य की अनुमोदना कर उनका सम्मान किया गया। सायं के समय मंदिर परिसर में आरती, भजन कीर्तन एवं बच्चों के लिए सांस्कृतिक आयोजन किए गए।

साथ ही समाज में विजय टोंग्या, सुप्रिया टोंग्या कें द्वारा निर्जला पांच उपवास की आराधना एवं परि कासलीवाल, नमिता डोसी के द्वारा निर्जला तीन उपवास की आराधना चल रही है।

दशलक्षण धर्म के अंतर्गत उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की गई। ऐसा बताया गया है, कि तीर्थंकरों के जीवन की जो घटनाएं अन्य जीवों के कल्याण का आधार बनती हैं, उन्हें कल्याणक कहा जाता है। वर्तमान में साक्षात कल्याणक देख पाना संभव नहीं है, अतः कल्याणक पर्वों के शुभ अवसर पर भगवान की भक्ति, पूजन द्वारा पुण्योपार्जन करना चाहिए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने आत्मशुद्धि व क्षमा याचना का संकल्प लिया।

### भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव मनाया

**उन्हेल।** बड़े हर्ष आनंद और उत्साह के साथ विश्वकर्मा पांचाल समाज आलोट जागीर एवं करनावद विश्वकर्मा पूजन के पावन अवसर पर भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव मनाया कार्यक्रम का आरंभ भगवान विश्वकर्मा का हवन, पूजन एवं आरती करने के पश्चात भोजन महाप्रसादी की गई । सभी समाजजन सह परिवार पधारे। कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा। सभी का सहयोग रहा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न

**खाचरोद।** सिविल अस्पताल खाचरोद की रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक आज माननीय विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा जनहित में कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ मधुर, संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### छात्रों की गूंज को लेकर कांग्रेस ने किया संवाद

**बड़नगर ।** जिला कांग्रेस के ऊर्जावान अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार के निर्देश पर आज बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरसाना, सिमलावदा, पलवा, नरसिंगा एवं बड़नगर में छात्र-छात्राओं के साथ छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर संवाद किया गया। संवाद के दौरान वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, लगातार हो रहे पेपर लीक और छात्रों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह सोलंकी, मधुसूदन भारद्वाज, अनोखीलाल राठौड़, रईस कुरैशी, भानुप्रताप सिंह, युवराज सिंह, चांद खां, गौरव उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

### 17 मतदान केंद्रों का प्रशासन ने किया निरीक्षण

**सुसनेर।** 29 सितंबर को होने वाले नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर गुरुवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने नगर के 17 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी अनिल कुमार मालवीय, सीएमओ हरिओम शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

### मोड़ी में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दीप प्रज्वलित कर की मंगलकामना

**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम पंचायत मोड़ी में गणेश पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए मंगलकामना की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और देश के विकास एवं जनकल्याण के लिए उनके प्रयासों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष बजरंग पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष सजन सिंह कलारिया, जिला पंचायत सदस्य कालू सिंह गणेशपुरा, भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह कावल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गणेश धाम पर 1100 दीपक प्रज्वलित कर महा आरती की

**इंगोरिया।** एक दिया आशीर्वाद कार सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर गुरुवार शाम 7 बजे इंगोरिया के प्राचीन गणेश धाम पर 1100 दीपक प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह आंजना, पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पंड्या, विक्रम सिंह दाईजी उपस्थित थे।



## तप की अनुमोदना के लिए आए हो तो कुछ संकल्प लेकर जाओ

**तराना।** आप सब यहां सिद्धि तक एवं अठाई तप के तपस्वियों के तप के अनुमोदन हेतु आए हैं आप यदि यहां से आज कोई छोटा सा संकल्प भी करके जाएंगे तो आपका आना सार्थक हो जाएगा भले ही कुछ समय के लिए जमीकंद का त्याग रात्रि भोजन त्याग का संकल्प ले सकें तो लेना चाहिए यह बात आचार्य भगवंत दर्शन वल्लभ सुरेश्वर महाराज साहब ने तराना में सिद्धि तप आदि के अनुमोदन में आयोजित बहुमन एवं पारणा महोत्सव के दौरान धर्म सभा में कहीं प्रारंभ में मनमोहन पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर से तपस्वियों का वगोर्डा निकल गया नगर में अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। श्री कृपा गार्डन पहुंचने पर धर्म सभा में बहुमान एवं स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया कार्यक्रम में नगर के अलावा बीच रोड नजरपुर कनसिया मक्सी उज्जैन इंदौर से भी श्रद्धालु शामिल हुए कार्यक्रम के दौरान सेवा भारती विभाग को जैन समाज के सदस्यों द्वारा मरीज के लिए बेड प्रदान की है वह अन्य दानदाताओं ने भी अपनी ओर से बेड दिए जाने की स्वीकृति दी।आचार्य दर्शन वल्लभ जी ने सेवा कार्यों के सराहना करके अनुकरणीय बताया सिद्धि तब आराधक रंजीत संजय जैन गुन माला विजय जैन रंजना नवीन जैन मेघा अनुराग जैन संगीता मनीष जैन प्रिया जैन एवं अठाई तप आराधक माननीय जैन आयुषी जैन एवं विट्ठल राठौर का श्री संघ की ओर से बहुमन किया गया एव शाल श्रीफल भेंट की इसी प्रकार मासक्षमण तपस्या पूर्ण कर चुकी सोनल जैन का भी बहुमान किया गया। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नरेंद्र मोदी पर लिखी पुस्तक का विमोचन भी कार्यक्रम के दौरान किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जैन शामिल थे। बिछड़ोद से आए श्री संघ के अनुरोध पर आचार्य भगवंत ने 20 सितंबर रविवार को बिछड़ोद आने की स्वीकृति प्रदान की जिसमें तराना श्री संघ भी साथ रहेगा ।कार्यक्रम का संचालन संजय जैन ने किया एवं सेवा भारती के गतिविधियों की जानकारी शैलेंद्र जैन एवं विजय जैन ने प्रस्तुत की।

## युवराज गणेश जी की धूम, प्रतिदिन हो रही महाआरती



**तराना।** खाखरीपुरा स्थित तराना के युवराज गणेश मित्र मंडल द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी भव्य एवं मनमोहक गणेश परिवार की स्थापना की गई है ।पडाल में विराजित गणेश जी की मनोहारी प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन, पूजन एवं आरती की जा रही है। समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन शाम 8 बजे महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। अनंत चतुर्दशी पर भव्य विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा।

## भादवी छठ चल समारोह का भव्य स्वागत



**इंगोरिया।** गुरुवार को भादवी छठ के अवसर पर भगवान श्री देव नारायण के घोड़े लीलाधर के 1115 वें अवतरण दिवस पर वाहन रैली का इंगोरिया में भव्य स्वागत किया गया। विशाल वाहन रैली देवनारायण मंदिर चिंचोड़िया से धुरेरी, सरसाना होते बड़नगर रोड सोमनाथ पर पहुंची तो यहां भव्य स्वागत किया गया। सोहन सिंह गुर्जर पूर्व जनपद अध्यक्ष जीवन गुर्जर, दिनेश केवट, पवन गुर्जर , दिनेश गुर्जर,रूपेश बैरागी, सुरेश गुर्जर, कालू पटेल, रतन पहलवान,ईश्वर, मेहरबान सिंह, जवान सिंह सहित समाज बंधुओं ने अगवानी कर फटाके छोड़े और ढोल_धमाके के साथ रैली पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुई वाहन रैली गणेश धाम होते दोपहर एक बजे देव महाराज मंदिर इंगोरिया पहुंची। चल समारोह में रास्ते भर समाज बंधुओं ने अखाड़ों के करतब दिखाए। जिसमें युवक द्वारा दांतों से 40 किलो वजन का हल उठा कर सबको अचंभित कर दिया।

## दूध विक्रेताओं ने समाप्त की अनिश्चितकालीन हड़ताल, अधिकारियों से चर्चा के बाद लिया निर्णय



**सुसनेर।** दूध के दाम बढ़ाने की मांग को लेकर 16 सितंबर से शुरू की गई दुग्ध व्यवसायी संघ, डेयरी संचालक एवं किसान संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को समाप्त कर दी गई। हड़ताल समाप्त करने को लेकर संघ की ओर से कलेक्टर आगर-मालवा सहित एसडीएम राजस्व, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी सुसनेर को लिखित सूचना दी गई है। संघ की ओर से दिए गए आवेदन में बताया गया कि दूध के दाम बढ़ाने की मांग को लेकर 16 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई थी। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा संघ के पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने की बात कही गई। इसके बाद संघ द्वारा हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया। आवेदन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हड़ताल समाप्त होने के बाद यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का नुकसान अथवा आंदोलन किया जाता है तो उसके लिए दुग्ध व्यवसायी संघ एवं किसान संघ सुसनेर जिम्मेदार नहीं रहेगा। संघ ने अधिकारियों को हड़ताल समाप्त किए जाने की सूचना 17 सितंबर को दी।

सेवाज्ञ संस्थानम की छठवी युवा धर्म संसद में शामिल हुए देश के 25 राज्यों से आए 1600 से अधिक युवा


# हमारे संस्कारों में धर्म इतना गहरा कि कर्त्तव्य हमें धर्म की और ले जाता है-भागवत

## संघ सुप्रीमों ने युवाओं से संवाद की भाषा में शास्त्रोक्त उद्दत श्लोकों,कथानकों एवं महाभारत सहित अन्य दृष्टांत से समझाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जीवन में धर्म होगा तो सार्थकता और समाधान रहेगा। करोड़ों रुपये कमाकर भी व्यक्ति असंतुष्ट रह सकता है, लेकिन धर्मपूर्ण जीवन जीने वाला व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। भारत के युवाओं का जीवन ऐसा हो कि जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। युवा धर्म संसद को संबोधित करते हुए आचार्य मिथिलेशानंद शरण महाराज ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा और धर्म के सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में समझना आवश्यक है। युवा धर्म संसद का उद्देश्य युवाओं को अपनी परंपरा, ज्ञान और जीवन-मूल्यों से जोड़ना है। इस पवित्र भूमि में सेवाग्य संस्थानम के संकल्प का स्वरूप युवा धर्म संसद के छठवें संस्करण के रूप में उपस्थित है।

प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण में 'धर्ममूर्ति' जैसे शब्द का किसी अन्य भाषा में पूर्ण अनुवाद संभव नहीं है। इसका अनुभव किया जा सकता है। इसी प्रकार 'आत्मवान' का भी केवल अनुवाद नहीं किया जा सकता, उसका अनुभव किया जा सकता है। युवा धर्म संसद में 'इंडिया से भारत' की ओर जाने और युवाओं को भारत की ज्ञान परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यदि भारत के युवा आत्मवान बनेंगे तो यही हमारे लिए बहुत बड़ा लाभ होगा। यही वास्तविक भारतीय युवा होंगे।



### स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण को केंद्र में रखकर आयोजन

अंत में संस्था के आशीष कुमार आशु ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण को केंद्र में रखकर यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से शुरू हुआ यह राष्ट्रीय उपक्रम युवाओं में कर्तव्यपरायणता की दिशा में एक वैचारिक यात्रा के रूप में आगे बढ़ रहा है। सेवाग्य संस्थानम की देश के 13 राज्यों में इकाइयां हैं तथा देशभर से युवाओं को आमंत्रित किया जाता है। इस आयोजन में लगभग 25 राज्यों से युवा प्रतिभागियों के शामिल हुए हैं। तीन दिनों तक चलने वाली युवा धर्म संसद में व्याख्यान, संवाद, जिज्ञासा-समाधान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विभिन्न सत्र आयोजित होंगे। प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर बातचीत और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## धर्म संसद में डा.भागवत का शब्दः संबोधन

जब मैंने सुना कि 'युवा धर्म संसद' है तो आनंद हुआ, क्योंकि धर्म का विचार युवा करते हैं–यह बात आजकल सुनाई ही नहीं देती। धर्म की बात करें तो लोग कहते हैं कि यह बुढ़ापे की बात है। धर्म अस्तित्व के प्रारंभ से अस्तित्व के अंत तक रहता है और उसी के अनुसार सारी बातें चलती हैं। आप उसको मानो या मत मानो। दुनिया में ऐसी बातें हैं जिन्हें हम मानें या न मानें, वे अपने नियम से चलती हैं। सूर्य है, उसका उदय और अस्त निश्चित है।

उद्घाटन का भाषण करना था तो मेरे मन में एक विचार आया। मैंने एक किस्सा सुना था। कठिनाई में फंसे एक व्यक्ति से पूछा गया कि धर्म के बारे में बोलोगे? उसने कहा–मैं धर्म का जानकार नहीं हूं, अधिकारी तो स्वामी जी हैं। धर्म को समझने के लिए पहले से बनी धारणाओं को कुछ समय के लिए अलग रखना पड़ता है। जैसे कोई व्यक्ति ज्ञान पाने के लिए गुरु के पास गया। गुरु ने चाय का कप लिया और उसमें चाय डालते रहे। कप भर गया, चाय बाहर गिरने लगी। व्यक्ति ने कहा–कप तो भर गया। गुरु ने कहा–तुम भी ऐसे ही भरे हुए हो। पहले खाली हो जाओ, फिर कुछ नया ग्रहण कर पाओगे। मैं यह नहीं कह रहा कि आप अपना मन खाली कर लें और फिर मैं बताऊंगा। अहंकार मेरा नहीं है। लेकिन धर्म को समझना है तो यह समझना होगा कि सृष्टि के अस्तित्व से धर्म है और सृष्टि के विलय तक रहेगा।

महाभारत में भगवद्गीता है। उसमें कर्तव्य का उपदेश है, कर्मयोग का उपदेश है। महाभारत के अंत में पांच श्लोक हैं, जिन्हें 'भारत सावित्री' कहा जाता है।

व्यास महर्षि कहते हैं कि जीवन में हम अनेक संबंध बनाते हैं–माता-पिता, पुत्र-पुत्री, मित्र और अन्य संबंध। ये संबंध बनते हैं और देह के समाप्त होने के साथ समाप्त हो जाते हैं। जीवन में आनंद के क्षण भी होते हैं और दुख के भी। लेकिन जो जानकार है, वह इनके चक्कर में नहीं फंसता। व्यास महर्षि कहते हैं कि जीवन में जिस भौतिक सुख की तुम अपेक्षा करते हो, अर्थ और काम की अपेक्षा करते हो, वह धर्म से प्राप्त होता है। इसलिए धर्म का सेवन करो। अपनी किसी इच्छा की पूर्ति के लिए, भय के कारण, लोभ के कारण या प्राण बचाने के लिए भी धर्म का त्याग मत करो। सुख-दुख आते-जाते हैं, धर्म नित्य रहता है।

- **धर्म क्या है?-** ऐसा क्यों लगता है कि धर्म बुढ़ों के लिए है? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि धर्म शब्द का अर्थ ही हमें पता नहीं है। हम धर्म को 'रिलीजन' कहने लगे हैं। रिलीजन धर्म नहीं है। धर्म का संबंध 'धारण' से है। जो धारण करता है, वही धर्म है। धर्म वह है जो विश्व को धारण करता है, उसे टूटने और बिखरने नहीं देता। पानी का धर्म बहना है, आग का धर्म जलाना है। इसी प्रकार प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक जीव का अपना स्वभाव और अपना धर्म है। धर्म केवल आचार या आस्तिकता नहीं है। धर्म वह है जिससे भौतिक जगत की प्रगति और आध्यात्मिक जगत की प्रगति दोनों संभव हों। मेरे लिए धर्म की एक सरल व्याख्या यह है कि संपूर्ण विश्व की धारणा और उन्नति के लिए सबको जोड़कर, सबको उन्नत करने वाला और सबको बिखरने से बचाने वाला जीवन-व्यवहार धर्म है। आप इसे तुरंत स्वीकार मत कीजिए। इस पर विचार कीजिए, चर्चा कीजिए।
- **युधिष्ठिर और धर्म-** हमारे इतिहास में युधिष्ठिर जीवन भर धर्म की खोज करते रहे। महाप्रस्थान के समय उनके भाई और पत्नी एक-एक करके गिरते गए, लेकिन एक कुत्ता उनके साथ चलता रहा। जब इंद्र उन्हें स्वर्ग ले जाने आए तो युधिष्ठिर ने कहा–यह मेरे साथ आया है, मैं इसे छोड़कर स्वर्ग नहीं जाऊंगा। यह मेरे साथ रहा है, इसका साथ छोड़ना मेरे धर्म में नहीं है। बाद में पता चलता है कि वह कुत्ता स्वयं धर्मराज की परीक्षा थी। धर्म की साधना केवल बातों से नहीं होती, धर्म का आचरण करना पड़ता है। 'आचारः प्रभवो धर्मः'–धर्म आचरण से प्रकट होता है।

### मनुष्य का धर्म

सृष्टि के प्रत्येक जीव और प्रत्येक वस्तु का अपना धर्म है। मनुष्य अपने को सर्वश्रेष्ठ प्राणी मानता है, क्योंकि उसके पास बुद्धि है। लेकिन शारीरिक रूप से मनुष्य सबसे कमजोर प्राणियों में है। अपने बुद्धि के बल पर मनुष्य सबका प्रमुख बन बैठा है। इसलिए धर्मरक्षण उसका कर्तव्य है और अपने त्याग से उसे धर्म की रक्षा करनी होगी। राजा शिवि की कथा इसका उदाहरण है। उनके दरबार में एक कबूतर आया। उसके पीछे बाज लगा हुआ था। कबूतर ने राजा से अपनी रक्षा की प्रार्थना की। बाज ने कहा कि कबूतर मेरा आहार है। प्रकृति ने मुझे इसे खाने का धर्म दिया है। राजा शिवि ने कहा कि तुम्हारी बात सही है, लेकिन यह मेरी शरण में आया है। इसकी रक्षा करना मेरा धर्म है। धर्म में केवल एक पक्ष का विचार नहीं होता। सभी के धर्म और कर्तव्य का संतुलन करना पड़ता है। मनुष्य का कर्तव्य यह नहीं है कि वह इतने प्राणियों और वनस्पतियों को नष्ट कर दे कि पृथ्वी पर कुछ बचे ही नहीं। ऐसा करना अधर्म है। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं और स्वार्थ के कारण अनेक जीव-जंतुओं और वनस्पतियों को नष्ट किया है। इसका परिणाम पर्यावरणीय असंतुलन के रूप में सामने आता है।

### ■ त्याग और परोपकार

भागवत ने कहा कि भौतिक जीवन में सुख-सुविधा और पारलौकिक जीवन में अमरता प्राप्त करनी है तो त्याग आवश्यक है। 'परहित सरिस धरम नहि भाई'। परोपकार से सृष्टि की धारणा होती है। अपने लिए जितना आवश्यक है उतना रखें, लेकिन जीवन ऐसा हो कि दूसरों को कष्ट न पहुंचे। 'पाप' दूसरों को पीड़ा देना है। अपनी आजीविका कुशलता से कमाएं, लेकिन किसी दूसरे की कमाई न लूटें और किसी को नुकसान न पहुंचाएं उन्होंने कहा कि जीवन में चित्त की शुद्धि भी आवश्यक है।

### ■ सत्य, करुणा, शुचिता और तप

मनुष्य के लिए धर्म के चार आधार बताए गए हैं–सत्य, करुणा, शुचिता और तप। सत्य यह है कि हम सब एक हैं। सृष्टि में अनेकता दिखाई देती है, लेकिन उसके मूल में एकता है। करुणा इसी एकता से उत्पन्न होती है। यदि सामने कोई भूखा व्यक्ति आपकी थाली की ओर देख रहा हो तो उसके सामने बैठकर सहज रूप से भोजन करना कठिन होता है। भीतर की संवेदना हमें रोकती है। सड़क पर कोई अनजान व्यक्ति गिर जाए तो हमारे मुंह से अनायास 'अरे!' निकल जाता है। कोई कुत्ता दुर्घटना में फंस जाए तो उसे देखकर भी मन में प्रतिक्रिया होती है। यही संवेदना है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर जैसे षड्रिपु तथा अहंकार मनुष्य को दूसरों से अलग करते हैं। चित्त की शुद्धता से संवेदना जागती है। इसलिए मनुष्य के लिए धर्म है–सत्य, करुणा, शुचिता और तप।

### ■ सफलता नहीं, सार्थकता जरूरी

जीवन में यशस्विता के साथ सार्थकता भी जरूरी है। हम जीतें और सबको जिताएं। हम जिएं और सबको जिलाएं। जब व्यक्ति इस दृष्टि से विचार करता है तो वह धर्म का विचार करता है। भारत की परंपरा यही रही है। स्वामी विवेकानंद भारत को धर्मप्राण देश कहते थे। भारत आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली बने, सामरिक दृष्टि से भी शक्तिशाली बने, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं है। ये आवश्यक पड़ाव हैं। हमारा गंतव्य है–बड़ा बनकर सारी दुनिया को सुखी बनाना। भारत की परंपरा में भौतिक समृद्धि के साथ मन, बुद्धि और आत्मा के विकास की भी कामना की गई है।

### ■ भारत की परंपरा और विश्व कल्याण

भारत ने दुनिया के संघर्षों में केवल अपने हित का विचार नहीं किया। अनेक अवसरों पर भारत ने दूसरों की सहायता की। विचारधारा या सत्ता में कौन है, इसके आधार पर सहायता करने का निर्णय नहीं किया गया। भागवत ने कहा कि भारत के संस्कारों में धर्म इतना गहरा है कि हम चाहे कुछ भी कहें, हमारा कर्तव्य हमें धर्म की ओर ले जाता है। इसलिए भारत के युवाओं को शक्तिशाली, विद्यावान और धनवान बनना चाहिए, लेकिन शक्ति का उपयोग दूसरों को दबाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और विश्व के कल्याण के लिए होना चाहिए। यदि धर्म बुद्धि है तो शक्ति का उपयोग ज्ञान और कल्याण के लिए होगा। यदि अधर्म बुद्धि है तो विद्या विवाद के लिए, धन अहंकार के लिए और शक्ति दुर्बलों को दबाने के लिए इस्तेमाल होगी। धर्म मनुष्य में शील पैदा करता है। भारत के युवाओं का जीवन भारत के जीवन को बनाने वाला धर्म बने। भारत के युवा भौतिक और आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में उन्नति करें। वे पूरे विश्व में यशस्वी बनें, लेकिन केवल यशस्वी नहीं–सार्थक भी बनें।

### ■ धर्म का व्यवहारिक रूप

धर्म केवल बड़े-बड़े सिद्धांतों की बात नहीं है। हम कुछ खाते हैं और वहां कचरा नहीं करते–यह भी धर्म है। हम यातायात के नियमों का पालन करते हैं–यह भी धर्म है। हमने अपनी प्रकृति और परंपरा के अनुसार जो उपासना चुनी है, उसमें निष्ठावान रहते हैं और दूसरों की उपासना का भी सम्मान करते हैं–यह भी धर्म है। जीवन में धर्म होगा तो सार्थकता और समाधान रहेगा। करोड़ों रुपये कमाकर भी व्यक्ति असंतुष्ट रह सकता है, लेकिन धर्मपूर्ण जीवन जीने वाला व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। भारत के युवाओं का जीवन ऐसा हो कि जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले। इसके लिए आप सभी आज के संवाद और आगामी सत्रों में गंभीरता से विचार करें।




विराट कोहली के 10 शतकों की बराबरी की; रोहित के फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड तोड़ा

# अभिषेक पावरप्ले में टी-20 के हाईएस्ट स्कोरर



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 127 रन से हरा दिया। दिल्ली में खेले गए मुकाबले में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने 108 रन बनाए। उन्होंने इस पारी के दौरान कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयों में विराट कोहली की बराबरी की। दोनों के नाम 10 शतक हैं। इसके अलावा उन्होंने 30 गेंद पर शतक लगाकर रोहित शर्मा के फास्टेस्ट सेंचुरी का भारतीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

### अभिषेक पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

- अभिषेक ने दिल्ली में पावरप्ले के 6 ओवर में 22 गेंदों पर नाबाद 76 रन बनाए। यह पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले में किसी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। पुर्तगाल के कुलदीप घोलिया 74 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।
- **अभिषेक ने सबसे तेज शतक का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा-** अभिषेक सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा के 2017 में 35 गेंद पर लगाए सेंचुरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- इसके साथ ही उन्होंने फुल मेंबर देशों में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। यह रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के फिन एलेन के नाम था। दोनों ने 33-33 गेंद में यह कारनामा किया था।
- **अभिषेक ने विराट कोहली के 10 शतकों की बराबरी की-** अभिषेक सभी टी-20 में कुल मिलाकर 10 शतक लगा चुके हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयों में विराट कोहली की बराबरी कर ली।
- **भारत के नाम सबसे ज्यादा 200+ स्कोर-** भारत ने टी-20 में 53वीं बार 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया। टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। साउथ अफ्रीका 31 बार यह कारनामा कर चुकी है।
- **भारत 10वीं बार 100+ रन से जीता-** भारत ने पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार 100 या उससे ज्यादा रन की जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने 10वीं बार 100 रन या उससे बड़ी जीत दर्ज की है। कनाडा ने भी इतनी बार ही यह कारनामा किया है।
- **भारत ने पहली बार पावरप्ले में 100 रन बनाए-** भारत ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 100 रन बनाए। भारत ने पहली बार यह कारनामा किया। इससे पहले टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 2025 में वानखेड़े स्टेडियम पर 1 विकेट पर 95 रन बनाए थे।
- **अभिषेक ने छठी बार 20 या कम गेंद पर फिफ्टी लगाई-** अभिषेक ने मुकाबले 16 गेंद पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में छठी बार 20 या उससे कम गेंद पर फिफ्टी लागई है। इस मामले में वे वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे आगे हैं। यह टी-20 में भारत के लिए पांचवी सबसे तेज फिफ्टी भी है।

### सहवाग के बेटे आर्यवीर का अंडर-19 डेब्यू

**नई दिल्ली।** भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को राजकोट में खेले गए पहले यूथ वनडे में 7 रन से हरा दिया। बारिश के कारण मुकाबला 20-20 ओवर का कर दिया गया था। शुक्रवार को वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अंडर-19 डेब्यू किया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 28 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 18 गेंद में 38 रन की पारी खेली।

### नैनो न्यूज

- **क्विम्सी सेमीफाइनल में पहुंचीं-** भारत की क्विम्सी डीसूजा ने तेकबॉल महिला एकल में कंबोडिया की खिलाड़ी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।
- **सॉफ्ट टेनिस टीम क्वार्टरफाइनल-** भारतीय पुरुष सॉफ्ट टेनिस टीम ने एशियन गेम्स में क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। टीम की पदक उम्मीदें अब बरकरार हैं।
- **मनु तजिंदर ध्वजवाहक बने-** मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर को एशियन गेम्स उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया।
- **भारत कोरिया से डेविस खेलेगा-** भारतीय टेनिस टीम डेविस कप क्वालिफायर के दूसरे दौर में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबला करेगी। लेएंडर पेस ने टीम का समर्थन किया।
- **भारत की क्रिकेट जीत शानदार रही-** भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे टी20 में 127 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की।
- **अभिषेक ने तेज शतक जड़ा-** अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा कर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया।
- **संजू ने दूसरा अर्धशतक लगाया-** अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में संजू सैमसन ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया और भारत की बड़ी जीत में योगदान दिया।

भारतीय विमेंस टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में

# जापान को 8 विकेट से हराया, शेफाली ने नाबाद 40 रन बनाए, चरणी को 4 विकेट

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय विमेंस टीम एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान को 8 विकेट से हराया। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा के नाबाद 40 रन की मदद से 58 रन का टारगेट 5 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की ओर से श्री चरणी ने 4 विकेट लिए।



शेफाली वर्मा ने 2, जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को 1-1 विकेट मिले। जापान की दो बल्लेबाज रन आउट हुईं। भारत 2023 एशियन गेम्स का डिफेंडिंग चैंपियन है। टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने हाल ही में 8वीं बार विमेंस एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया है।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**वधु चाहिए**
क्षत्रिय युवक 49, 6 फीट हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं, विधवा मान्य। शीघ्र विवाह।
संपर्क करें
9754109866

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### 7 स्कूलों के 200 से ज्यादा बच्चों ने दिखाया दमखम

**आलीराजपुर।** जिले के जोबट में शुक्रवार को जनजातीय कार्य विभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर 2026-27 के तहत ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं हुईं। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में सात स्कूलों के 200 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 14 और 17 साल के छात्र-छात्राओं के लिए खो-खो कराया गया। 14 साल की छात्राओं के लिए कबड्डी और 17 साल के छात्र-छात्राओं के लिए एथलेटिक्स स्पधाएँ हुईं। सुबह से खिलाड़ी और शिक्षक खेल मैदान में पहुंचने लगे थे। खो-खो और कबड्डी के मुकाबलों के साथ एथलेटिक्स में दौड़ समेत कई स्पर्धाएं कराई गईं।

### वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, साथी की हालत गंभीर

**धार।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तुर्क बगड़ी-मांडव लिंक रोड बायपास पर गुरुवार देर रात हादसा हो गया। गौतम स्कूल के सामने नए बायपास पर अज्ञात वाहन ने एक्सएल सुपर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। धरावरा निवासी लालसिंह पिता भेरूसिंह सिसोदिया और बालूसिंह पिता मांगीलाल सिसोदिया एक्सएल सुपर से धार से अपने गांव धरावरा लौट रहे थे। इसी दौरान गौतम स्कूल के सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला भोज अस्पताल, धार लाया गया।

### जमाई कॉलोनी की गली में नवजात शिशु का शव मिलने से मचा हड़कंप

**धार।** जिले के राजगढ़ नगर में आदर्श सड़क स्थित जमाई कॉलोनी की गली में नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। एमपीईबी कार्यालय के सामने एक दुकानदार ने शव पड़ा देखा और आसपास के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सरदारपुर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया। राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि नवजात के शरीर पर गर्भनाल लगी थी। इससे आशंका है कि बच्चे का जन्म कुछ घंटे पहले ही हुआ होगा।

### भोजशाला के खसरा नंबर 612 पर हुई जुम्मे की नमाज



#### सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का मुस्लिम समाज ने किया पालन

**धार।** धार भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद प्रशासन द्वारा मुस्लिम समाज के लिए तय की गई भोजशाला से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा की गई। लगातार आठवें शुक्रवार बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग निर्धारित स्थल पर नमाज के लिए पहुंचे। नमाज के दौरान पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई। शुक्रवार दोपहर नमाज के समय खसरा नंबर 612 की जमीन पर मुस्लिम समाज के लोगों की आवाजाही रही। निर्धारित स्थल पर पहुंचने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। मुस्लिम समाज के लोगों ने तय स्थान पर एक साथ जुम्मे की नमाज अदा की। नमाज के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जवानों की तैनाती की गई थी। नमाज समाप्त होने के बाद मुस्लिम समाज के लोग शांतिपूर्ण तरीके से निर्धारित स्थल से रवाना हो गए।

## नैनो न्यूज

- **इंफोसिस परिसर का विस्तार -** इंफोसिस ने इंदौर परिसर में नया 3.3 लाख वर्गफीट सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ब्लॉक शुरू किया, जिससे आईटी गतिविधियां बढ़ेंगी।
- **इंदौर आईटी निवेश को बढ़ावा-** इंफोसिस विस्तार से इंदौर में तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रतिभा भर्ती और डिजिटल सेवाओं से जुड़े कारोबार को गति मिलने की उम्मीद है।
- **मंडी में सेब की आवक बढ़ी-** इंदौर मंडी में सेब का जिला औसत भाव 7,250 रुपए क्विंटल दर्ज हुआ, जबकि अधिकतम भाव 11 हजार रुपए रहा।
- **केले के भाव में तेजी-** इंदौर मंडी में केले का औसत भाव 900 रुपए क्विंटल रहा। पिछले उपलब्ध आंकड़ों में आवक और कीमतों में बढ़त दर्ज हुई।
- **उड़द कारोबार में मजबूती दिखी-** इंदौर मंडी में साबुत उड़द का औसत भाव करीब 7,954 रुपए क्विंटल दर्ज हुआ, जिससे दलहन कारोबार में सक्रियता बनी रही।
- **चना भाव में हल्की बढ़त-** इंदौर एपीएमसी में चने का मॉडल भाव 7,665 रुपए क्विंटल दर्ज हुआ, जो सप्ताहभर पहले की तुलना में थोड़ा ऊंचा रहा।
- **लहसुन कारोबार में गिरावट आई-** इंदौर एपीएमसी में लहसुन का मॉडल भाव सप्ताहभर में करीब 60 प्रतिशत नीचे आया, जिससे मंडी कारोबारियों की चिंता बढ़ी।
- **शिमला मिर्च के भाव घटे-** इंदौर फल-सब्जी मंडी में शिमला मिर्च का मॉडल भाव सप्ताहभर में करीब 37.5 प्रतिशत घटकर लगभग 1 हजार रुपए क्विंटल रहा।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले अनुमति और आयोजन स्थल को लेकर विवाद सामने आ रहे

# 'छात्रों की गूंज' : पहले मैदान बदला, फिर शुल्क और अब 31 शर्तें लगाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम से पहले अनुमति और आयोजन स्थल को लेकर विवाद सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम पहले 12 सितंबर को नेहरू स्टेडियम में प्रस्तावित था, लेकिन इसकी अनुमति नहीं दी गई।

कांग्रेस ने तारीख बढ़ाकर 19 सितंबर की गई। इसके बाद कांग्रेस ने रीजनल पार्क के सामने आईडीए के मैदान को चुना। मैदान के शुल्क को लेकर भी अतिरिक्त भुगतान का मामला सामने आया। साथ ही आईडीए ने पांच शर्तें लगा दीं। अब पुलिस ने 31 सुरक्षा शर्तें रखी हैं। साथ ही पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या के समय की सुरक्षा चूक भी गिना दी।

पूर्व मंत्री और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल ने इन घटनाक्रमों को विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम की घोषणा के बाद से ही भाजपा की ओर से अलग-अलग तरह की बातें सामने आ रही हैं। देश के जिन शहरों में छात्रों की गूंज कार्यक्रम हुए, वहां किसी न किसी स्तर पर अड़चनें सामने आई हैं। वह इंदौर पुलिस की सभी शर्तों का पालन करेगी।

पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 21 मई 1991 को श्रीपेरंबदूर में हुई हत्या की जांच के लिए गठित वर्मा आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में आयोजकों की जिम्मेदारियां तय की हैं। कांग्रेस का दावा है कि कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह है। पार्टी ने अलग-अलग इलाकों में छात्रों से संवाद के साथ बारकोड के जरिए पंजीयन भी कराया है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक करीब एक लाख विद्यार्थी कार्यक्रम में पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षा, परीक्षाओं, पेपर लीक, भर्ती और रोजगार जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि एकेडमिक कैलेंडर लागू होना चाहिए, परीक्षाएं समय पर होनी चाहिए और शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने चाहिए। मध्यप्रदेश में व्यापमं, एमपीपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी छात्रों की समस्याओं




### पहले 10 लाख, फिर 4 लाख और लिए

कांग्रेस ने इंदौर में रीजनल पार्क के सामने आईडीए के मैदान चुना है। करीब 12 हजार वर्गमीटर के मैदान के अस्थायी उपयोग के लिए 10.08 लाख रुपए जमा किए। आईडीए की मंजूरी के बाद 17 सितंबर को करीब 4 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि जमा कराने को कहा गया। बताया गया कि निर्धारित तारीख से पहले डोम और अन्य तैयारियां शुरू करने के कारण यह राशि मांगी गई। कांग्रेस ने आपत्ति जताई, लेकिन कार्यक्रम तय समय पर कराने के लिए राशि जमा कर दी। छात्रों की गूंज अभियान की शुरूआत 17 जून को राजस्थान के कोटा से हुई थी। इसके बाद देहरादून, प्रयागराज और पुणे में कार्यक्रम हुए। इंदौर पांचवां शहर है, जहां कार्यक्रम आयोजित जाएगा।

### पहले 5 शर्तें लगाईं, दो दिन पहले बढ़ाकर 31 कीं

आईडीए ने मैदान के लिए पहले पांच शर्तें लगाई थीं। कांग्रेस ने इनको पूरा किया तो पुलिस ने गुरुवार को कांग्रेस शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे को कार्यक्रम की अनुमति के साथ 31 सुरक्षा शर्तों की सूची दे दी। इनमें भीड़ प्रबंधन, प्रवेश-निकास, तलाशी, सीसीटीवी, पार्किंग, चिकित्सा, आपातकालीन निकासी और मंच की सुरक्षा से जुड़े प्रावधान शामिल हैं।

इंदौर में यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित मर्चेंट फीस के विरोध में व्यापारियों ने चलाया अभियान

# दुकानों पर लगाए पोस्टर, बोले-भार आया तो महंगाई बढ़ेगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित मर्चेंट फीस के विरोध में पोस्टर अभियान शुरू कर दिया। एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन सहित पदाधिकारी अलग-अलग बाजारों में पहुंचे और दुकानों पर यूपीआई मर्चेंट फीस के विरोध वाले पोस्टर लगाए। एसोसिएशन ने अगले चार दिनों में सोशल मीडिया के जरिए 10 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। आम लोगों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने के लिए जल्द ही कॉल सेंटर भी शुरू किया जाएगा। वहीं 23 सितंबर को व्यापारी संगठन नो यूपीआई-डे मनाएंगे।

एसोसिएशन का कहना है कि डिजिटल भुगतान व्यापार और रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में यूपीआई पर अतिरिक्त लागत का असर केवल व्यापारियों तक सीमित नहीं रहेगा। अभियान के दौरान मर्चेंट फीस और उस पर लागू होने वाली 18% जीएसटी के संभावित अतिरिक्त भार को सरल उदाहरणों के जरिए लोगों को समझाया जाएगा। अध्यक्ष अक्षय जैन ने कहा कि यूपीआई पर 2 हजार रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन पर 0.4% एमडीआर लगाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने सरकार के साथ डिजिटल पेमेंट को अपनाया और अब यह व्यापार का जरूरी हिस्सा बन चुका है। सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि इसका असर आम लोगों पर नहीं होगा, लेकिन व्यापारियों को आशंका है कि अतिरिक्त भार अंततः ग्राहकों तक पहुंच सकता है। जैन ने पेट्रोल की कीमतों का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी वस्तु की लागत बढ़ने पर उसका असर दूसरी चीजों की कीमतों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि छोटे मुनाफे पर कारोबार करने वाले व्यापारियों पर अतिरिक्त कर या शुल्क का भार नहीं डाला जाना चाहिए।



### नगद कारोबार की ओर लौटने की बात

जैन ने कहा कि व्यापारियों से चर्चा में अब नगद लेनदेन की ओर लौटने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त भार पड़ता है तो कम मार्जिन वाले कारोबार में व्यापारियों को नगद लेनदेन का विकल्प अपनाना पड़ सकता है। व्यापारी पवन पंवार ने कहा कि मर्चेंट फीस का सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा। व्यापारियों पर आने वाला अतिरिक्त खर्च अंततः सामान की कीमत में जुड़ सकता है, जिसका असर ग्राहकों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी चाहते हैं कि प्रस्तावित भार वापस लिया जाए। अक्षय जैन ने बताया कि शुक्रवार शाम अहिल्या चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक होगी। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ यूपीआई मर्चेंट फीस के मुद्दे पर भी व्यापारियों की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# स्नेहा नागर को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का अवसर

## विशेष एआई चिप भेंट करने के लिए चयन, नागर समाज में खुशी का माहौल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



नागर समाज के लिए गौरव और खुशी का अवसर सामने आया है। खजराना निवासी होनहार बेटी स्नेहा नागर का चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और उन्हें विशेष एआई चिप भेंट करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर होने वाली इस मुलाकात को लेकर समाजजनों में उत्साह है।

स्नेहा के पिता मुकेश नागर भी इस उपलब्धि से गौरवान्वित हैं। बताया गया कि छोटे से गांव से निकलकर स्नेहा ने अपनी मेहनत, लगन और तकनीकी क्षेत्र में रुचि के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री के समक्ष एआई चिप भेंट करने के लिए उनका चयन होना परिवार के साथ-साथ नागर समाज के लिए भी विशेष उपलब्धि माना जा रहा है। स्नेहा के चयन की जानकारी सामने आने के बाद समाजजनों और परिचितों ने उन्हें तथा उनके पिता मुकेश नागर को बधाई दी।

**समाज में खुशी और उत्साह-** स्नेहा नागर की इस उपलब्धि पर नागर समाज की ओर से उन्हें और उनके पिता को शुभकामनाएं दी गईं। समाजजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण बताया।

# बदमाश ने डेबिट कार्ड हैक कर दो मोबाइल खरीदे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कनाड़िया क्षेत्र में निजी फर्म में काम करने वाले रंजीत कुमार भंडारी के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर अज्ञात व्यक्ति ने आईफोन समेत दो मोबाइल खरीद लिए। दोनों मोबाइल की कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए है। रंजीत को ठगी की जानकारी तब लगी, जब बैंक से किश्तें जमा नहीं होने का कॉल आया। कनाड़िया पुलिस ने रंजीत की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रंजीत ने बताया कि 27 तारीख को एचडीएफसी बैंक से कॉल आया। बैंक ने बताया कि उनके डेबिट कार्ड से आईफोन 16 और एक अन्य कंपनी का फोन खरीदा गया है और दोनों की ईएमआई जमा नहीं हुई है। बैंक से कॉल आने के बाद रंजीत एचडीएफसी बैंक पहुंचे और जानकारी ली। वहां पता चला कि जनवरी 2026 में अज्ञात व्यक्ति ने उनका डेबिट कार्ड हैक कर दो मोबाइल खरीदे थे। दोनों मोबाइल की खरीदारी ऑनलाइन वेबसाइट फ्लिपकार्ट से की गई थी। रंजीत ने मामले की शिकायत साइबर पुलिस से की। पुलिस ने दोनों मोबाइल की ऑनलाइन जानकारी निकाली। इसमें पता चला कि एक मोबाइल दिल्ली में राहुल नाम का व्यक्ति चला रहा है, जबकि दूसरा पुणे में उज्ज्वल नाम के युवक के पास है।

# कार ने मां-बेटी को मारी टक्कर

## 60 फीट रोड का सीसीटीवी सामने आया, दोनों घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने मां-बेटी को टक्कर मार दी। हादसा 60 फीट रोड पर हुआ। आसपास के रहवासियों और राहगीरों ने दोनों को निजी अस्पताल पहुंचाया। एरोड्रम इलाके के 60 फीट रोड पर हुए हादसे का शुक्रवार को सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें तेज रफ्तार कार मां-बेटी को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के रहवासी और राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल महिला और बच्ची को संभाला और इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कान्यकुब्ज नगर निवासी श्वेता के शरीर और सिर में चोटें आई हैं। निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उनके घावों पर टांके लगाए। बच्ची को भी मामूली चोटें आई। इधर, मामले में एरोड्रम पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी होने से इनकार किया है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी के आधार पर वाहन के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# अनाज मंडी में मुनाफे का झांसा देकर 1.43 करोड़ ठगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने व्यापार में निवेश के नाम पर 1 करोड़ 43 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो सगे भाइयों गौरव जैन और आकाश जैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गौरव पर पहले से 8 और आकाश पर 2 आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, बिचौली रोड स्थित अरावली परिसर निवासी कवलदीप सिंह रीन ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि गौरव और आकाश ने उन्हें अनाज मंडी के कारोबार में पैसा लगाने और मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया था। झांसे में आकर कवलदीप ने अलग-अलग समय पर बैंक खातों के माध्यम से कुल 1.43 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब कवलदीप ने अपनी मूल रकम और मुनाफे का पैसा वापस मांगा, तो आरोपियों ने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने इंदौर क्राइम ब्रांच में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच के बाद केस दर्ज किया और शुक्रवार को दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया।

गणेश विसर्जन में दिखेगा तकनीक और परंपरा का संगम

# हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की नई तकनीक से ससम्मान करेंगे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में गणेशोत्सव के बाद प्रतिमाओं के सम्मानपूर्वक और पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन के लिए इंदौर नगर निगम ने कमर कस ली है। इस वर्ष धार रोड स्थित जवाहर टेकरी गिट्टी खदान में जमा बारिश के पानी में 25 और 26 सितंबर को पूर्ण विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। निगम द्वारा तैयार की गई विशेष 'हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म तकनीक' के जरिए प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा।

शुक्रवार को प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जवाहर टेकरी स्थल का मौका मुआयना किया और सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए 100 से ज्यादा श्री गणेश प्रतिमा एकत्रीकरण केंद्रों से एकत्रित की जा रही श्री गणेश प्रतिमाओं का धार रोड जवाहर टेकरी स्थित गिट्टी खदान में बारिश के दौरान जमा बारिश के पानी में विधि-विधान और पूरे सम्मान के साथ विसर्जन किया जाएगा। 25 सितंबर से प्रतिमाओं के पूजन-अर्चन के बाद विसर्जन प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो 26 सितंबर तक जारी रहेगी।

प्रभारी महापौर और निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के विभिन्न स्थानों से एकत्रित श्री गणेश प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर पूर्ण सम्मान के साथ विसर्जन किया जाए। विसर्जन स्थल पर आवश्यक सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को भी कहा है।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com